# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 19 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 19, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा

विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। } 14

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की निर्णायक मारक क्षमता से बल मिला। } 16



# बंगाल से खत्म होगा जंगलराज

### एक-एक घुसपैठियों को करेंगे बाहर, टीमएमसी सरकार पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

सिंगूर (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करके राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास और सुशासन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पश्चिम बंगाल में पार्टी के महाजंगल राज को समाप्त करना जरूरी है। हुगली जिले के सिंगूर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सीमा पर बाड़ लगाने सहित महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों पर केंद्र के साथ सहयोग करने में विफल रही है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। वे घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वे उन्हें अपना वोट बैंक मानते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में फर्जी दस्तावेजों के जरिये रह रहे अवैध प्रवासियों की पहचान करके उन्हें उनके



देशों में वापस भेजना होगा। मोदी ने आरोप लगाया, पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग करते हुए तृणमूल सरकार को पत्र लिख रही है, लेकिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वास्थ्य क्षेत्र में यूपी सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार : योगी

### प्रदेश में आज 81 मेडिकल कालेज, दो एम्स और 100 से अधिक जिला अस्पताल हैं

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है।

चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश, नवाचार और वैश्विक सहयोग के लिए यहां आयोजित तीन दिवसीय यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव की शुरुआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारे लिए यह सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और उसके साथ ही अगल-बगल के राज्य तथा पड़ोसी देश नेपाल की भी स्वास्थ्य सुविधाओं




का भार इस प्रदेश पर पड़ता है। उन्होंने 2014 में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने और 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का दावा करते हुए कहा कि इस राज्य ने भारत सरकार के साथ मिलकर पिछले आठ-नौ वर्षों के अंदर स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन करने में व्यापक सफलता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम ने भेजी पीएम आवास योजना की पहली किस्त

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के 2 लाख 9 हजार 421 स्वीकृत लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि अंतरित की। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने इसे गरीब, मध्यम वर्ग और शहरी जरूरतमंदों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकाय में नोडल अधिकारी तैनात कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी लाभार्थी के साथ किसी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो, निर्माण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### खाली घर में नमाज पढ़ते 12 गिरफ्तार

बरेली (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के बिशारतगंज थानाक्षेत्र के मोहम्मद गंज गांव में खाली पड़े एक मकान में बिना प्रशासनिक अनुमति के नमाज अदा करने के आरोप में पुलिस ने 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार खाली मकान में कथित तौर पर सामूहिक नमाज पढ़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा ने बताया कि खाली पड़े मकान को अस्थायी रूप से मदरसे की तरह इस्तेमाल करके कई हफ्तों से सामूहिक जुमा की नमाज अदा किए जाने की जानकारी शनिवार को सामने आयी थी और सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एहतियातन कार्वाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से 12 लोगों का शनिवार को शांति भंग की धाराओं में चालान किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को शनिवार को ही मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। उन्होंने बताया कि वहीं, पुलिस फरार तीन आरोपियों की तलाश में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

ढाका। बांग्लादेश के गाजीपुर में केले को लेकर हुए विवाद के बाद एक हिंदू व्यवसायी को तीन लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी है। खबरों के मुताबिक आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि गाजीपुर जिले के कालीगंज इलाके में शनिवार को हुई घटना का संबंध बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हाल ही में हुई हिंसा की घटनाओं से है या नहीं। पीड़ित की पहचान लिटन चंद्र घोष (55) के तौर पर हुई है जो बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। कालीगंज पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी जाकिर हुसैन के अनुसार, एक परिवार के तीन सदस्यों स्वपन मियां (55), उसकी पत्नी माजेदा खातून (45) और उनके बेटे ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 11.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से स्टार्टअप्स को मिली वैश्विक पहचान (पृष्ठ-02)
- देशभर के पीठासीन अधिकारी विधायी प्रक्रियाओं पर करेंगे मंथन (पृष्ठ-02)
- एफपीआई की बिकवाली का सिलसिला जारी (पृष्ठ-14)
- कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 75855 करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-16)
- वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ-16)


# मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### 4.52 करोड़ लोगों ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में लगायी डुबकी, साधु-संतों और श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से बरसाये गये फूल

जिला संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर आस्था कासैलाब उमड़ पड़ा। शाम छह बजे तक 4.52 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और साधु-संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान करने के लिए लोगों का गंगा और संगम क्षेत्र में आना जारी है। इस दौरान, सुबह स्नान के दौरान संगम नोज पर उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भारी संख्या में समर्थकों के साथ संगम में जाने से पुलिस ने रोक दिया। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बिना किसी अनुमति के 200-250 समर्थकों के साथ पुल नंबर दो





का बैरियर तोड़कर स्नान घाट की तरफ प्रवेश किया। उन्हें बताया गया था कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है, इसके बावजूद वह नहीं माने और रोकने पर वह स्नान किये बगैर वापस चले गये। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सभी साधु-संतों का सम्मान करता है, लेकिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। इससे पूर्व, मकर संक्रांति के अवसर पर 1.03 करोड़ जबकि एकादशी पर लगभग 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को सही रास्ता दिखाने के लिए मेला प्रशासन ने खंभों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए हैं और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में लगाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय बनाए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। अग्रवाल ने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक लोगों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बनाई गई है जहां ध्यान और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एसपी माघ मेला क्षेत्र ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## गायत्री परिवार के आयोजन में सीएम हुए शामिल

### शताब्दी ध्वज वंदन समारोह ने हरिद्वार को दी सांस्कृतिक संकल्प की नयी पहचान : धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार। साधना, सेवा और संस्कार की त्रिवेणी से अनुप्राणित शताब्दी ध्वज वंदन समारोह ने हरिद्वार को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक संकल्प की नई पहचान दी। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सहभागिता की।

यह समारोह गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी एवं अखण्ड दीपक के शताब्दी वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित किया गया है, जो 23 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में श्रद्धा,



साधना और राष्ट्रचेतना का अनुपम संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक परंपरा को स्मरण करते हुए कहा कि गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और आदि कैलाश जैसे पवित्र तीर्थ भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्य परिवेश में आयोजित शताब्दी समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार और साधना परंपरा के पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम बन रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह शताब्दी समारोह वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तपस्वी जीवन, निःस्वार्थ सेवा और अखंड साधना के प्रति राष्ट्र की सामूहिक श्रद्धा का भावपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माताजी का संपूर्ण जीवन त्याग, साधना और मानव कल्याण की प्रेरक मिसाल रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गायत्री परिवार किसी एक संस्था की परिधि तक सीमित नहीं, बल्कि वह युग परिवर्तन की वह चेतना है, जो व्यक्ति निर्माण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इंडिगो की हुई आपात लैडिंग

लखनऊ। दिल्ली से बागडोगरा जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में बम होने की सूचना मिलने के बाद विमान को रविवार सुबह लखनऊहवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सुबह लगभग 8.46 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6650 में बम होने की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही और निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, विमान का मार्ग परिवर्तित किया गया और उसे सुबह 9.17 बजे आपात स्थिति में लखनऊहवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। लखनऊपुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, विमान के हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत ...शेष पृष्ठ 14 पर


## विश्वगुरु बना रहेगा भारत : भागवत

### पूर्वजों से हमें मिली है समृद्ध आध्यात्मिक विरासत

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के दूसरे हिस्सों में नहीं पाया जाता।

भागवत ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि धर्म ही पूरे ब्रह्मांड को चलाता है और सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों से एक समृद्ध आध्यात्मिक धरोहर विरासत में मिली है और साधु-संतों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने कहा, जब तक ऐसा धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, तब तक भारत विश्वगुरु बना रहेगा। दुनिया



के पास इस तरह का ज्ञान नहीं है क्योंकि उसमें आध्यात्मिकता की कमी है। यह हमारे पूर्वजों की विरासत है, जो हमें मिली है। भागवत ने कहा, चाहे वह नरेन्द्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को एक ही शक्ति चला रही है। यदि वाहन उस शक्ति से चले, तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह चालक धर्म है। उन्होंने कहा, धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि की उत्पत्ति हुई, तो वह नियम जो उसकी कार्यप्रणाली को नियंत्रित करते थे, वही धर्म बने। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। भागवत ने कहा कि धर्म केवल धार्मिकता तक सीमित नहीं है और प्रकृति में हर किसी का अपना नैतिक कर्तव्य व अनुशासन होता है। उन्होंने कहा कि राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई भी मानव या कोई भी सृष्टि धर्म रहित नहीं हो सकती। भागवत ने कहा, पानी का धर्म है बहना, आग का धर्म है जलाना। पुत्र का कर्तव्य है, शासक का कर्तव्य है और आचार-व्यवहार के नियम होते हैं। हमारे पूर्वजों ने इन नियमों को आध्यात्मिक शोध और महान प्रयासों के माध्यम से समझा।

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने लोगों की सहूलियत के लिए राजधानी लखनऊ में जगह–जगह जलवाये अलाव

# जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प: विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने रविवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे सर्दी में घर से निकले लोगों को बड़ी रात मिली। ट्रेन-बस पकड़ने वाले मुसाफिरों और सवारियों काइंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापे।

रविवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते दिखे। अस्पताल आए







मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की और इस मानवीय पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। गौरतलब है कि सर्दी में रात काटना गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ता है। अलाव से उन्हें जाड़े से बचने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर समाज के अन्य लोगों को भी ऐसा करने केलिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# घर बनाने के साथ शिक्षा पर भी दें ध्यान

## मुख्यमंत्री से लाभार्थियों ने किया संवाद, सरकार का जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के दो लाख से ज्यादा लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि अंतरित किए जाने के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लाभार्थियों से सीधा संवाद भी किया। प्रदेश के मुखिया से सीधा संवाद करने पर इन लाभार्थियों ने प्रसन्नता के साथ सीएम का आभार भी जताया।

वाराणसी की माधुरी देवी ने बताया कि कच्चे मकान से पक्के घर की ओर बढ़ते कदम से उनका परिवार बेहद खुश है। मुख्यमंत्री ने उनसे पहली किस्त की राशि का सदुपयोग करने और प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र लिखने का आग्रह किया। अयोध्या की रमावती देवी ने भी वर्षों पुरानी पक्के घर की इच्छा पूरी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

अलीगढ़ की पूनम चौधरी ने कहा कि सरकार ने उनका वर्षों का सपना साकार कर दिया है। लखीमपुर खीरी के थारू समुदाय से हीरालाल ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी दी और समुदाय की ओर से धन्यवाद पत्र लिखने की बात कही।

गोरखपुर व चित्रकूट की महिला लाभार्थियों ने भी आवास मिलने को जीवन का बड़ा बदलाव बताते हुए खुशी साझा की। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि आवास की राशि का उपयोग केवल घर निर्माण में करें, साथ ही बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें और योजनाओं का पूरा लाभ लें। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और आत्मीयता ने पूरे कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरक बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इनमें लखनऊ की आशा देवी, स्नेह तिवारी, मीरा व हसीबुन, उन्नाव की पिंकी राठौर, सीतापुर की माया देवी, रायबरेली की गीता पाल, हरदोई की राम बेटी तथा लखीमपुर खीरी की राम सहेली शामिल रहीं। सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री की आत्मीयता के लिए उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान अयोध्या व सोनभद्र का उदाहरण साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रही हैं।

### हर बेघर को पक्की छत मिलने तक जारी रहेगा अभियान : मनोहर लाल

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने इसे गरीब व मध्यम वर्ग के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। श्री खट्टर ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने आवास, नल, शौचालय, गैस, बीमा जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के साथ एक नई पहचान बनाई है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि जब तक हर बेघर परिवार को पक्की छत नहीं मिल जाती, सरकार का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को एक नई पहचान दी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से लाखों लोगों का घर का सपना साकार हुआ है। आवास योजना की बड़ी उपलब्धि यह रही कि अधिकतर मकान महिलाओं के नाम या संयुक्त स्वामित्व में दिए गए, जिससे महिलाओं को सशक्त व स्वतंत्र पहचान मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत से विकसित भारत' की यात्रा में नगरीय निकायों की भूमिका सबसे अहम है।

■ **इन जिलों को मिला पीएम आवास योजना का सबसे ज्यादा लाभ :** गाजियाबाद के 8,937, बदायूं के 4,521, बिजनौर के 5,581, बरेली के 8,693, अलीगढ़ के 5,382, आगरा के 3,828, फरुर्खाबाद के 3,236, बुलंदशहर के 3,567, देवरिया के 4,142, अयोध्या के 4,697, गोरखपुर के 7,142, कुशीनगर के 6,231, लखीमपुर खीरी के 5,100, लखनऊ के 8,568, महाराजगंज के 4,053, मथुरा के 4,366, मऊ के 3,494, मिजार्पुर के 2,027, मुरादाबाद के 3,827, प्रतापगढ़ के 7,214, प्रयागराज के 5,023, उन्नाव के 3,140 तथा वाराणसी के 3,294 लाभार्थियों के खातों में आज पहली किस्त की धनराशि अंतरित की गई है।

# उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए गोल्डन टाइमः सीएम

## औद्योगिक इकाइयों की आवश्यक्ताओं के अनुरूप तैयार करें ट्रेंड मैनपॉवर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत इंडिया चिप प्रा. लि., एसेंट सर्किट प्रा. लि., अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को औद्योगिक इकाई व बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए रविवार को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया। निवेशकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। सरकार व प्राधिकरण की ओर से हरसंभव सहयोग प्राप्त हो रहा है। अन्य प्रदेशों की अपेक्षा यूपी में सबसे तेज गति से विकास कार्यों को बढ़ाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए धन्यवाद देते हुए उद्यमियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि विगत साढ़े 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के माध्यम से अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन किया है। आज उत्तर प्रदेश संभावनाओं से आगे बढ़कर परिणामों का प्रतीक बन चुका है। यह समय उत्तर प्रदेश में निवेश का गोल्डन टाइम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग प्रथम, निवेश प्रथम दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए स्थिर, सुरक्षित व विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 45 लाख करोड़ रुपये में से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। जल्द ही पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव जमीन पर उतारे जाएंगे।

मजबूत सुरक्षा व कानून व्यवस्था के कारण यूपी में निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतरीन कनेक्टिविटी है। यहां देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क स्थापित है। सिक्सलेन, फोरलेन की इंटर स्टेट कनेक्टिविटी विकसित की गई है। हर जनपद मुख्यालय को फोरलेन से जोड़ा गया है। उत्तर प्रदेश शीघ्र ही जेवर में अपना पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा प्रारंभ करने जा रहा है। यह यात्री परिवहन के साथ ही कार्गो परिवहन के संचालन का भी बड़ा केंद्र होगा। प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। निवेशकों की सहायता के लिए 118 उद्यमी मित्र कार्य कर रहे हैं। इंसेंटिव वितरण की कार्रवाई भी समयबद्ध ढंग से बढ़ रही है। विगत वर्षों में तेज निर्णय, सुशासन और पारदर्शी कार्यप्रणाली से यीडा निवेश के बेहतरीन सर्किट के रूप में विकसित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण/उत्पादन में निजी क्षेत्रों की ओर से कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसमें एचसीएल फॉक्सकॉन-इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एसेंट सर्किट प्राइवेट लिमिटेड जैसे निजी क्षेत्रों द्वारा निवेश कार्य को बढ़ाया गया है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्रदेश में आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की संभावनाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं। इसमें अंबर इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा निवेश महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि देश में बनने वाले कुल मोबाइल का 55 प्रतिशत उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में हो रहा है। कहा कि हमें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें ट्रेंड मैनपॉवर उपलब्ध कराना होगा। इस दिशा में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण सक्रिय ढंग से कार्य को आगे बढ़ाए।

# हरदोई, सुलतानपुर, कानपुर व रामपुर हरा चारा उत्पादन वाले शीर्ष 4 जनपदों में शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में गोचर एवं चारागाह भूमि पर हरा चारा उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में उपलब्ध कुल 61118.815 हेक्टेयर गोचर एवं चारागाह भूमि है। जिसमें 7140.37 हेक्टर चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त करके हरा चारा उत्पादन किया जा रहा है। यह प्रयास न केवल पशुओं के पोषण स्तर को बेहतर बना रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालकों को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

आने वाले दो वर्षों में 35000 हेक्टेयर कब्जामुक्त एवं सिंचित चारागाह भूमि पर हरा चारा उत्पादन कराया जाएगा। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में 1691.78 हेक्टेयर क्षेत्र में हाइब्रिड नेपियर चारा और 5448.59 हेक्टेयर में अन्य हरे

### ● गोवंश को मिल रहा पौष्टिक आहार, गोचर भूमि पर तेजी से बढ़ रहा हरा चारा उत्पादन

चारे (जई, बरसीम आदि) की बुआई की जा चुकी है। इससे गोवंश को सालभर पौष्टिक और संतुलित आहार उपलब्ध हो सकेगा। प्रदेश के हरदोई, सुल्तानपुर, कानपुर नगर और रामपुर जनपदों में हरा चारा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं टैग्ड गोचर भूमि पर शत-प्रतिशत हरा चारा उत्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। गोचर एवं चारागाह भूमि का समतलीकरण, सुरक्षाबाड़ा एवं खाई निर्माण जैसे कार्य मनरेगा कन्वर्जेन्स के माध्यम से कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है और पशुओं के लिए सुरक्षित चारागाह भी विकसित हो रहे हैं। सरकार ने शीतलहर से बचाव के लिए बोरा-चट्ट ओढ़ाने, तिरपाल लगाने और गो-आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पशु स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से स्टार्टअप्स को मिली वैश्विक पहचान

## ब्लॉकचेन, एआई, 5जी/6जी, हेल्थटेक, ड्रोन, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस

**लखनऊ।** प्रदेश में 'स्टार्ट इन यूपी' नीति के तहत प्रदेश में 7 अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित होंगे। इनके लिए करीब 27.18 करोड़ रुपये अभी तक मिल चुके हैं। इन केंद्रों की मदद से प्रदेश में नवाचार, अनुसंधान, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन को नई गति मिल रही है। इन सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सैकड़ों स्टार्टअप्स को इनक्यूबेशन, हजारों युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, नए रोजगार अवसर और स्वदेशी तकनीक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 5जी/6जी टेलीकॉम, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। ये सेंटर न केवल स्टार्टअप्स को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उन्हें ग्लोबल स्टैंडर्ड पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। गौतम बुद्ध नगर, लखनऊ, कानपुर नगर, सहारनपुर और गाजियाबाद में स्थापित इन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईएम लखनऊ, एसटीपीआई लखनऊ और एकेजीईसी गाजियाबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग प्राप्त है। इससे स्टार्टअप्स को विश्वस्तरीय लैब्स, सुपरकंप्यूटिंग, एआई/एमएल (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग) प्लेटफॉर्म, टेस्टिंग फैसिलिटी, मेंटरशिप और इंडस्ट्री कनेक्ट मिल रहा है। स्थापना की तिथि से 5 वर्षों की अवधि में अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक की ग्रांट-इन-एड (पूंजीगत एवं संचालन व्यय सहित) प्रदान किए जाने का प्रावधान है। गौतम बुद्ध नगर में स्थापित ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आईआईएम लखनऊ ईआईसी द्वारा माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह केंद्र 10,000 वर्ग फुट के अत्याधुनिक परिसर में अगले पांच वर्षों में 100 स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट करेगा। यहां स्टार्टअप्स को उच्च तकनीकी सुविधाओं के साथ 75 लाख रुपये तक की सीड फंडिंग, विशेषज्ञ मेंटरशिप और एंजेल व वेंचर कैपिटल नेटवर्क से जोड़ने की व्यवस्था की गई है। लखनऊ में स्थापित मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स (मेडटेक) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एसटीपीआई लखनऊ, एसजीपीजीआई, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग (उत्तर प्रदेश सरकार), एआईएमईडी, एएमटीजेड और केआईएचटी के सहयोग से विकसित किया गया है। कानपुर नगर में आईआईटी कानपुर द्वारा संचालित 5जी/6जी टेलीकॉम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अगली पीढ़ी की दूरसंचार तकनीकों पर अनुसंधान और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा दे रहा है। सहारनपुर में आईआईटी रुड़की द्वारा संचालित 5जी/6जी यूबिक्विटस वायरलेस कम्युनिकेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 6जी विजन के अनुरूप कार्य कर रहा है। वहीं, गाजियाबाद में एकेजीईसी की ओर से स्थापित एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अत्याधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों के माध्यम से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहा है। कानपुर नगर में डीजीसीए अनुमोदित फ्लाइट टेस्टिंग जोन और उन्नत लैब्स के माध्यम से केंद्र प्रदेश को ड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में अग्रसर है।

### ● यूपी को राष्ट्रीय स्टार्टअप लीडर बनाने की दिशा में निर्णायक कदम

# हर पात्र नागरिक बने मतदाता : शैलेन्द्र मौर्य

**लखनऊ।** भाजपा पदाधिकारियों ने रविवार को फैजुल्लागंज प्रथम एवं चतुर्थ वार्ड में घर-घर जनसंपर्क कर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा आवश्यक सुधार के लिए फार्म 6 भरने हेतु जागरूक किया। कार्यकताओं ने नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए समयबद्ध रूप से आवेदन भरने के लिए प्रेरित किया। भाजपा उत्तर-4 के मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों का नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे शीघ्र फार्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वाएं ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी मतदाता सूची के निर्माण में सभी के सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान महानगर प्रतिनिधि नम्रता सिंह श्रीनेत, मण्डल महामंत्री विनोद अवस्थी, मंत्री गीतेश मिश्रा राहुल, राम दुलारी गुप्ता तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनीत तिवारी मौजूद रहे।



# देशभर के पीठासीन अधिकारी विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं पर करेंगे मंथन

**लखनऊ।** देशभर के पीठासीन अधिकारी और विधान परिषद के सचिव लखनऊ में तीन दिनों तक विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, सदन संचालन, सुशासन और समसामयिक विधायी विषयों पर चर्चा विमर्श करेंगे। यूपी विधानसभा में सोमवार से 21 जनवरी तक 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन और विधानसभा व विधान परिषदों के सचिवों का 62वां सम्मेलन होगा। सम्मेलन को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपसभापति राज्यसभा हरिवंश नारायण सिंह, सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह और यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना उपस्थित रहेंगे। विधान भवन में सोमवार को सम्मेलन का उद्घाटन होगा। पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ होगा और प्रदर्शनी का उद्घाटन, समूह चित्र व विभिन्न समितियों की बैठकें आयोजित होंगी। दूसरे दिन 20 जनवरी को पूर्ण सत्र के दौरान एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी प्रस्तावित है। समापन सत्र 21 जनवरी को होगा।

# ग्रामीण आजीविका को मिल रहा ठोस आधार

**लखनऊ।** प्रदेश में अप्रैल 2022 में प्रारंभ हुए मिशन अमृत सरोवर के तहत उत्तर प्रदेश में तेजी से अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है। प्रदेश मे अब तक 19,111 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 25,000 से अधिक स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग की ओर से गांवों में अभूतपूर्व अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उप मुख्यमंत्री ने परंपरा और विज्ञान के समन्वय के साथ उत्तर प्रदेश के गांवों में उपेक्षा, अतिक्रमण और अव्यवस्था के शिकार रहे तालाबों के पुनरुद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना में निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के लिए समय-समय पर निर्देशित किया जाता रहा है, ताकि जल संकट, गिरते भू-जल स्तर और अनिश्चित मानसून जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। अमृत सरोवर का निर्माण न्यूनतम एक एकड़ क्षेत्रफल में किया जाता है, जिनमें लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर जल धारण की क्षमता हो। पुराने तालाबों और प्राकृतिक जलभराव क्षेत्रों को पुनर्जीवित कर वैज्ञानिक ढलान, सुदृढ़ तटबंध और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के माध्यम से सरोवर का विकास किया जा रहा है। सरोवरो के चारों ओर औषधीय, फलदार, छायादार वृक्षों जैसे नीम, पीपल, बरगद और अर्जुन जैसे स्थानीय वृक्षों की हरित पट्टी विकसित की जा रही है। इससे पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होने के साथ-साथ मिट्टी के कटाव पर भी प्रभावी नियंत्रण व मृदा सरंक्षण हो रहा है। अमृत सरोवर का प्रभाव गांवों के दैनिक जीवन में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। भू-जल स्तर में सुधार से हो रहा है। सिंचाई सुविधा बेहतर होने से कृषि उत्पादन में स्थिरता आई है, वहीं पशुपालन और मछली पालन से ग्रामीण परिवारों की आय में भी वृद्धि हो रही है।

# साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में माघमेला क्षेत्र में पिछले साल की तरह ही इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। यह घोर निन्दनीय है। सदियों से चली आ रही शाही-स्नान की अखंड सनातनी परंपरा में गत वर्ष भी इसी सरकार द्वारा विघ्न डाला गया था। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रश्न ये है कि ऐसी घटनाएं भाजपा की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। मौनी अमावस्या का शाही-स्नान क्या पहली बार हो रहा है। इस अवस्था के लिए भाजपा का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है। उन्होंने कहा कि मुख्य को हर जगह मुख्य बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अहंकारी भाजपाई शासन और प्रशासन अपने से बड़ा किसी को नहीं मानता है। अब क्या इसका दोष भी एआई पर मढ़ेंगे ? यदि उत्तर प्रदेश के गृह सचिव मनमानी कर रहे हैं तो भी गलत है और अगर किसी के निर्देश पर कर रहे हैं तो और भी गलत है। पूरे मामले की जाँच हो। भाजपा सरकार लापरवाह और संवेदनहीन है। भाजपा सरकार हर वर्ग को अपमानित करना अपना अधिकार मानती है।



## सपा ने मणिकर्णिका घाट पर तोड़ फोड को लेकर उठाया सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने काशी में कॉरिडोर के नाम पर मणिकर्णिका घाट पर तोड़ फोड़ पर कहा कि मुख्य कह रहे हैं कुछ नहीं हुआ। दूसरी तरफ अपर बिन आँख मिलाए, गोलमोल-टालमटोल अंदाज में कह रहे हैं कुछ था। झूठ के संग यही सबसे बड़ी समस्या होती है कि उसके दो रूप हो सकते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई शासन-प्रशासन पहले मिल बैठकर तय कर ले कि सच को छुपाने के लिए झूठा बयान क्या देना है, नहीं तो दो-बयानी से झूठ की कलई खुल जाती है और जनता के बीच उनकी खिल्ली उड़ती है साथ ही शासन-प्रशासन को नजर चुरा कर बात करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि भाजपाई शासन-प्रशासन, झूठ बोलने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बना ले।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल व शिल्पग्राम में होगा मुख्य आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक चेतना एवं विकासात्मक उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी, 2026 तक भव्य एवं समारोहपूर्वक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी 1950 को प्रदेश का नाम संयुक्त प्रांत से परिवर्तित होकर उत्तर प्रदेश हुआ था। इसी ऐतिहासिक स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश दिवस को त्रिदिवसीय आयोजन के रूप में मनाया जा रहा है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन ह्विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम के अंतर्गत राजधानी लखनऊ, नोएडा सहित प्रदेश के समस्त जनपदों में एक साथ किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल, लखनऊ में संपन्न होगा, जबकि प्रदेश के सभी जनपदों में जनपद-स्तरीय सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक एवं विकासपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

लखनऊ में होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाएगा, जिससे प्रदेश के साथ-साथ देश-विदेश में रहने वाले उत्तर प्रदेश के नागरिक भी इस उत्सव से जुड़ सकें। उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने के उद्देश्य से इसका आयोजन दिल्ली, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार फिजी, मॉरीशस, मालदीव, सिंगापुर, थाईलैंड सहित अन्य देशोंमें स्थित भारतीय दूतावासों के सहयोग से उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा।

श्री जयवीर ने अपील किया है कि इस ऐतिहासिक आयोजन में सभी प्रदेशवासी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और उत्तर प्रदेश के नए, वैभवशाली उदय के स्वरूप को साक्षात देखने का अवसर प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर पूरे प्रदेश के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ आगंतुक अपने-अपने जिलों की प्रगति, परंपरा और विकास यात्रा का अवलोकन कर सकेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के विचार सुनने का भी यह एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 26 जनवरी को हमारे राष्ट्र का महान पर्व गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आयोजन लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल एवं नोएडा स्थित शिल्पग्राम में होगा, जबकि मुंबई सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# भाजपा सरकार पर काशी की संस्कृति को नष्ट करने का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर हुई तोड़-फोड़ एवं आस्था की प्रतीक माता अहिल्याबाई जी की मूर्ति को तोड़कर मलबे में फेंक जाने जैसी संवेदनहीन घटना पर आज प्रदेश कांगेस कार्यालय पर पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित किया।

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से उ0प्र0 कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी जी मौजूद रहे। प्रेसवार्ता की शुरूआत माता अहिल्याबाई जी के चित्र पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा पुष्प अर्पित कर की। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि चाहे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का मामला रहा हो या फिर माता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्तियों तोड़ने का मामला रहा हो काशी की पौराणिकता एवं संस्कृति को नष्ट करने का कार्य कोई बाहरी नहीं कर रहा बल्कि दुर्भाग्य यह है कि यह उनके द्वारा किया जा रहा जो कभी कहते थे कि उन्हें माँ गंगा ने बुलाया है और आज वही माँ गंगा और काशी के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

श्री राय ने कहा कि 25 मई 2025 को भाजपा माता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती मनाती है। पूरे देश में खूब सारे ईवेंट करती है, चाँदी के सिक्के जारी करती है ठीक 6 महीने बाद उन्हीं माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्तियों पर बुलडोजर चलवा देती है। श्री राय ने कहा कि सच इतना कडवा है कि योगी सरकार अपनी गलती स्वीकारने के बजाए लोगों को डरा धमका रही है और उन पर एफआईआर करा रही है।

योगी जी सच जानते हैं इसीलिए लीपापोती करने वाराणसी पहुंचे और उन्होंने कहा कि यह तस्वीरें एआई जनरेटेड हैं। श्री अजय राय ने कहा कि मैं उन्हें खुली चुनौती देता हूँ कि अगर उनमें साहस है तो वह सभी पत्रकार बन्धुओं को जहां तोड़-फोड़ हुई वहां ले जाए और यह स्पष्ट कर दे कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्तियां नहीं तोड़ी गई। श्री राय ने कहा कि भाजपा का वास्तविक चरित्र आस्था नहीं व्यापार है यह लोग भावना में नहीं बल्कि ईवेंट में विश्वास रखते हैं। सच तो यह है कि यह लोग आस्था के व्यापारी हैं। कभी राम के नाम पर तो कभी शिव के नाम पर और कभी माता अहिल्या बाई के नाम पर। लेकिन सच यह है कि प्रभु राम के नाम पर बने ट्रस्ट में किस कदर घोटाला हुआ यह किसी से छुपा नहीं है। एक साल में राम पथ में दरारें पड़ गई। एक साल में मंदिर में पानी चूने लगा।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाने के नाम पर बहुत सारे प्राचीन शिवलिगों को तोड़ दिया गया और आज यही माता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्तियों के साथ दोहराया जा रहा है। इसी अनुक्रम में श्री राय ने मीडिया के सामने तोड़-फोड़ के वीडियो दिखाए एवं एक वीडियो भाजपा मंत्री का भी दिखाया गया जिसमें वह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि वहां मूर्तियाँ तोड़ी गई हैं। श्री राय ने अहिल्याबाई बाई होल्कर ट्रस्ट का पत्र दिखाते हुए कहा कि इस पत्र में माता अहिल्याबाई जी के परिवार से जुड़े लोगों ने भी ना सिर्फ इस बात तस्दीक की ना सिर्फ मूर्तियाँ तोड़ी गई हैं बल्कि तस्वीरें भी मीडिया के साथ साझा की हैं।

# शिक्षक समाज के निर्माता हैं : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त चेयरमैन डॉ. अमित कुमार राय की अध्यक्षता में शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व पदाधिकारियों एवं शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन अभियान को गति देने तथा प्रदेश में नई कार्यकारिणी के गठन के उद्देश्य से संपन्न हुई।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी-पूर्व मंत्री उपस्थित रहे। शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ0 अमित कुमार राय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षी अजय राय पूर्व मंत्री को पुष्प कुछ भेंट कर बैठक की औपचारिक शुरूआत की। बैठक में सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शिक्षक समाज के निमार्ता हैं।

शिक्षक अपने विचारों से राजनीति के पथ को प्रदर्शित करता है, देश एवं समाज की दिशा और दशा निधारित करते हैं। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश कांग्रेस का शिक्षक प्रकोष्ठ आने वाले समय में शिक्षकों की समस्याओं एवं मुद्दों ना केवल प्रमुखता से उठाएगा बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरकर व्यापक संघर्ष भी करेगा। अपने अध्यक्षीय सम्बोधित कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त चेयरमैन डॉ0 अमित कुमार राय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो मुझ पर विश्वास जताया है मैं पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से उस पर खरा उतरते हुए पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को अधिक से अधिक शिक्षकों के बीच पहुंचाने के कार्य के साथ-साथ वर्तमान समय में शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके निदान हेतु आप सभी के सहयोग से व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

डॉ0 अमित राय ने कहा कि आने वाले 100 दिनों में प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों को अपने संगठन से जोड़ते हुए संगठन में वित्त पोषित, वित्त विहीन, मदरसा, संस्कृत विद्यालय एवं अन्य सभी शिक्षकों को शामिल कर प्रदेश में एक सशक्त संगठन का निर्माण किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रो0 श्रवण कुमार गुप्ता-को-कोऑर्डिनेटर शिक्षक प्रकोष्ठ ने कहा कि विषम मौसम में भी इतनी दूर का सफर तय करके आए साथियों का जज्बा और ऊर्जा इस संगठन के निर्माण की आधारशिला होगी। प्रदेश के समस्त जनपदों के प्रत्येक विद्यालयों में शिक्षक प्रकोष्ठ की इकाई का शीघ्र अति शीघ्र गठन कर लिया जाएगा।

# सीएम ने विधान भवन के गुंबद पर यूपी की गौरवगाथा का किया शुभारंभ

## विधानमंडल परंपरा के सांस्कृतिक इतिहास में जुड़ा एक और अध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधान भवन के गुंबद पर यूपी की गौरवगाथा को दशार्ते हुए अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक के माध्यम से ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी उपस्थित रहे। इस भव्य और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक चेतना तथा राजनीतिक यात्रा का सजीव एवं दृश्यात्मक चित्रण किया गया। आधुनिक तकनीक और रचनात्मक प्रस्तुति के समन्वय से तैयार इस कार्यक्रम ने दर्शकों को प्रदेश की ऐतिहासिक यात्रा से जोड़ते हुए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया। यह अभिनव प्रयोग देश की विधान सभाओं में अपनी तरह का प्रथम प्रयास है।

यह अभिनव एवं दूरदर्शी पहल अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश विधान सभा सतीश महाना की परिकल्पना, मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों का प्रतिफल है। उनके नेतृत्व में विधान सभा परिसर को न केवल विधायी गतिविधियों का केंद्र, बल्कि प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। माननीय अध्यक्ष की सोच है कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से लोकतंत्र की गरिमा, प्रदेश की विरासत और विकास यात्रा को देश और दुनिया के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाए। इस आयोजन के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से पधारने वाले पीठासीन अधिकारियों एवं विधानमंडलीय अधिकारियों को उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा, सांस्कृतिक





वैभव, ऐतिहासिक धरोहर तथा लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेगा, बल्कि विधायी संस्थाओं के बीच संवाद, सहयोग और नवाचार को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

# कैंसर, डायबिटीज पर रिसर्च करेंगे आयुष अस्पताल

विशेष संवाददाता (vol)

- आयुष अस्पताल बनेंगे रिसर्च सेंटर हब, सेंट्रल रिसर्च सेंटर से जल्द होगा एमओयू
- अस्पतालों को रिसर्च-ओरिएंटेड सेंटर के रूप में विकसित करने पर मंथन

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष अस्पताल अब केवल इलाज तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें रिसर्च सेंटर हब के रूप में विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए सेंट्रल रिसर्च सेंटर (केंद्रीय अनुसंधान संस्थान) के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया जाएगा। इस पहल के तहत कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग समेत कई अति गंभीर और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों से शोध किया जाएगा।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयुर्वेद, योग, यूनानी व होम्योपैथी को स्वास्थ्य व्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का मानना है कि आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुष पद्धतियों का समन्वय न केवल इलाज को अधिक प्रभावी बनाएगा, बल्कि रोगों की रोकथाम और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में भी मददगार होगा। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा के अनुरूप प्रदेश के चयनित आयुष अस्पतालों को रिसर्च-ओरिएंटेड सेंटर के रूप में विकसित करने पर मंथन चल रहा है। यहां उपचार के साथ-साथ रोगों के कारण, प्रभाव, जीवनशैली, खानपान और आयुष आधारित उपचार पद्धतियों पर डाटा आधारित शोध किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आयुष आधारित उपचारों की प्रभावशीलता को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ स्थापित करना है। सेंट्रल रिसर्च सेंटर से एमओयू के बाद




आयुष चिकित्सकों को रिसर्च ट्रेनिंग, आधुनिक लैब सुविधाएं और तकनीकी सहयोग मिलेगा। इस रिसर्च का फोकस उन बीमारियों पर होगा, जिनका बोझ तेजी से बढ़ रहा है। कैंसर और डायबिटीज के अलावा उच्च रक्तचाप, मोटापा, थायरॉइड, हृदय रोग, जोड़ों के रोग और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं भी रिसर्च के दायरे में रहेंगी।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सेंट्रल रिसर्च सेंटर से होने वाले एमओयू के बाद उत्तर प्रदेश आयुष रिसर्च के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य बनने की ओर बढ़ेगा। इससे न केवल प्रदेश के चिकित्सकों और शोधकताओं को नई पहचान मिलेगी, बल्कि आयुष आधारित उपचारों को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता दिलाने में भी मदद मिलेगी। योगी सरकार का उद्देश्य है कि रिसर्च के निष्कर्षों के आधार पर स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार किए जाएं, जिन्हें देश-विदेश में अपनाया जा सके। इससे आयुष चिकित्सा की विश्वसनीयता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। इससे आयुष क्षेत्र में रोजगार और शोध के नए अवसर भी पैदा होंगे। रिसर्च प्रोजेक्ट्स के माध्यम से आयुष चिकित्सकों, शोधार्थियों और छात्रों को काम करने का मंच मिलेगा। साथ ही, आयुष कॉलेजों के छात्रों को प्रैक्टिकल रिसर्च का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

सरकार की यह पहल प्रदेश को समग्र स्वास्थ्य मॉडल स्थापित करने दिशा में बड़ा कदम साबित होगा, जहां आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक ज्ञान का संतुलित उपयोग होगा।

# गुप्त नवरात्रि आज से, मां दुर्गा की होगी विशेष पूजा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू पंचांग के अनुसार साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर लोग चैत्र और शारदीय नवरात्रि के बारे में जानते हैं, लेकिन माघ और आषाढ़ मास में आने वाली गुप्त नवरात्रि का आध्यात्मिक और तांत्रिक दृष्टि से विशेष महत्व है। विशेषकर माघ मास की गुप्त नवरात्रि को पुण्यदायी माना जाता है, क्योंकि इस दौरान साधक 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से आराधना करते हैं। इस साल माघ मास की गुप्त नवरात्रि 19 जनवरी से शुरू हो रही है। तंत्र शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार, इस दौरान किए गए विशेष उपायों से माता रानी की असीम कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सफलता, समृद्धि और भाग्य बढ़ता है।

**गुप्त नवरात्रि का महत्व :** गुप्त नवरात्रि का संबंध 10 महाविद्या की साधना से जुड़ा है। माघ के महीने में मनाई जाने वाली गुप्त नवरात्रि ठंड के दिनों में होती है। बसंत ऋतु के आगमन के दौरान ही ये पूजा होती है। ये तंत्र-मंत्र और गुप्त सिद्धियों के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा और उनकी 10 महाविद्याओं को पूजने से जिंदगी की बाधाएं खत्म होती हैं और हर मनोकामना की पूर्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दौरान की गई पूजा जितनी गुप्त रखी जाए, वो उतनी ही सफल होती है।

**गुप्त नवरात्रि में 9 नहीं 10 देवियों की होती है पूजा :** चैत्र और शारदीय नवरात्रि के 09 दिनों में जहां प्रत्येक दिन एक देवी की पूजा के लिए समर्पित होता है और कुल 09 देवियों - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा होती है, तो वहीं माघ और आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्या - काली, तारा, त्रिपुरसुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला की गुप्त रूप से साधना-आराधना की जाती है. माघ मास की गुप्त नवरात्रि के पांचवें दिन बसंत पंचमी का महापर्व भी मनाया जाता है, जिसमें माता सरस्वती की भी विशेष पूजा की जाती है।

**मां दुर्गा की विशेष पूजा :** माघ गुप्त नवरात्रि के दौरान अगर आप मां दुर्गा की विशेष पूजा कर रहे हैं, तो उनके चरणों में कमल का पुष्प अर्पित करना अत्यंत शुभ माना जाता है। ज्योतिषीय और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कमल के फूल से माता प्रसन्न होती हैं और भक्त की सभी जायज मनोकामनाएं पूरी करती हैं। यदि आपका व्यवसाय मंदा चल रहा है या करियर में वृद्धि नहीं हो रही है, तो इस नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रत्येक दिन माता रानी को 7 साबुत लौंग अर्पित करें। यह सरल उपाय आपके व्यापार में आ रही बाधाओं को दूर करेगा और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। धन-संपत्ति की कमी दूर करने के लिए लाल कपड़े में थोड़ा अक्षत (चावल) और कुछ कौड़ियां बांधकर एक छोटी पोटली बनाएं। इसे माता के चरणों से छूकर अपनी तिजोरी या धन रखने की जगह पर रखें। इससे घर में बरकत आएगी और फिजूलखर्ची कम होगी। जो युवक-युवतियों के विवाह में रुकावटें आ रही हैं, उन्हें गुप्त नवरात्रि में माता पार्वती को 7, 9 या 11 हल्दी की गांठें अर्पित करनी चाहिए। इससे बृहस्पति ग्रह मजबूत होगा और विवाह संबंधी बाधाएं दूर होंगी। माघ नवरात्रि में केवल देवी की पूजा ही नहीं, बल्कि हनुमान जी की सेवा भी लाभदायक होती है। इसके लिए एक साफ पीपल के पत्ते पर 'राम' लिखें, उस पर थोड़ा सा मीठा (गुड़ या बताशा) रखें और हनुमान मंदिर में अर्पित कर दें। यह उपाय धन लाभ और नए अवसरों को आकर्षित करता है। अगर आप किसी कानूनी मामले या कोर्ट-कचहरी में उलझे हुए हैं, तो इस दौरान किसी देवी मंदिर में जाकर शुद्ध घी का दीपक जलाएं। माता से अपनी जीत की प्रार्थना करें।

# बूथों पर मतदाता सूची पढ़कर सुनायी गयी

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित अफसरों ने बूथों का लिया जायजा

**लखनऊ।** रविवार को प्रदेश के समस्त मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की ओर से आलेख्य मतदाता सूची पढ़े जाने का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों की ओर से विभिन्न जनपदों में मतदान केन्द्रों का स्थलीय भ्रमण कर अनुश्रवण किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बूथ लेवल अधिकारियों की ओर से किए जा रहे कार्य की गुणवत्ता का आकलन किया।



यह सुनिश्चित किया गया कि बीएलओ निर्धारित समय पर बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को आलेख्य मतदाता सूची पढ़कर सुना रहे हैं और मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि अथवा अन्य कारणों से चिह्नित मतदाताओं से संबंधित जानकारी स्पष्ट रूप से साझा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि नाम सम्मिलित न हो या किसी प्रकार की त्रुटि हो तो फार्म-6, 7 अथवा 8 के माध्यम से समयबद्ध रूप से ऑनलाइन या ऑफलाइन दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराएं, जिससे मतदाता सूची को और अधिक विश्वसनीय बनाया जा सके।

# ट्रांसगोमती जनकल्याण महासमिति के तहरी भोज में सामाजिक सद्भाव का संदेश



**लखनऊ।** सर्दी-गर्मी के दौर में सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए ट्रांसगोमती जनकल्याण महासमिति ने गोमती नगर में एक भव्य भेंट-परिचर्चा व तहरी भोज का आयोजन किया। स्वादिष्ट तहरी और स्नेहपूर्ण चर्चा के इस अनोखे संगम में राजनीतिक हस्तियां, पत्रकार बिरादरी, समाजसेवी और स्थानीय पार्षद सपरिवार शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य ट्रांसगोमती क्षेत्र के निवासियों में आपसी प्रेम व एकता का प्रसार करना है। जीवन प्लाजा, विराम खंड 5, गोमती नगर स्थित आयोजन स्थल पर रविवार दोपहर एक बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। समिति के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अभिनव नाथ त्रिपाठी ने कहा कि ऋतु परिवर्तन के समय में स्वास्थ्य व सामाजिक संबंधों की मजबूती जरूरी है। यह भोज न केवल स्वाद का त्योहार है, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान का मंच भी है। ट्रांसगोमती क्षेत्र के कल्याण के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। महामंत्री प्रवीण श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष अनूप मिश्रा ने बताया कि समिति ने हाल ही में क्षेत्रीय मुद्दों जैसे सड़क सुधार, जल निकासी और सामुदायिक विकास पर कई प्रस्ताव पारित किए हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आने वाले दिनों में और बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। तहरी भोज में पारंपरिक व्यंजनों ने सभी को आकर्षित किया। महिलाओं व बच्चों की खास भागीदारी रही। आयोजन में मुख्य रूप से एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला, पूर्वी विधान सभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव, मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गोमतीनगर में खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध विश्वास खंड 3 जनकल्याण समिति की ओर से मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वास खंड 3 के सदस्य, महा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर बी एन सिंह, महासचिव डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला, कार्यकारी महासचिव कर्नल ए एन पांडे, सचिव संजय निगम, महिला प्रभारी नीलम सिंह तथा विश्वास खंड 1 और 2 समिति के अध्यक्ष हरिहर नाथ द्विवेदी, सचिव पुष्पलता तिवारी सहित समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

# संगठन में बनी सहमतियों को अविलंब लागू किया जाये

**लखनऊ।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक सहयोग सदन 6 गोखले मार्ग लखनऊ पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष जीवी पटेल तथा संचालन केंद्रीय महासचिव बलबीर यादव ने किया। प्रदेश के सभी जनपदों एवं विद्युत उत्पादन की परियोजनाओं से संगठन के प्रतिनिधियों ने दिनभर चली बैठक में गहन चिंतन मंथन कर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर उपभोक्ता सेवा, विद्युत आपूर्ति उत्पादन तथा ट्रांसमिशन का दक्षता पूर्वक संचालन तथा वर्तमान में जारी एक मुश्त समाधान योजना को सफल बनाए जाने का संकल्प लिया। अभियंता ऊर्जा क्षेत्र को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत के साथ कार्य कर रहे हैं। जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं। इस दौरान सीमित संसाधनों में रिकॉर्ड विद्युत, उत्पादन आपूर्ति एवं राजस्व वसूली का




कार्य किया गया। उन्होंने आगे कहा कि संगठन संवाद से समाधान का हिमायती रहा है परंतु प्रबंधन द्वारा संसाधन एवं मैनपॉवर की कमी के बीच कार्य कर रहे जूनियर इंजीनियर प्रोन्नत अभियंताओं पर एकतरफा कार्यवाहियों एवं विसंगति पूर्ण समर्पण आदेश के द्वारा मध्य शैक्षणिक सत्र में, बिना जांच पूरी किए बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियरों का स्थानांतरण दंड स्वरूप सुदूर दूसरे डिस्काम में किए जाने से सदस्य पीड़ित है, जिसका प्रभाव विभागीय कार्यों के निष्पादन पर भी पड़ा है। विगत समय में प्रबंधन एवं संगठन के मध्य बनी सहमतियों पर परिणाम पर कार्रवाई हैं न होने तथा अधिष्ठान/ एसीपी आदि कार्यों में अतिशय विलंब एवं विभाग/ उत्तर प्रदेश शासन में विद्यमान नियमों का पालन न करने से संवर्ग के सदस्यों में भारी निराशा है। संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह ने सदस्यों का आह्वान किया कि विभागीय कार्यों का तत्परता पूर्वक निष्पादन करें।

प्रबंधन को भी विगत में बनी समझ सहमतियों के अनुरूप उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लिए जाने की आवश्यकता है। सभा को मुख्य रूप से एससी दीक्षित संरक्षक, अजय कुमार निवर्तमान केंद्रीय अध्यक्ष, पंकज जायसवाल, अमित प्रजापति, संजय यादव, दीपक गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

# समाधान, सम्मान और सेवा का अनुपम संगम

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवीखेड़ा, खरिका प्रथम में रविवार को 152वां आपका विधायक आपके द्वार साप्ताहिक जनसंवाद शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यहां जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, शिक्षा-खेल का प्रोत्साहन, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सम्मान को एक साथ जोड़ा जाता है।




शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी आवश्यकताएं व सुझाव प्रस्तुत किए। वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन सहित कुल 16 महत्वपूर्ण प्रकरणों को सामने रखा गया, जिनमें से 10 प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा कैंप में 75 वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 38 लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।

शिक्षा के प्रति प्रेरणा बनाए रखने के उद्देश्य से विधायक डॉ. सिंह की ओर से गांव की शान पहल के तहत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावी छात्र-छात्राओं आदर्श सिंह (89.6%), सौम्या भदौरिया (85.4%), अस्मिता वर्मा (77%), अवंतिका मैसी (68.56%) को सम्मानित किया गया। इन प्रतिभाशाली छात्रों को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, ताकि उनकी शिक्षा यात्रा और अधिक प्रेरित हो। युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए 166वें बॉयज यूथ क्लब एवं 101वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया।

इन क्लबों को क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम आदि खेलों की पूर्ण स्पोर्ट्स किट वितरित की गई। शिविर में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित ग्रामीणों को ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

# ग्रामीण आजीविका को मिल रहा ठोस आधार

**लखनऊ।** प्रदेश में अप्रैल 2022 में प्रारंभ हुए मिशन अमृत सरोवर के तहत उत्तर प्रदेश में तेजी से अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है। प्रदेश मे अब तक 19,111 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 25,000 से अधिक स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग की ओर से गांवों में अभूतपूर्व अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उप मुख्यमंत्री ने परंपरा और विज्ञान के समन्वय के साथ उत्तर प्रदेश के गांवों में उपेक्षा, अतिक्रमण और अव्यवस्था के शिकार रहे तालाबों के पुनरुद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना में निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के लिए समय-समय पर निर्देशित किया जाता रहा है, ताकि जल संकट, गिरते भू-जल स्तर और अनिश्चित मानसून जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। अमृत सरोवर का निर्माण न्यूनतम एक एकड़ क्षेत्रफल में किया जाता है, जिनमें लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर जल धारण की क्षमता हो। पुराने तालाबों और प्राकृतिक जलभराव क्षेत्रों को पुनर्जीवित कर वैज्ञानिक ढलान, सुदृढ़ तटबंध और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के माध्यम से सरोवर का विकास किया जा रहा है। सरोवरो के चारों ओर औषधीय, फलदार, छायादार वृक्षों जैसे नीम, पीपल, बरगद और अर्जुन जैसे स्थानीय वृक्षों की हरित पट्टी विकसित की जा रही है।

# बाजार चौक कालीजी वार्ड में एक करोड़ के होंगे विकास कार्य

## सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने किया शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चौक बाजार कालीजी वार्ड में एक करोड़ रुपये की लागत से सड़क नाली, फुटपाथ निर्माण के विकास कार्य कराए जाएंगे। यह कार्य सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और विधायक नीरज बोरा के बजट से कराए जाएंगे। इनका शिलान्यास रविवार को डा. शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल भी वितरित किए।



क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने बताया कि वार्ड मे फुटपाथ पर रहने-सोने वाले मजदूरों और गरीब परिवारों को अत्यंत ठंड से बचाने हेतु रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ, कोनेश्वर मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीमती चंदा रानी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर 400 कंबलों का वितरण राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा ने किया। उन्होंने एसआईआर की जानकारी के लिए बूथ संख्या 50,51, 52, को देख रहे ऋषि कपूर व विशाल गुप्ता से ली। इस मौके पर नगर निगम के जोनल अभियंता नगर निगम अशोक यादव, सहायक अभिंयता आलोक श्रीवास्तव, पश्चिम विधानसभा के मंडल चार के भाजपा अध्यक्ष संदीप तिवारी, कैलाश चंद्र जैन, पार्षद मनीष रस्तोगी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड की सैन्यपुरम कॉलोनी के निवासियों को शीघ्र ही बड़ी राहत मिलने जा रही है। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत ने कॉलोनी में 800 मीटर लंबी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव एवं आवागमन की समस्याओं का समाधान होगा और कॉलोनी के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर बाएं से जे.एन. सिंह, एम.पी. सिंह, सनी सिंह, लवकुश रावत, जय हिन्द यादव, गणेश गुप्ता एवं अनुज तिवारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने निरस्त किया टेंडर, लोनिवि बनायेगा सड़क

**लखनऊ।** इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में एक सड़क को बनाने का दो विभागों से अलग-अलग टेंडर जारी होने के मामले में नगर निगम ने अपना टेंडर निरस्त कर दिया है। हालांकि सड़क नगर निगम की है लेकिन लोक निर्माण विभाग ने टेंडर जारी करने से पहले निगम से एनओसी नहीं ली। इस वजह से दोनों विभागों ने टेंडर निकाल दिए। अब नगर निगम इस बजट को किसी और कार्य पर खर्च करेगा। वहीं लोक निर्माण विभाग की ओर से दावा किया गया है कि सड़क उसकी है इसलिए एनओसी लेने का कोई औचित्य नहीं।




नवंबर में लोक निर्माण विभाग ने किशोरी लाल चौराहा से चौहान प्लाजा, डीके मैरिज लान होते हुए हनुमान तिराहा से चिनहट मार्ग तक सड़क मरम्मत को लेकर 32.90 लाख रुपये का टेंडर निकाला। इसके अलावा फैजाबाद मार्ग से रजत डिग्री कालेज मार्ग की भी मरम्मत का 33.15 लाख रुपये का टेंडर निकाला। टेंडर निकले हुए दो महीने से अधिक हो गए मगर अभी तक सड़क बनाई नहीं गई थी। इसी बीच 17 जनवरी को नगर निगम ने अयोध्या मुख्य मार्ग से रजत कालेज तक और डीके मैरिज लॉन से अजय नगर होते हुए हनुमान मार्केट तक 8.41 लाख रुपये का टेंडर निकाला। यानि जिस सड़क को पूरी तरह से बनाने के लिए लोक निर्माण ने करीब 66 लाख रुपये के दो टेंडर निकाले उसी सड़क का नगर निगम ने पैच वर्क का टेंडर निकाला। ऐसे में साफ है कि यह घपलेबाजी के लिए किया गया था। जब सड़क पूरी बन जाती तो फिर पैचवर्क की जरूरत ही नहीं रह जाती। जानकारों ने बताया कि इसी तरह की धांधली पहले भी कई बार की जा चुकी है। यदि गोपनीय शिकायत पर यह मामला न खुलता को एक ही सड़क को दो विभाग बनाने पर बजट खर्च दिखा देते। नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा का कहना है कि इस प्रकरण के सामने आने के बाद नगर निगम ने अपना टेंडर निरस्त कर दिया है। यह गड़बड़ी लोक निर्माण विभाग के एनओसी न लेने के कारण हुई। सड़क नगर निगम के क्षेत्र की है। लोक निर्माण विभाग को टेंडर जारी करने से पहले नगर निगम से एनओसी लेनी चाहिए थी। यदि शासन स्तर से हैंडओवर लोक निर्माण विभाग को दिया गया है तो उसकी जानकारी विभाग को देनी चाहिए। दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता सत्येंद्र नाथ राय का कहना है कि सड़क से सम्बंधित रिकार्ड उनके पास है। ऐसे में नगर निगम से एनओसी लेने का कोई मतलब नहीं है। सड़क के स्वामित्व को लेकर नगर निगम को जानकारी भेज दी जाएगी।

# कहीं कोहरा तो कहीं धूप से खुशगवार हुआ मौसम

**लखनऊ।** रविवार को सुबह सुबह कोहरे की बारिश से दृश्यता लगभग शून्य रही। घने कोहरे से तापमान में गिरावट होने से ठंड ने लोगों को कंपाया। 20 जनवरी से कोहरे में कमी आने का पूवार्नुमान है। प्रदेश में मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। इससे पहले शनिवार की सुबह भी ज्यादातर क्षेत्रों में घने कोहरे का असर रहा। लेकिन, धूप निकलने के साथ ही मौसम खुशगवार होता गया। शाम से एक बार फिर ठंड का असर बढ़ने लगा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को सुबह घना कोहरा दिखाई दिया। साथ ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के भी आसार हैं। दूसरे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी यूपी में 22 जनवरी से बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है। 20 जनवरी से कोहरे के असर में कमी के आसार हैं। शनिवार को बाराबंकी सबसे ठंडा जिला रहा जहां न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर हरदोई में 3.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी लखनऊ में सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों से रात के तापमान में हो रही गिरावट थमने के साथ ही इसमें आंशिक बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से रात में जारी शीतलहर समाप्त होती नजर आई। इसी क्रम में 4.4 डिग्री तापमान के साथ इस सीजन में शुक्रवार को लखनऊ की सबसे ठंडी रात रही। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अगले 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की संभावित क्रमिक वृद्धि के आसार हैं। वहीं दूसरे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा का दौर शुरू होने की भी संभावना है। इस बारिश के 23 जनवरी को प्रदेश के संलग्न मध्यवर्ती भागों तक पहुंचने की संभावना के दृष्टिगत 20 जनवरी से प्रदेश में पड़ रही ठंड में व्यापक सुधार की संभावना है।


**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# प्लॉट पर कब्जे को लेकर चली गोली, क्षेत्र में दहशत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा में प्लॉट पर कब्जे को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। एक गुट के लोगों ने दहशत बनाने के लिए हवाई फायरिंग और पत्थरबाजी की। इससे जुड़ा एक वीडियो मिला है। इसमें एक युवक फायरिंग करते दिख रहा है। घटना दुबग्गा थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में रविवार को हुई। दूसरा गुट कार्रवाई को लेकर दुबग्गा थाने पहुंचा है। पुलिस ने थाने में दोनों पक्षों के लोगों को बुलाया है। मौके पर गहमागहमी का माहौल है। पुलिस दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश कर रही, जबकि पीड़ित पक्ष कार्रवाई की मांग पर अड़ा है।

पीड़ित बोले- दूसरी बार फायरिंग की गई

अमीनाबाद में रहने वाले प्लॉट मालिक फाहम जाहिर ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। 2 दिन पहले भी देर रात दबंगों ने प्लॉट पर काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट की थी। हवाई फायरिंग कर आतंक फैलाया था। फाहम जाहिर ने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, पुलिस ने अब तक न तो कोई मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की।

**प्लॉट पर आकर काम रोका:** प्लॉट मालिक ने बताया- रविवार दोपहर करीब 2 बजे बदमाश एक बार फिर प्लॉट पर पहुंचे। उन्होंने खुलेआम कई राउंड हवाई फायरिंग की और मौके से भाग गए। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इसमें बदमाशों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस समय रहते सख्त कार्रवाई करती, तो दबंगों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते।

**ऑफिस में आकर धमकाया-रंगदारी मांगी:** फाहम जाहिर ने बताया- उनका दुबग्गा इलाके के बेगरिया गांव में प्लॉट है। इसपर निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ भू-माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग निर्माण कार्य को लेकर लगातार रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में क्क्ष्रर पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुख्ता कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल है। लोग अपने घरों और दुकानों से निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है।

## ऑटो से आये नकाबपोश बंद घर से बटोर ले गये लाखों का माल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विभूतिखंड में आटो से आए नकाबपोश चोरों ने बंद घर के ताले व आलमारी तोड़कर 1.80 लाख की नकदी सहित लाखों के जेवरात पार कर दिए। पूरी घटना पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

घटना के समय पीड़ित व उनकी पत्नी लखीमपुर गए थे और माता-पिता व भाई दर्शन के लिए अहमदाबाद में थे। पड़ोसियों से जानकारी होने पर पीड़ित ने घर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया और थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। विभूतिखंड थाना क्षेत्र के गोमतीनगर स्थित वास्तु खंड निवासी सूर्या जायसवाल के मुताबिक उनके पिता, माता और बड़े भाई 10 जनवरी 2026 को दर्शन के लिए अहमदाबाद गए थे। इस बीच उनकी पत्नी मायके लखीमपुर गई थीं।

14 जनवरी को घर में ताला लगाकर वह भी लगाकर लखीमपुर चले गए। तभी 15 जनवरी 2026 की सुबह पड़ोसी ने उन्हें फोन करके जानकारी दी, कि उनके घर में चोरी हो गई है। जानकारी होने पर वह फौरन लखनऊ स्थित अपने घर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने घर में देखा कि चोरों ने घर की चारों अलमारियां तोड़कर 1.80 लाख की नकदी व लाखों के जेवरात पार कर दिए। बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। चोरी के समय चोरों ने उनके घर के ताले तोड़ कर पड़ोस के घरों को बाहर से बंद कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोर आटो रिक्शा से आए थे और रात तीन से चार बजे के बीच घटना अंजाम दी। चोर पांच की संख्या में थे। जिनमें से नकाबपोश तीन चोर उनके घर के अंदर दाखिल हुए थे। माल बटोर कर चोर भाग निकले थे। घटना को लेकर सूर्या जायसवाल ने विभूति खंड थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों का पता लगाया जा रहा है।

## विवाहिता को किया प्रताड़ित, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक विवाहिता की मां ने अपनी शिक्षित बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगा पुत्री के पति सहित ससुरालियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-ओ निवासी प्रतिभा वाजपेयी पत्नी उमेश चन्द्र बाजपेयी के अनुसार उनकी बेटी श्रेया बाजपेयी एमएससी और बीएड उत्तीर्ण है। उसका विवाह 16 नवंबर 2024 को रीति-रिवाज से कानपुर नगर निवासी अंकित मिश्र पुत्र सुधीर मिश्रा के साथ किया था, जो वर्तमान में मुंबई में पंजाब नेशनल बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि उन्होंने पुत्री के विवाह में लगभग 25 लाख रुपये नकदी, गृहस्थी का पूरा सामान और करीब 10 तोला सोना दिया था। लेकिन पुत्री के विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त 25 लाख रुपये दहेज की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पुत्री श्रेया को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। सास, जेठ, जेठानी समेत अन्य परिजनों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। मां का आरोप है कि मुंबई में रहने के दौरान पति देआरा की गई मारपीट के चलते श्रेया का गर्भपात हो गया। इसके बाद पति ने उसके जेवर और नकदी छीन ली और जबरन लखनऊ की फ्लाइट में बैठाकर भेज दिया। पीड़िता की मां का कहना है कि उनकी बेटी इस समय गहरे सदमे और अवसाद में है।

## बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह व्यापारी से छीने दो कीमती आई फोन

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बस का इंतजार कर रहे एक व्यापारी से सरेराह बाइक सवार बदमाशों ने दो कीमती आई फोन छीन फरार हो गए। वही पीड़ित की आनलाइन शिकायत पर घटना के दो माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूल रूप से मायाँ बाजार थाना-कोतवाली, तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर निवासी मुकुल गुप्ता पुत्र कृष्ण मोहन गुप्ता के अनुसार वह बिजनेस मैंन है बीते 31अक्टूबर वर्ष 25 को अपने व्यापार के सिलसिले में लखनऊ आया था। आरोप है कि 1 नवम्बर की रात्रि लौटते समय ऑलमबाग नहरिया चौराहे पर वह बस का इन्जार कर रहा था जहाँ से वह अपने मोबाइल से बस वाले से बात कर रहा था तभी एक बाइक पे दो लोग सवार तेजी से आ कर उसका दोनों मोबाइल फोन छिन कानपुर रोड कि तरफ फरार हो गयें। वही पीड़ित का कहना था वहां मौजूद टाफिक पुलिस से मदद भी मांगी तो उन्होने उसे ऑनलाईन शिकायत का सुझाव दे चलता कर दिया। जिसके पश्चात उसने ज्यादा समान होने के कारण अपने घर पहुंच आनलाइन लिखित शिकायत की है। वही पीड़ित के अनुसार उसके दोनों मोबाइल आई फोन थे। जिसके चलते उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराईहै। पुलिस के अनुसार पीड़ित की आनलाइन शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## बेटे ने मां के साथ की धोखाधड़ी

लखनऊ। थाना माल क्षेत्र से रिश्तों को झकझोर देने वाला एक बेहद भावुक मामला सामने आया है, जहाँ एक बुजुर्ग माँ अपने ही बेटे की धोखाधड़ी का शिकार हो गई। ग्राम जनकापुर निवासी श्याम कुमारी, जो मेहनत-मजदूरी कर अपनी छोटी-छोटी बचत यूको बैंक की माल शाखा में जमा करती थीं, आज उसी खाते में महज 9 रुपये बचने का दर्द झेल रही हैं। पीड़िता के अनुसार करीब एक माह पहले उनका बड़ा बेटा विपिन कुमार उन्हें बैंक यह कहकर ले गया कि छोटे बेटे का मोबाइल नंबर खाते में दर्ज कराना है, जिससे खाते की जानकारी मिलती रहे। लेकिन माँ की अनभिज्ञता का फायदा उठाते हुए बेटे ने चुपचाप अपना ही मोबाइल नंबर खाते से जोड़ दिया और फर्जी हस्ताक्षर कर एटीएम कार्ड भी बनवा लिया। इसके बाद आरोपी बेटे ने बिना माँ की जानकारी के खाते से लगभग 50 हजार रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब श्याम कुमारी अपनी मेहनत की जमा पूंजी निकालने बैंक पहुँचीं, तब उन्हें इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने फोन पर बेटे से सवाल किया तो उसने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए साफ कहा कि पैसे उसी ने निकाले हैं और वह वापस नहीं करेगा। कम पढ़ी-लिखी बुजुर्ग माँ के लिए बेटे का यह विश्वासघात किसी गहरे जख्म से कम नहीं है। पीड़िता ने थाना माल में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है और दोषी बेटे के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 110 किसानों ने लिया आधुनिक कीट प्रबंधन का प्रशिक्षण

**मलिहाबाद।** देश-दुनिया में अपने स्वाद और खुशबू के लिए मशहूर मलिहाबाद के आम उत्पादकों के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। देवम होटल, मलिहाबाद में क्रॉप लाइफ साइंस लिमिटेड एवं जय दुर्गा किसान केंद्र, काकोरी के संयुक्त तत्वावधान में आम उत्पादक किसानों की भव्य प्रशिक्षण गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के लगभग 110 प्रगतिशील आम उत्पादकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में कंपनी के जोनल मैनेजर शोभ नाथ यादव ने आम की फसल को प्रभावित करने वाले प्रमुख कीटों—हॉपर, थ्रिप्स—और घातक रोग खर्रा (पाउडरी मिल्ड्यू) पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन समस्याओं के प्रारंभिक लक्षण, संभावित नुकसान और कम लागत में प्रभावी एवं टिकाऊ नियंत्रण उपायों की वैज्ञानिक जानकारी साझा की। साथ ही एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) अपनाने पर जोर देते हुए बताया कि वैज्ञानिक तकनीकों के सही प्रयोग से उत्पादन लागत घटाकर किसानों का मुनाफा कई गुना बढ़ाया जा सकता है। गोष्ठी में उपस्थित एरिया मैनेजर रोहित सिंह ने किसानों को कंपनी की नवीनतम फसल सुरक्षा तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और तकनीकी सेवाओं की जानकारी दी, जिससे किसान समय रहते सही निर्णय लेकर फसल को नुकसान से बचा सकें। कार्यक्रम का आयोजन जय दुर्गा किसान केंद्र, काकोरी के प्रोपराइटर ओम प्रकाश अवस्थी के विशेष सहयोग से किया गया। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे मलिहाबाद के आम की गुणवत्ता और पहचान को और ऊंचाई मिलेगी। प्रशिक्षण में शामिल किसानों ने गोष्ठी को व्यावहारिक, ज्ञानवर्धक और अत्यंत उपयोगी बताया। किसानों ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण से आगामी आम उत्पादन सत्र में उपज, गुणवत्ता और आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह गोष्ठी किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई और मलिहाबाद के आम उत्पादन को नई मजबूती देने का माध्यम बनी।

## दहेज प्रताड़ना को लेकर नर्सिंग अफसर ने मुकदमा दर्ज कराया

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक बेहद मार्मिक और गंभीर मामला सामने आया है। अहिमामऊ निवासी राम प्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु रेफरल अस्पताल की नर्सिंग अफसर वैभवी डोरा ने अपने पति रजत कुमार और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर भारतीय दहेज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रोट्रैक्ट युवाओं ने किया अयोध्या दर्शन

लखनऊ। रोट्रैक्ट डिस्ट्रिक्ट ऑर्गनाइजेशन, रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय सत्कार समिति के अंतिम दिन देशभर से आए युवा प्रतिनिधियों ने लखनऊ से अयोध्या जाकर राम मंदिर सहित नगर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया और वापस लखनऊ आकर अपने शहर लौटे। इसी के साथ सत्कार आयोजन सम्पन्न हो गया। इस कार्यक्रम में भारत के कुल 25 राज्यों से युवा उद्यमी व रोट्रैक्ट क्लब के समाजसेवी युवक युवतियों ने रोटरैक्ट मंडल 3120 की प्रथम महिला मंडल प्रतिनिधि रोटरैक्टर माही भान के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। आयोजन में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों के साथ रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने उपस्थित रहकर अनुभव प्रतिभागियों के सामने रखे।


## रिटायर डीएसपी से प्लॉट दिलाने के नाम पर पांच लाख की धोखाधड़ी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णानगर थानाक्षेत्र के केसरी खेड़ा में प्लाट दिलाने के नाम पर जालसाज दंपति ने रिटायर डीएसपी से लाखों रुपये की धोखाधड़ी की। प्लाट की रजिस्ट्री न करने पर पीड़ित ने रुपये मांगे। दबाव बनाने पर आरोपी ने पीड़ित को एक चेक दिया। जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। पीड़ित ने एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा से मिलकर आरोपी की शिकायत की। कृष्णानगर पुलिस ने एसीपी के आदेश के बाद दंपति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। रिटायर डीएसपी आरडी यादव परिवार के साथ सिंधुनगर में रहते है। उन्होंने बताया कि बेटी के घर के पास रहने वाले राकेश दुबे प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनकी बेटी की राकेश दुबे से अक्सर बातचीत होती थी। इस बीच रिटायर डीएसपी ने वर्ष 2018 में राकेश के माध्यम से संदीप यादव का एक प्लाट खरीद लिया। उस प्लाट को उन्होंने पत्नी के नाम पर लिया। वर्ष 2019 में एक और प्लाट खरीदने के लिए उन्होंने राकेश से बात की। बातचीत होने पर पीड़ित ने संदीप यादव के खाते में पांच लाख रुपये डाल दिए। काफी समय बीतने के बाद संदीप प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कर रहा था। संदीप आज-कल कहते हुए उन्हें टरकाने लगा। पीड़ित ने इस बात की जानकारी प्रापर्टी डीलर राकेश को दी। राकेश और संदीप दोनों ही टालमोल करने लगे। रुपये वापस मांगने पर आरोपी राकेश दुबे ने अपना और अपनी पत्नी सुमन के संयुक्त खाते का एक चेक दिया। पीड़ित ने चेक अपने खाते में लगाया तो वह बाउंस हो गया। बैंक में छानबीन की तो जानकारी हुई कि उन लोगों का कोई संयुक्त खाता नहीं है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने आनाकानी शुरू कर दी। पीड़ित आरडी यादव ने एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा से मामले की शिकायत की। शुरूआती जांच में आरोप सही मिले। जिसके बाद कृष्णानगर पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जालसाजों ने बेच डाली मृत किसान की जमीन, तीन गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने मृत किसान की जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। प्रॉपर्टी डीलर ने अपने साथियों के साथ मिलकर किसान की मौत के 14 महीने बाद उसकी 17 बिस्सा कृषि भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए दूसरे के नाम ट्रांसफर करा दिया। मामले में पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में बडेलिया खेड़ा निवासी राजकुमार, रहंटा खेड़ा निवासी ज्ञानेंद्र और राय सिंह खेड़ा निवासी सर्वेश शामिल हैं। गिरोह का सदस्य कमल यादव फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। उदयपुर निवासी किसान अवधराज सिंह का निधन 16 फरवरी 2023 को हो गया था। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने मृतक का फर्जी आधार कार्ड, फोटो और अन्य दस्तावेज तैयार कर एक व्यक्ति को अवधराज सिंह बनाकर 18 जुलाई 2024 को मोहनलालगंज स्थित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में शारदा नगर, आशियाना निवासी हेतराम पाल के पक्ष में जमीन का बैनामा करा दिया। बैनामे की 7.20 लाख रुपये की रकम कल्ली पश्चिम स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में मृतक के नाम से खोले गए फर्जी खाते में जमा कराई गई थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब मृतक की पत्नी विमला सिंह को फर्जी बैनामे की जानकारी मिली। उन्होंने तहसील में दस्तावेजों की जांच कराई, जहां पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी विकास कुमार पांडेय के अनुसार, मुख्य आरोपी राजकुमार ने मृतक के नाम से फर्जी पहचान तैयार कर स्वयं को जमीन का मालिक बताया। सह-आरोपी ज्ञानेंद्र ने फर्जी आधार कार्ड और फर्जी बैंक खाता खुलवाने की व्यवस्था की, जबकि सर्वेश ने फर्जी गवाह बनकर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कराई। पुलिस ने बताया कि बैनामे में गवाह बने भूपेंद्र नाथ के नाम पर भी फर्जी आधार कार्ड और फोटो तैयार किए गए थे। जालसाजों ने जमीन खरीदार हेतराम पाल को भी ठगी का शिकार बनाया। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद उसने बैनामा निरस्त कराया और पुलिस को साक्ष्य उपलब्ध कराकर जांच में सहयोग किया। मृतक के खाते से टीवीझ्रएसी की खरीदारी फर्जी बैनामे के बाद 29 जुलाई 2024 को आरोपी राजकुमार ने मोहनलालगंज की एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से एलईडी टीवी और 1.5 टन का स्प्लिट एसी खरीदा। इसके लिए 45,500 रुपये का ऑनलाइन भुगतान मृतक के फर्जी बैंक खाते से किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से टीवी और एसी बरामद कर लिए हैं। रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारी जांच के घेरे में मोहनलालगंज क्षेत्र में जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े के लगातार सामने आ रहे मामलों को देखते हुए पुलिस अब सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पीड़ितों ने रजिस्ट्री कार्यालय के स्टाफ पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। पुलिस प्रशासन ने जांच में उनकी जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ विधवा महिला का मुकदमा

लखनऊ। एक ओर पुलिस महिला सशक्तिकरण के दावे करती नजर आती है, वहीं दूसरी ओर रहीमाबाद थाना पुलिस द्वारा एक विधवा महिला की शिकायत दर्ज न करने का गंभीर मामला सामने आया है। न्याय न मिलने पर पीड़िता को अदालत की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश के बाद अब पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जिन आरोपियों को पहले बचाया जा रहा था, उन पर अब क्या निष्पक्ष कार्रवाई होगी। मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तिलक खेड़ा का है। गांव निवासी एक विधवा महिला ने आरोप लगाया कि 3 दिसंबर 2024 को गांव के ही रहने वाले देशराज, राजकुमार, पंकज और आशीष ने उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। महिला के अनुसार, शाम करीब 4 बजे आरोपियों ने उसकी जमीन से बांस-बल्ली हटाकर अपना दरवाजा खड़ा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जबकि आशीष ने छेड़छाड़ करते हुए उसके कानों के टॉप्स लूट लिए और उसे जमीन पर गिराकर चेहरे पर नाखूनों से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता का कहना है कि घटना के दिन शाम करीब 7 बजे वह शिकायत लेकर थाने पहुंची, लेकिन वहां मौजूद दरोगा ने उसका प्रार्थना पत्र लेने से इनकार करते हुए उसे भगा दिया। इसके बाद महिला ने 4 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया, 5 दिसंबर को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और 6 दिसंबर को एसीपी से लिखित शिकायत की। एसीपी के निर्देश के बावजूद रहीमाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

**सूचना**

मैं ठाकुर बख्श (existing name) पिता आर्मी नंबर 14936930 रैंक नायक नाम सिंह शैलेन्द्रकुमार ठाकुरबख्श निवासी कुम्भी, अकबरपुर, उन्नाव (उ.प्र.) पिन 209867 घोषित करता हूँ कि मेरा नाम मेरे पुत्र के आर्मी दस्तावेजों में ठाकुर बख्श गलत अंकित हो गया है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम Thakur Baksha singh है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। इसके अतिरिक्त मेरी जन्मतिथि भी 01 July 1959 से 16 December 1952 बदली किया जाता है।

Affidavit No. GZ 576035
DT 16 JAN 2026

**कार्यालय ग्राम पंचायत मो. नगर रहमत नगर वि.ख.-मलिहाबाद, लखनऊ**

पत्रांकः मेमो/25-26/अल्प.निविदा/राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा — दिनांक- 18/01/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मो. नगर रहमत नगर में राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा/2025-26 की कार्ययोजना के अन्तर्गत निम्न कार्यों हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित सामग्री की आवश्यकता है, **प्रयुक्त होने वाली सामग्री-**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ईटा एम-150 | मौरंग | बालू | सीमेन्ट | ईटा रोड़ा 40 एम.एम | पत्थर गिट्टी | इण्टर लाकिंग टायल्स 80 एम.एम | अन्य सामग्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रिजवान के घर से बिन्द्रा के घर तक इण्टरलाकिंग | 7490 | 28.39 घन मी. | 31.63 घन मी. | 9.47 टन | 56.79 घन मी. | 2.96 घन मी. | 486.46 वर्ग मी. | 6.44 घन मी. |
| 2 | राधेश्याम के घर से बाबा की कुटी तक इण्टरलाकिंग | 7617 | 28.26 घन मी. | 41.18 घन मी. | 9.80 टन | 56.52 घन मी. | 3.69 घन मी. | 633.6 वर्ग मी. | 7.01 घन मी. |

उपरोक्त विवरण के अनुसार अति अल्पकालीन निविदा सूचना के इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्ति कर्तायों से मुहर बन्द लिफाफे में प्रकाशन की तिथि से 27/1/2026 को समय अपरान्ह 2:00 बजे तक जमा कर सकते है निविदा उसी दिन सभी निविदा दाताओं व क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष 4 बजे खोली जायेगी। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करना आवश्यक होगा अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार होगा।

**श्याम सुन्दर पाल**
**प्रधान**

**तेज कुमार वर्मा**
**सचिव**

## हरे कृष्णा, हरे रामा और गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो से गूंजा अर्बन शेल्व्स

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नवनिर्मित अर्बन स्लेव्स में इस्कॉन टेंपल की टीम ने सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हरे कृष्णा हरे रामा, राधे जया जया माधवा, इस्कॉन मंत्र, गोविंद बोलो हरी गोपाल बोलो, अच्युतं केशवं, जीवा जागो जैसे आध्यात्मिक गीतों से आगंतुकों और वहाँ मौजूद सभी व्यक्ति विशेष का मन मोह लिया। इस विशेष अवसर पर डॉ. विवेक तांगड़ी, मुख्य महंत, श्री लेटे हुए हनुमान मंदिर भी उपस्थित रहे. उन्होंने पारंपरिक दीप प्रज्वलन किया गया, जो सकारात्मकता, समृद्धि और शुभ आरंभ का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. तांगड़ी ने रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और उद्देश्यपूर्ण उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला, जो आधुनिक जीवनशैली को बेहतर बनाने में सहायक हैं। उनके आशीर्वचन और गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को आध्यात्मिक महत्व प्रदान किया। अर्बन शेल्व्स ने अपने सुसज्जित इंटीरियर्स और सुरुचिपूर्ण वातावरण से आगंतुकों पर गहरी छाप छोड़ी। शोरूम में लग्जरी सोफे, डिजाइनर बेड्स, स्टाइलिश कंसोल और आकर्षक डाइनिंग टेबल्स सहित अत्याधुनिक फर्नीचर की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। प्रत्येक कलेक्शन में उत्कृष्ट कारीगरी, बारीकियों पर विशेष ध्यान और आधुनिक डिजाइन का स्पष्ट प्रतिबिंब देखने को मिला। प्रीमियम फर्नीचर के साथ-साथ अर्बन शेल्व्स ने अपनी समग्र इंटीरियर डिजाइन सेवाओं का भी अनावरण किया, जिसमें कस्टमाइज्ड मॉड्यूलर किचन, वार्डरोब्स और स्पेस-एफिशिएंट स्टोरेज सॉल्यूशंस शामिल हैं। आगंतुकों ने ब्रांड की पर्सनलाइज्ड डिजाइन सेवाओं में विशेष रुचि दिखाई और कार्यक्षमता, नवाचार एवं सौंदर्य के संतुलित संयोजन की सराहना की। विशेष रूप से मॉड्यूलर किचन और वार्डरोब डिजाइनों को उनकी स्मार्ट उपयोगिता, प्रीमियम फिनिश और आधुनिक स्टाइल के लिए खूब प्रशंसा की।

## लोहिया पथ के किनारे अजगर मिलने से मचा हड़कंप



**लखनऊ।** गोमतीनगर फन रिपब्लिक के पीछे विशाल अजगर देर शांम निकलने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। लोहिया पथ पर चलते समय एक राहगीर ने बताया कि सांप जैसा कुछ दिखाई दे रहा है जब नजदीक जाकर देखा तो लगभग 9 फिट से ज्यादा लम्बा अजगर सांप दिखाई दिया। देखते ही देखते सड़क पर जाम लगने लगा ऐसे में किसी ने वन विभाग को सूचना दिया। वन विभाग की टीम ने मौके पर अजगर सांप को पकड़कर चिड़िया घर में रखने के लिए ले गये। वन विभाग के कर्मचारी रवीन्द्र ने बताया कि अजगहर कई दिनो से बगल में बने बड़े तलाब से निकल कर आया होगा।

## मौन रखकर लोगों ने किया स्नान-दान और पूजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानी मौनी अमावस्या पर रविवार को लोगों ने शुभमुहूर्त में मौन रखकर श्रद्धा के साथ पवित्र स्नान किया। कुछ लोगों ने गोमती नदी में आस्था की डुबकी लगायी। वहीं अधिकतर लोगों ने अपने घरों में पानी में गंगाजल डालकर स्नान किया। दिनभर मौन रहकर उपवास रखा। स्नान के बाद लोगों ने काले तिल, तिल का तेल, आंवला, कम्बल, खिचड़ी आदि का दान किया।

मंदिरों में जाकर अपने आराध्य का दर्शन- पूजन किया। माघ आमवस्या शनिवार की मध्य रात्रि 12:03 बजे से शुरू होकर 18 जनवरी की देर रात 01:21 बजे तक रहेगी। मौनी अमावस्या पर हर्षण और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहे हैं। साथ ही शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है।

आचार्य बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन पूर्वाअषाढा नक्षत्र, चंद्रमा धनु राशि में और चार ग्रह सूर्य बुध शुक्र मंगल मकर राशि में संयोग बना रहे हैं। अर्धोदय योग भी बनेगा। स्कंदपुराण में इस अर्धोदय योग को बहुत पुण्यदायी बताया गया है। इसमें स्नान दान आदि पुण्य कार्य करने से कई गुना अधिक फल की प्राप्ति होती है। इस दिन की गई पूजा और दान से राहु, केतु और शनि से संबंधित दोषों की शांति होती है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान आदि कर पूरे दिन मौन रहकर उपवास करते हैं।

भगवान विष्णु के साथ पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। मौनी अमावस्या के दिन मौन रहने और कटु शब्दों को न बोलने से मुनि पद की प्राप्ति होती है। तिल, तिल का तेल, आंवला, कंबल आदि वस्त्रों का दान करना चाहिए। साथ ही जिनकी कुंडली में पितृ दोष है। उनको पितरों को तर्पण आदि कर दान दक्षिणा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

शहर में गोमती के कुड़ियाघाट, लल्लूमल घाट, कलाकोठी घाट पर भी कुछ लोगों ने स्नान किया। कुड़िया घाट पर पुरोहित पारूल शुक्ला ने बताया कि जिनकी कुंडली में पितृ दोष होता है उन्होंने पितरों का तर्पण व पिंडदान किया। पितृ देव को प्रसन्न करने के लिए दान-दक्षिणा दी। ऐसी मान्यता है कि इससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। वहीं लोगों ने अपने घरों पर स्नान करने के बाद भगवान विष्णु के साथ पीपल के पेड़ की पूजा की। मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन किया।

## नटखेडा रोड चौकी इंचार्ज ने व्यापारियों की मदद से 83 वर्षीय भटके बुजुर्ग को पहुंचाया घर

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली के नटखेडा रोड चौकी इंचार्ज ने एक 83 वर्षीय भटके बुजुर्ग के परिजनों की व्यापारियों की मदद से परिजनों की तलाश कर उसके गंतव्य पहुंचा दिया। कृष्णा नगर कोतवाली के नटखेडा रोड चौकी इंचार्ज बादल सरोहा ने बताया रास्ता भटके 83 वर्षीय बुजुर्ग की पहचान मूल रूप से मनमाड़ जिला नासिक महाराष्ट्र निवासी पुजारण अर्जुन माहिर के रूप में हुई है। वही बुजुर्ग के अनुसार अपने घर से लखनऊ के तेलीबाग में रहने वाले पोते के घर के लिए निकले थे लेकिन रेलवे स्टेशन से उतर कर रास्ता भूल भटकते भटकते आलमबाग नटखेडा रोड पहुंच गए। पुलिस के अनुसार रास्ता भटके बुजुर्ग को आलमबाग नटखेड़ा रोड व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोडा सहित व्यापारियों की मदद से बुजुर्ग के पोते का नंबर पता कर उनसे सम्पर्क कर पहचान हो जाने पर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही भटके बुजुर्ग को सही सलामत पाककर परिजनों ने लखनऊ कमिश्नर पुलिस की सरहाना की है।

# उत्तरायणी कौथिग : उत्तराखंडी लोकगायक गोविंद दिगारी ने मचायी धूम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्वतीय महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग के पंचम दिवस का मुख्य आकर्षण उत्तराखण्ड से आए मेहमान कलाकार मशहूर लोकगायक गोविन्द दिगारी के गीतों पर जनसमूह का जमकर झूमना रहा। लोकगायक को सुनने लखनऊ शहर से लेकर सुदूर क्षेत्रों से आए फॉलोवर्स में गहरा उत्साह दिखा जोकि सुबह से ही पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन बीरबल साहनी मार्ग स्थित उत्तरायणी कौथिग स्थल पर उमड़ता रहा, कई फॉलोवर्स रविवार की छुट्टी होने के कारण भीड़ का संगम होने की खुशी मनाते दिखे। गायक का हर गीत पहाड़ छूटी ग्यो, परदेश जाना ले, छपेली, फुल्क्या पतौली, गोविन्दी घुंघुर बजै दे छमछमा व लाली हो लाली होसिया श्रोताओं में उमंग उड़ेलता रहा। गोविन्द दिगारी ने बताया कि इसी प्रकार का मेला उत्तराखण्ड हल्द्वानी में कुमाँऊ द्वार महोत्सव के नाम से आयोजित किया जाता है, जिसमें करोड़ों की संख्या में उत्तराखण्ड व पूरे भारत वर्ष के गणमान्य लोग पधारते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रथम सत्र के कार्यक्रमों में क्षेत्रीय शाखाओं के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गयी, तत्पश्चात झोड़ा नृत्य प्रतियोगिओं का शिलशिला शुरू हुआ जोकि देवभूमि मायापुरी कल्याणपुर का दल सोनिया बिष्ट, रंगीला बहादुर कल्याणपुर का दल जानकी भट्ट, वसुंधरापुरम्‌ कालोनी कल्याणपुर का दल सुशीला नेगी, कल्याणपुर झोड़ा का दल राधा बोरा व विमला रावत के नेतृत्व में प्रस्तुतियां देते हुए शाम होने तक चलता रहा उसके बाद पहाड़ी धुनों पर देशी ठुमका एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायंकालीन सत्र राजुला मालूसाई लोक गाथा की नृत्य नाटिका के साथ प्रारम्भ हुआ जोकि ज्वार मुनस्यार सांस्कृतिक ग्रुप विकास नगर लखनऊ द्वारा नंदा रावत के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। अन्य कार्यक्रमों में क्रमशः गायन प्रतियोगिता पहाड़ की आवाज, छपेली प्रतियोगिता झुमिगो सीजन 4 एवं उत्तराखण्ड संस्कृति विभाग से आए मेहमान कलाकार मनोज सावंत की प्रस्तुति के साथ साथ क्षेत्रीय शाखाओं के कलाकारों की प्रस्तुतियों का दर्शकों ने आनन्द लिया।

विशिष्ट अतिथि दीपक ध्यानी एडिशनल अपर महाप्रबंधक जनरल मैनेजर एच ए एल लखनऊ मंडल सपत्नी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रमों का उद्घाटन किया, पर्वतीय महापरिषद के संरक्षक जे पी डिमरि व के सी पन्त ने पुष्पगुच्छ एवं अध्यक्ष गणेश जोशी व महासचिव महेन्द्र सिंह रावत द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत व सम्मान किया गया, श्रीमती ध्यानी को दीप्ती जोशी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उत्तरायणी कौथिग के मंच से मिस उत्तरायणी का वंषिका सिंह व मिस्टर उत्तरायणी का दिव्यांशु जोशी को सम्मान प्राप्त हुआ, यह सम्मान युवा प्रकोष्ठ द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा भारतीय रंगमंच में निर्देशन के सर्वोत्तम राष्ट्रीय पुरूष्कार से सम्मानित रंगकर्मी ललित पोखरिया, साहित्यकार धन सिंह मेहता, मुख्य संयोजक महिला प्रकोष्ठ मंजू भास्कर शर्मा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुमन रावत, देवेन्द्र मिश्रा, के एस रावत, एम एस मेहता, वरिष्ठ मीडिया सलाहकार प्रेम सिंह फर्सवाण, मीडिया सलाहकार हरिश काण्डपाल, पी सी पन्त, ख्याली सिंह, सुनील किमोठी, लक्ष्मण सिंह भण्डारी, के एन पाठक, शंकर पाण्डेय, के एन पाण्डेय, संजय पाण्डेय, वीरेन्द्र आर्या, बसन्त भट्ट, लक्ष्मण सिंह धामी, बिषन दत्त जोशी, आनन्द कपकोटी, गोविन्द पाठक,, आनन्द भण्डारी, उमेद सिंह दयोपा, सुदीप जोशी व अन्य उपस्थित रहे।

# पद्मश्री अनूप जलोटा की सुमधुर प्रस्तुति से सजेगा भातखंडे का मंच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में भारतीय संगीत की महान परंपरा को सजीव बनाए रखने तथा देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को भावी पीढ़ियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से महान संगीत विभूतियों की स्मृति में विशेष चेयर की स्थापना की गई है। इसी क्रम में पद्मविभूषण से अलंकृत, भारतीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की अमर स्वर-साधिका विदुषी बेगम अख्तर जी की स्मृति में आयोजित किए जा रहे प्रथम कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा अत्यंत गरिमामय रूप से किया जा रहा है।

इस विशिष्ट अवसर पर भारतीय भक्ति संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने वाले, पद्मश्री से सम्मानित एवं विश्वविख्यात भजन सम्राट अनूप जलोटा जी अपनी सुमधुर एवं भावपूर्ण संगीत प्रस्तुति से श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर करेंगे। उनकी प्रस्तुति न केवल संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगी, बल्कि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए भारतीय संगीत की सूक्ष्मताओं को समझने का एक दुर्लभ अवसर भी प्रदान करेगी। यह भव्य एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम दिनांक 19 जनवरी 2026 को सायं 5:00 बजे भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलामंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ संगीत जगत से जुड़े विद्वान, कलाकार, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में अध्ययनरत शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं सुगम संगीत की समृद्ध परंपरा से एवं संगीत तकनीक से परिचित कराना, महान संगीत विभूतियों की कला-साधना, जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक योगदान को गहराई से समझने का अवसर प्रदान करना तथा इस अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाना है। स्थापित चेयर के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा भारत की संगीत एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े अनेक व्याख्यान, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ, संगीत प्रस्तुतियाँ एवं शोधपरक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे संगीत शिक्षा में अनुसंधान की अनेक संभावनाएं विकसित हुई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करता रहेगा। ये कार्यक्रम शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में जोड़ने, महान संगीत विभूतियों के योगदान को जन-जन तक पहुँचाने एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए समर्पित होंगे। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ संगीत को समाज सेवा एवं संवेदनशीलता का माध्यम बनाने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय सदैव सामाजिक दायित्व एवं सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से विश्वविद्यालय अपने इस संकल्प को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएगा।

# खरमास खत्म लेकिन मांगलिक कार्यों के लिए करना होगा इंतजार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू पंचांग के अनुसार खरमास समाप्त हो गया है, लेकिन इसके बावजूद अभी शादी-विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। दरअसल, खरमास खत्म होने के बाद भी कुछ समय तक शुभ योग और विवाह मुहूर्त नहीं बन रहे हैं, जिस वजह से लोग शादी की तारीख तय नहीं कर पा रहे हैं। खरमास के दौरान सूर्य धनु राशि में रहता है, इस समय शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के बाद खरमास तो समाप्त हो जाता है, लेकिन इसके बाद भी ग्रहों की स्थिति और तिथियों के कारण विवाह मुहूर्त सीमित रहते हैं।

**क्यों करना होगा मांगलिक कार्यों के लिए इंतजार:** ज्योतिष के अनुसार शादी जैसे मांगलिक कार्य तभी किए जाते हैं, जब पंचांग में शुभ तिथि, वार और योग बनते हों। आमतौर पर मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और इसी के साथ खरमास खत्म माना जाता है। उत्तरायण को देवताओं का दिन कहा जाता है, इसलिए इस समय को शुभ माना जाता है। लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। इस साल 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति तो है, लेकिन इसके बाद भी शादी-विवाह और दूसरे मांगलिक काम शुरू नहीं हो पाएंगे। इसकी वजह है शुक्र ग्रह का अस्त होना। ज्योतिष के अनुसार, शुक्र ग्रह 11 दिसंबर 2025 को अस्त हो गए थे। शुक्र को प्रेम, विवाह, दांपत्य सुख और वैवाहिक जीवन का कारक ग्रह माना जाता है। जब शुक्र अस्त रहते हैं, तब विवाह जैसे संस्कार शुभ फल नहीं देते। इसी कारण सूर्य के उत्तरायण होने के बावजूद मांगलिक कार्यों पर रोक बनी रहेगी।

## विवाह मुहूर्त कब से शुरू होंगे?

शुक्र ग्रह करीब 53 दिन तक अस्त रहते हैं और 1 फरवरी 2026 को उदय होंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, किसी भी ग्रह के उदय के तीन दिन बाद उसके शुभ प्रभाव पूरी तरह माने जाते हैं। ऐसे में 4 फरवरी 2026 से विवाह और अन्य शुभ कार्यों की शुरूआत मानी जाएगी।

## 2026 के विवाह शुभ मुहूर्त

- फरवरी–5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26
- मार्च–2,3, 4, 7, 8, 9, 11, 12
- अप्रैल– 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29
- मई– 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14
- जून–21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29
- जुलाई– 1, 6, 7, 11, 12
- अगस्त, सितंबर और अक्टूबर तीन महीनों में विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं है
- नवंबर–21, 24, 25, 26
- दिसंबर–2, 3, 4, 5, 6

**अबूझ मुहूर्त क्या होता है:** ज्योतिष में कुछ खास दिनों को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। इन दिनों की खास बात यह होती है कि इन पर अलग से मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती। माना जाता है कि इन तिथियों पर ग्रह-नक्षत्र अपने आप शुभ स्थिति में होते हैं, इसलिए विवाह और अन्य मांगलिक कार्य बिना किसी रुकावट के किए जा सकते हैं। इन्हें सिद्ध मुहूर्त भी कहा जाता है।

### 2026 के अबूझ विवाह मुहूर्त

- बसंत पंचमी: 23 जनवरी
- फुलेरा दूज: 19 फरवरी
- अक्षय तृतीया: 19 अप्रैल
- देवउठनी एकादशी: 30 सितंबर
- विजयादशमी (दशहरा): 20 अक्टूबर

# लखनऊ जू : बाल रेल का रिनोवेशन कर पार्टी ऑन व्हील्स का शुभारम्भ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ में वर्ष 2023 में पुरानी बाल रेल का रिनोवेशन कर पार्टी ऑन व्हील्स का शुभारम्भ किया गया था। वर्श 2023 से अब तक कई व्यक्तियों द्वारा अपने बच्चों के बर्थडे मनाये जा चुके हैं। इसी क्रम में श्री महेष कुमार गुप्ता 1/10 नीलकण्ठ, गोखले मार्ग, लखनऊ ने अपनी पोती सान्वी का बर्थडे मनाने हेतु पार्टी ऑन व्हील्स की बुकिंग करवाकर आज दिनांक 18 जनवरी, 2026 को सान्वी का बर्थ डे मनाया गया। इस प्रकार का कार्य करने वाला यह प्रथम प्राणी उद्यान है।

प्राणि उद्यान की निदेषक महोदया ने कहा कि प्राणि उद्यान में पार्टी ऑन व्हील्स पर बच्चों के बर्थ डे मनाने से बच्चों को कुछ ज्यादा ही खुषी होती है क्योंकि केक के साथ-साथ वन्य जीवों को भी देखने एवं उन्हें जानने का मौका भी मिलता है। कोई भी व्यक्ति प्राणि उद्यान के कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर रू0 10 का एक फार्म लेकर पार्टी ऑन व्हील्स की बुकिंग करवा सकता है। पार्टी ऑन व्हील्स बुकिंग रू0 5100 मात्र देकर की जाती है। प्राणि उद्यान में स्थित कैंटीन एवं फूड कोर्ट से अपने अनुसार खाना बुक करवा सकते हैं। नवाब वाजिद अली षाह प्राणि उद्यान, लखनऊ आप सभी का स्वागत करने के लिए हमेषा तत्पर रहता है।

# डॉ. अशोक अज्ञानी को मिलेगा मित्र स्मृति अवधी सम्मान-2026

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रख्यात अवधी साहित्यकार लक्ष्मण प्रसाद मित्र की स्मृति में दिया जाने वाला मित्र स्मृति अवधी सम्मान-2026 इस बार साहित्यकार डॉ अशोक अज्ञानी को दिया जाएगा। लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित चयन समिति की संरक्षिका मनोरमा साहू, अध्यक्ष अजय साहू तथा सचिव डॉ. राम बहादुर मिश्र ने सर्वसम्मति में यह घोषणा करते हुए बताया कि यह समारोह आगामी 2 फरवरी को यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में होगा। उल्लेखनीय है कि डॉ अशोक अज्ञानी अवधी लोक साहित्य के मौलिक साहित्यकार हैं और अब तक उनकी 16 पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें 10 पुस्तकें अवधी पर केन्द्रित हैं।



# गीता रसामृतम में भक्तों ने जाना सुखी जीवन, शुभ-अशुभ कर्मों का रहस्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन)सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ द्वारा दो दिवसीय श्रीमद भगवत गीता ज्ञान महोत्सव गीता रसामृतम का आयोजन, विंट क्लब, शहीद पथ, लखनऊ मे किया गया, जिसके द्वितीय एवं अंतिम दिवस का शुभारम्भ सायं 04:00 बजे मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय प्रभुजी, आनंद स्वरुप अग्रवाल, ( चेयरमैन मन्दिर निर्माण समिति ) एवं अन्य वरिष्ठ भक्तों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। द्वितीय एवं अंतिम दिवस इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष एवं वक्ता श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने कथा में बताया कि हिन्दू धर्म में 33 करोड़ देवी देवताओं में से परम पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ही मूल हैं, उन्होंने हमें बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखने पर यह ज्ञान होता है कि अच्छे लोगों के साथ बुरा तथा बुरे लोगों के साथ अच्छा कभी नहीं हो सकता है यह तभी तक रहता है जब तक व्यक्ति के पुण्य उसके साथ रहते हैं। श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण 06 ऐश्वार्यों से परिपूर्ण हैं, जो पूर्ण ज्ञानवान, पूर्ण सौंदर्यवान, पूर्ण बलवान, पूर्ण धनवान, पूर्ण यशवान एवं पूर्ण वैराग्यवान हैं, जो सभी को आकर्षित करने वाले हैं। अपरिमेय श्याम प्रभु ने यह भी बताया कि यदि हम आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो सभी धर्म ग्रंथों में समान शिक्षा दी गयी है, श्रीमद भगवत गीता के अनुसार परम पुरषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर हैं, अलग अलग धर्मों में उन्हें अलग अलग नामों से जाना जाता है, जिस तरह से सूर्य एक ही होता है लेकिन अलग अलग जगह पर अलग अलग भाषा मे उनको अलग अलग नाम दिया गया है ठीक उसी तरह ईश्वर भी एक ही है उन्हें अलग अलग नामों से पुकारा जाता है। प्रभुपाद यूथ आर्मी द्वारा आनंदमयी हरिनाम संकीर्तन, इस्कॉन गर्ल्स फोरम की प्रेरणादायी एवं शिक्षाप्रद नाट्य प्रस्तुति एवं मुकुंदा रॉक बैंड की दिव्य आनंदमय प्रस्तुति पर हजारों भक्त बहुत ही उत्साह के साथ नृत्य करते हुए निरंतर आनंद के सागर मे डुबकियाँ लगाते रहे। श्रीमद भगवत गीता ज्ञान महोत्सव ३गीता रसामृतम में लखनऊ एवं आस-पास के हजारों गणमान्य भक्त उपस्थित रहे, सम्पूर्ण पंडाल परिसर हरे कृष्ण महामंत्र की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान हो उठा सभी भक्तों ने स्वादिष्ट भोजन प्रसाद ( भण्डारा ) का आनंद उठाया।

# रामायण के मंचन से राम मय हुआ यूपी महोत्सव, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी महोत्सव में संडे के दिन जानकीपुरम सहित लखनऊ के हर क्षेत्र के लोगों ने महोत्सव में शामिल होकर खूब आनंद यूपी महोत्सव जो आज एक ब्रांड की तरह स्थापित हो गया है लोगों का जबरदस्त इंतजार रहता है और हर बार हम लोगों का स्वागत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं झूला मस्ती फूड जोन खरीदारी सेल्फी बच्चों का मनोरंजन सब कुछ मिलता है सिर्फ यूपी महोत्सव में। प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित सांस्कृतिक पर आज दिशा प्रगति फाउंडेशन द्वारा संध्या रावत के नेतृत्व में श्री रामचरितमानस का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया गया गोरखपुर के कलाकारों द्वारा अपनी कला से आई हुई जनता का भगवान राम के प्रति भक्ति भाव को खूबबढ़ाया। अनिल शर्मा द्वारा गणेश वंदना रामायण का मंचन ईशानी अंजलि एकता अनुष्का समीक्षा परी जानवी कनक नेहा महतवा श्रीवास्तव द्वारा अच्युतम केशवम सोलो डांस नेवा श्रीवास्तव सहित अन्य कलाकारों ने भोजपुरी क्लासिकल सहित अन्य विधाओं में अद्भुत प्रतिभा का उदाहरण पेश किया कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करके सबको भाव विभोर कर दिया सभी कलाकारों को संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# आज की महिला हर क्षेत्र में पहचान बना रही : पद्मिनी कोल्हापुरे

- मिस एवं मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस 2026 का ग्रैंड फि नाले आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मिस एवं मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस 2026 का ग्रैंड फि नाले 18 जनवरी की शाम को आयोजित किया गया। यह भव्य आयोजन होटल रेजनेंट, निराला नगर, लखनऊ में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि सेलिब्रिटी होस्ट सिमरन आहूजा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसका आयोजन प्रतिवर्ष डॉ. आकांक्षा गोगना क्रिएटिव आई फाउंडेशन द्वारा किया जाता है। जो एक डॉक्टर होने के साथ-साथ मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ सब्सटांस और मिसेज एलिगेंट 2021 का खिताब भी जीत चुकी हैं।

इस अवसर पर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने अपने विचार रखते हुए कहा मिस एवं मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस केवल एक ब्यूटी पेजेंट नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और सशक्तिकरण का एक सशक्त मंच है।

आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है, और ऐसे मंच उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का साहस और अवसर प्रदान करते हैं। यह मंच केवल सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और आत्मनिर्भरता का सशक्त उत्सव है। आज की महिला हर भूमिका में उत्कृष्ट है–चाहे वह घर हो, करियर हो या समाज–और ऐसे मंच उसे अपनी पहचान बनाने का अवसर देते हैं।

पेजेंट की जूरी में कई प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं, जिनमें डॉ. सुकेशिनी अग्रवाल (एमबीबीएस, डिजिओ), मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड झ बियॉन्ड गिविंग 2019, कीर्ति मिश्रा, मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2018, अल्पा शाह, मिसेज यूनिवर्स एलोक्वेंस 2022 तथा रिंकी वर्मा, मिसेज इंडिया बॉडी ब्यूटीफुल 2021 शामिल हैं। मिस एवं मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस एक पंजीकृत एवं गरिमामय ब्यूटी पेजेंट है।

यह ब्यूटी पेजेंट पूरी तरह से महिला सशक्तिकरण को समर्पित है। मिस एवं मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ एक्सीलेंस न केवल अविवाहित युवतियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन विवाहित महिलाओं को भी एक सशक्त मंच देता है, जो विवाह के बाद पारिवारिक और बच्चों की जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाईं। यह मंच महिलाओं को एक नई पहचान, सम्मान और जीवन में नई उड़ान भरने का अवसर प्रदान करता है। अब तक इस पेजेंट की चयन प्रक्रिया ऑनलाइन ऑडिशन के माध्यम से होती रही है, लेकिन भविष्य में आयोजक टीम इसे ऑफलाइन और लाइव रूप में आयोजित करने की योजना पर कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचना है, ताकि वहां की महिलाएं भी मुख्यधारा से जुड़ सकें और इस मंच के माध्यम से अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा को सामने ला सकें।

# कोहरे से कई ट्रेनें व उड़ानें हुईं लेट, यात्री घंटों इंतजार करने को मजबूर




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** घने कोहरे ने रविवार को लखनऊ में हवाई और रेल यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया। दृश्यता शून्य होने के कारण यूएई, रियाद और मुंबई से आने वाली तीन महत्वपूर्ण उड़ानें दिल्ली डायवर्ट करनी पड़ीं, जबकि पांच उड़ानें रद्द कर दी गईं और लगभग 30 उड़ानें देरी से चलीं। इसी के साथ, तेजस और शताब्दी जैसी वीआईपी ट्रेनों सहित 45 ट्रेनें भी कोहरे की मार झेलती रहीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। उड़ानों का संचालन बाधित शनिवार को कोहरे के कारण विमानन सेवाओं में भारी व्यवधान उत्पन्न हुआ।

रसअलखैमाह (यूएई) से आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-125, मुंबई से आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1026, और रियाद से आने वाली फ्लाइनास की उड़ान एक्सवाई-333 को शून्य दृश्यता के कारण लखनऊ में उतरने की अनुमति नहीं मिली। इन विमानों ने एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में आठ से ज्यादा चक्कर काटे, लेकिन अंततः उन्हें दिल्ली के लिए डायवर्ट कर दिया गया। चंडीगढ़, अहमदाबाद और दिल्ली से आने वाली इंडिगो की उड़ानें, साथ ही लखनऊ से दिल्ली और अहमदाबाद जाने वाली दो उड़ानें भी रद्द कर दी गईं।

दुबई, झारसुगुड़ा और मुंबई से आने वाली कई अन्य उड़ानें भी घंटों की देरी से पहुंचीं।वीआईपी ट्रेनों पर कोहरे का असर घने कोहरे ने वीआईपी ट्रेनों के समय-सारणी को भी अस्त-व्यस्त कर दिया। नई दिल्ली से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से पहुंची, जिसके कारण लखनऊ से इसका प्रस्थान भी दो घंटे विलंबित हुआ। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस पांच घंटे लेट रही। इसके अतिरिक्त, गोमती एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, अवध आसाम एक्सप्रेस और गरीब रथ एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनें भी कई घंटों की देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी।

**ये उड़ानें रहीं निरस्त :** कोहरे के चलते चंडीगढ़ से सुबह सवा सात बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-146, अहमदाबाद से सुबह 9:25 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-6244, दिल्ली से सुबह 9:40 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2107 तथा लखनऊ से सुबह 6:10 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-6026 और लखनऊ से सुबह 6:40 बजे अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-142 निरस्त कर दी गई।

**देरी की शिकार हुईं ये उड़ानें :** दुबई से सुबह 3:30 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-198 दो घंटे लेट पहुंची। ऐसे ही झारसुगुड़ा से आने वाली स्टार एयर की उड़ान एस-5228 ढाई घंटे, दुबई से आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-194 डेढ़ घंटे, मुंबई से आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-6937 दोपहर 1:50 बजे पहुंची। लखनऊ से रात 1:35 बजे दुबई जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-193 दो घंटे, बंगलूरू जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-2918 दो घंटे, हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की 6ई-523 सवा घंटे, कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-505 करीब डेढ़ घंटे, दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2026 एक घंटे की देरी से उड़ान भर सकी।

**वीआईपी ट्रेनें कोहरे की चपेट में :** घने कोहरे के कारण वीआईपी ट्रेनों का संचालन बेपटरी हो गया। नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली 12004 शताब्दी एक्सप्रेस तीन घंटे लेट से आई, जिसकी वजह से लखनऊ से शताब्दी दो घंटे देरी से चल सकी। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस पांच घंटे लेट रही। दिल्ली से लखनऊ आने वाली 12419 गोमती एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, 20503 राजधानी एक्सप्रेस 16 घंटे, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली 12420 गोमती एक्सप्रेस चार घंटे, 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 11 घंटे, 15566 वैशाली एक्सप्रेस सात घंटे, 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस चार घंटे, 12204 गरीब रथ एक्सप्रेस चार घंटे लेट रही।

## अब आरएसी टिकट नहीं, स्लीपर के लिए कम से कम 200 किमी. का किराया




**लखनऊ।** भारतीय रेलवे ने जनवरी 2026 से अमृत भारत 2 एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र के अनुसार, इन नई ट्रेनों का किराया ढांचा और बुकिंग नियम पिछली अमृत भारत ट्रेनों से थोड़े अलग होंगे। नए नियम के तहत बेसिक किराया नहीं बदला गया है, लेकिन न्यूनतम दूरी के नियम तय किए गए हैं। नए नियम के मुताबिक, स्लीपर क्लास के लिए कम से कम 200 किमी का किराया देना होगा, जो कि 149 रुपये होता है। वहीं सेकेंड क्लास के लिए 50 किमी यानी 36 रुपये न्यूनतम किराया रखा गया है। इसके अलावा, रिजर्वेशन चार्ज और सुपरफास्ट सरचार्ज अलग से लागू होंगे। यदि आप 100 किमी की यात्रा करते हैं, तो भी आपको स्लीपर क्लास के लिए 200 किमी का न्यूनतम किराया देना होगा।

**आरएसी का प्रावधान खत्म :** अमृत भारत क्क्रएक्सप्रेस के स्लीपर क्लास में एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब इस ट्रेन में फ्अउ टिकट नहीं होंगे। एडवांस रिजर्वेशन पीरियड के दिन से ही सभी बर्थ यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। अनारक्षित द्वितीय श्रेणी के लिए पुराने नियम ही लागू रहेंगे।

**अब केवल तीन कोटा :** स्लीपर क्लास में अब केवल तीन श्रेणियों के लिए कोटा उपलब्ध होगा। महिला, दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक कोटा। इनके अलावा अन्य कोई कोटा इस ट्रेन में लागू नहीं होगा। रेलवे बोर्ड ने वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के साथ यात्रा करने वालों के लिए लोवर बर्थ की सुविधा दी है।

60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुषों और 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाओं को सिस्टम स्वचालित रूप से लोअर बर्थ आवंटित करने का प्रयास करेगा। उपलब्धता के आधार पर आवंटित किया जाएगा। यदि आप ऐसे बच्चे के साथ यात्रा कर रहे हैं जिसका अलग से बर्थ नहीं लिया गया है, तो सिस्टम आपको लोअर बर्थ देने को प्राथमिकता देगा।

**रिफंड और डिजिटल भुगतानः** कैंसिल किए गए टिकटों का रिफंड 24 घंटे के भीतर शुरू करने के उद्देश्य से रेलवे ने नई नीति अपनाई है। आरक्षित टिकटों के लिए भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से ही स्वीकार किया जाना चाहिए। काउंटर टिकट खरीदते समय भी डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दी जाएगी। यदि डिजिटल भुगतान संभव नहीं है, तो सामान्य नियमों के तहत रिफंड दिया जाएगा।

# लक्ष्य जनकल्याण समिति का वार्षिक उत्सव 25 को



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री सिधेश्वर मंदिर पार्क, सेक्टर-6 में लक्ष्य जनकल्याण समिति का वार्षिक उत्सव आयोजित होगा वार्षिक उत्सव में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उपरोक्त निर्णय लक्ष्य जनकल्याण समिति की कार्यसमिति की बैठक में लिया गया वार्षिक उत्सव की जानकारी प्रदान करते हुये समिति के अध्यक्ष एस के बाजपेई ने बताया की समिति का वार्षिक उत्सव 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दीप प्रज्वलित कर शुरू होगा।

उसके पश्चात बच्चे विभिन्न एक्टिविटी में भाग लेंगे जिसमे नृत्य, संगीत, गायन, ड्राइंग इत्यादि विषय होंगे साथ ही साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं खेल होंगे।

बैठक में समिति के महामंत्री पंकज कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष डी सी गुप्ता, प्रचारमंत्री राहुल पालीवाल, सांस्कृतिक मंत्री महेश चंद्र गुप्ता सहित एके श्रीवास्तव, एस के दुबे, प. महेन्द्र कुमार मिश्रा, डी एन मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, विनय कुमार , डॉ अमित सक्सेना, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, रामजीत यादव, मणि गुप्ता व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# धर्म से बड़ी जाति नहीं होती : आचार्य मनोजानंद

## हिंदू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनपद लखनऊ के अलीगंज सेक्टर जे स्थित कोठारी बंधु पार्क में भव्य हिन्दू सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसमें भारत माता की आरती गुरुकुल विद्यार्थियों द्वारा स्वस्ति वाचन का गायन किया गया । मंच पर मुख्य अतिथि आचार्य मनोजानंद , मुख्य वक्त अनिल लखनऊ विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , ब्रिगेडियर डॉ प्रदीप श्रीवास्तव, आरकेवर्मा , आचार्य अंजनी विजयानंद का उद्बोधन हुआ। आचार्य मनोजानंद ने वेदों की गरिमा बताते हुए ज्योतिष के महत्व पर प्रकाश डाला , ब्रिगेडियर डॉ प्रदीप श्रीवास्तव ने हिंदुओं के संगठित होने के लिए विशिष्ट सुझाव प्रस्तुत किए। डॉ आर के वर्मा ने हिंदू , हिंदुत्व व धर्म के अलग अलग व्याख्या कर सनातन को मजबूत करने में बल दिया।

आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि , कंधे से ऊंची छाती नहीं होती और धर्म से बड़ी जाति नहीं होती । विभाग संघचालक अनिल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पृष्ठभूमि में पंच परिवर्तन के उद्देश्यों को विस्तार से रखा और निजी जीवन में



अपनाने हेतु प्रेरित किया। मंच पर हनुमान नगर के संघ चालक इंद्र प्रसाद वर्मा , मातृ शक्ति श्रीमती रजनी शुक्ल , श्रीमति स्वर्णिमा बाजपेई भी उपस्थित रहीं। रजनी शुक्ला जी ने परिवार को संस्कारित करने के लिए मातृ शक्ति की महिमा को रेखांकित किया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुशील मिश्र , अशोक श्रीवास्तव , राधेश्याम मिश्रा , अमित अग्रवाल , डॉ अनिल दीक्षित , जय सिंह , रंजीत , संजय उपाध्याय , रमाकर , पवन , डीपी सिंह , संजीव , प्रदीप , विशाल , भरत , राम भवन , शेषनाथ तिवारी आदि मुख्य रूप से सहभागी रहे। कार्यक्रम में अभिषेक मोहन , काशी प्रसाद तिवारी , त्रियोगी नारायण साहित वरिष्ठ कार्यकताओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की पूर्णतः पर एडवोकेट जे के सिन्हा (पूर्व लखनऊ विभाग संघचालक) द्वारा समस्त मनचासीन अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा को प्रथम पुरस्कार



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-1 की प्रतिभाशाली छात्रा आध्या सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इण्डियाज कराओके सुपर स्टार कम्पटीशन में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता इण्डियन ऑनलाइन सिंगिंग कम्पटीशन फोरम के सौजन्य से आयोजित हुई। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने आध्या की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई में तो अव्वल रहते ही हैं साथ ही साथ गीत-संगीत, नृत्य, साहित्य व कला जैसे क्षेत्रों में भी विद्यालय के छात्रों ने अलग पहचान बनाई है।

# धूम धाम से मनाया गया हिन्दू सम्मेलन



**लखनऊ।** रुद्रानी पार्क गायत्री बस्ती जानकीपुरम उत्तर भाग लखनऊ में हिन्दू सम्मेलन बड़ी धूम धाम से मनाया गया जिसमे मुख्य अथिति श्रीमान अमितेश जी, विभाग कार्यवा लखनऊ, सान्ध्यि प्राप्त हुआ, इस्ककॉन परिवार के श्रीमान खटभुज गौर प्रभू जिन्होने श्री कृष्ण भगवान के गीता के श्लोक का ज्ञान वर्जन किया, अध्यक्ष के रूप मे भूपेंद्र सिंह सिसोदिया व मातृ शक्ति विमला त्रिवेदी तथा मंच का संचालन डा0 रविशंकर बाजपेयी द्वारा बढ़ा ही सुंदर संचालन किया गया। आयोजन गायत्री शाखा के सुशील त्रिपाठी द्वारा किया गया जिसमे सहयोगी रजनीश जी, अमरेंद्र , विजेनद्र तथा संचालक राकेश , नगर कार्यवा आशीष प्रमुख रूप से उपस्तिथ रहे। सभासद राजकुमारी मौर्या उपस्तिथ रही।

# बच्चों को हिंदुत्व के प्रति जागरूक करें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सकल हिंदू समाज सम्राट बस्ती बलराम नगर के तत्वाधान में रविवार 18 जनवरी को पीतांबरा बिहार स्थित रामायण पार्क में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में वेदांत आश्रम के अमृत चैतन्य जी महाराज तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाहक लखनऊ विभाग एवं प्रांत महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य प्रमुख अवध प्रांत पंकज पटवा उपस्थित थे।

इस अवसर पर पंकज पटवा ने मुख्य वक्ता के रूप में संघ की स्थापना तथा उद्देश्य के बारे में बताया और कहा कि मातृशक्ति स्वयं जागरूक हैं तथा अपने बच्चों को हिंदुत्व के प्रति जागरूक करें तथा बच्चों को हिंदुत्व से जुड़ी किसी न किसी संस्था या संगठन से अवश्य जुड़ने के लिए प्रेरित करें क्योंकि समाज को जोड़कर ही हम भारत माता की रक्षा कर सकते हैं ' कलयुग में कहीं शक्ति है तो वह संगठन में है बिना संगठन के हम अपनी रक्षा नहीं कर सकते।

भारत माता की रक्षा करने के लिए और इस मूल भावना को जानकर ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई थी ' मुख्य अतिथि के रूप में अमृत चैतन्य जी महाराज ने हिंदू संस्कृति पर व्याख्यान देते हुए कहा कि अब हम सभी हिंदुओं को अपने वेदों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है उन्हें पढ़ना चाहिए तथा उनसे जुड़ना चाहिए । सम्मानित जनप्रतिनिधि के रूप में श्रीमान भोला वर्मा, प्रधान, नौबस्ता कलां, चिनहट, लखनऊ ने मातृ शक्ति पर अपने विचार प्रकट करें। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में श्रीमती प्रियंका मिश्रा भाग बौद्धिक पूरब भाग राष्ट्र सेविका समिति लखनऊ ने कहा की सर्वप्रथम हमारे घर की महिलाएं अपने बच्चों में संस्कार दें क्योंकि माता ही बच्चों की प्रथम पाठशाला होती है और संस्कार वान बच्चे ही देश को आगे बढ़ाएंगे ' ।

इस अवसर पर अश्विनी कुमार ओझा व यतेंद्र प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य गौ सेवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत तथा नगर कार्यवाह अनुराग नगर सह कार्यवाह अनूप बस्ती प्रमुख कैप्टन सुरेश तिवारी शाखा कार्यवाहक लक्ष्मण नगर के सह बौद्धिक प्रमुख विनोद नगर समरसता प्रमुख सपनेश तथा मानेंद्र उप बस्ती प्रमुख अमन सतेंद्र दिवाकर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# सेवा ही सच्ची उपासना है : स्वामी मुक्तिनाथानन्द

- स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती समारोह का रामकृष्ण मठ में हुआ समापन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्रीरामकृष्ण मठ निराला नगर, लखनऊ में स्वामी विवेकानन्द की 9 दिवसीय जयंती समारोह का आज समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीरामकृष्ण मंदिर में मौन प्रार्थना के साथ शुरू हुई तथा रामकृष्ण मठ, लखनऊ के सन्यासियों द्वारा शन्ति मंत्र का पाठ हुआ तदुपरान्त पुष्पांजलि हुई व रामकृष्ण मठ के स्वामी इष्टकृपानन्द द्वारा भजन गायन हुआ। निर्देशित ध्यान मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द महाराज के निर्देशन में हुआ तथा श्री गुरू प्रार्थना स्वामी इष्टकृपानन्दजी द्वारा गाया गया रामकृष्ण मठ, लखनऊ के स्वामी विश्वदेवानन्द द्वारा उद्बोधन गीत की प्रस्तुति दी गई।

उस दौरान तबले पर संगत स्वामी रामाधीशानन्द, रामकृष्ण मठ, लखनऊ ने किया तदोपरान्त रामकृष्ण सेवा समिति, लखनऊ के सचिव उदयादित्य बनर्जी द्वारा वचनामृत से पाठ किया गया। रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, प्रयागराज के अध्यक्ष स्वामी अक्षयानन्द महाराज द्वारा ईश्वर लाभ के उपाय विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि भक्ति, निस्वार्थ सेवा, कर्तव्यपरायण जीवन के माध्यम से मानव ईश्वर की कृपा और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकता है।

रामकृष्ण विवेकानन्द भाव प्रचार परिषद के सलाहकार सुखद राम पाण्डेय ने हमारे जीवन में श्री माँ सारदा देवी की प्रयोजनीयता पर एक आध्यात्मिक संदेश दिया जिसमें श्री माँ सारदा देवी के आदर्श जीवन, सरलता, करुणा, त्याग और मातृत्व भाव को आज के जीवन में अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि माँ सारदा देवी का जीवन निःस्वार्थधैर्य, सेवा और आंतरिक शुद्धता की प्रेरणा देता है।

रामकृष्ण मठ, लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द महाराज द्वारा शिव ज्ञान से जीव सेवा के लिए स्वामी विवेकानन्द के अह्वानह्न विषय पर प्रवचन दिया जिसमें उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के प्रेरणादायी विचारों पर आधारित शिव-ज्ञान से जीव-सेवा विषय पर एक विशेष संदेश दिया। युवा सम्मेलन का समापन सामूहिक समापन गीत ह्यश्री रामकृष्ण शरणम्ह्न स्वामी इष्टकृपानन्द के नेतृत्व में एवं विवेकानन्द युवा संघ के सदस्यों द्वारा गायन के पश्चात युवाओं के मध्य प्रसाद वितरण के साथ आध्यात्मिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री योगी के आह्वान पर सुधीर एस हलवासिया ने छोड़ा सरकारी गनर

**लखनऊ।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल धुलिया (महाराष्ट्र) में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने उत्तर प्रदेश में संगठन को गति एवं विस्तार देने के उद्देश्य से लखनऊ के प्रसिद्ध समाजसेवी सुधीर एस हलवासिया को पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर नवनियुक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी जिम्मेदारी से निभाने का प्रयास करूंगा और संगठन को प्रदेश में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लेता हूं। उन्होंने कहा कि देश का अग्रवाल समाज भगवान श्री राम के दर्शन हेतु अयोध्या आना चाहता है इसलिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अगली बैठक अयोध्या धाम में की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'मंथन' कार्यक्रम में सुरक्षा कम करने और सरकारी संसाधनों के सदुपयोग के आह्वान पर अमल करते हुए हलवासिया ने अपना सरकारी गनर (सुरक्षाकर्मी) छोड़ दिया है। ऐसा करने वाले वह प्रदेश के पहले व्यक्ति हैं।

# नम आंखों से सीनियर छात्रों को दी भावपूर्ण विदाई

- लखनऊ पब्लिक स्कूल में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउंडेशन) की विभिन्न शाखाओं में रविवार का दिन स्मृतियों, भावनाओं और उल्लास से परिपूर्ण रहा। साउथ सिटी, एल्डिको, जानकीपुरम एवं सेक्टर-डी शाखाओं में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा कक्षा 12 के सीनियर छात्रों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच जहाँ एक ओर उत्सव का माहौल रहा, वहीं अपने प्रिय विद्यालय और सहपाठियों से बिछड़ने की कसक भी छात्रों की आँखों में स्पष्ट दिखाई दी।

समारोह की शुरूआत पारंपरिक तिलक एवं स्वागत के साथ की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, सोलो एवं ग्रुप डांस तथा बॉलीवुड एवं हॉलीवुड गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत कर दिया। शिक्षकों द्वारा दी गई विशेष डांस प्रस्तुति ने समारोह को और भी भावुक एवं यादगार बना दिया। डम्ब सिराज, साड़ी फोल्डिंग, बैलून बैलेंसिंग एवं पिरामिड निर्माण जैसे मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम में अतिरिक्त उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। कक्षा 12 के छात्रों का रैंप वॉक समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा।

एल्डिको शाखा में समारोह में शगुन शुक्ला को ह्यमिस एलपीएस एल्डिकोह्न तथा अंश को मिस्टर एलपीएस एल्डिको के खिताब से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्रधानाचार्या श्रीमती सुरभि शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और विशिष्ट पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

जानकीपुरम शाखा में विदाई समारोह में सूर्यकांत सिंह को मिस्टर एलपीएस जानकीपुरम एवं आकृति वर्मा को मिस एलपीएस जानकीपुरम चुना गया। शिक्षकों के ग्रुप डांस ने माहौल को भावनात्मक बना दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम सिंह ने छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साउथ सिटी शाखा में विद्यार्थियों ने मेडले नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सीनियर छात्रों को विदाई दी। कक्षा 12 (सी) के शिवांश को मिस्टर इवनिंग तथा कक्षा 12 (एच) की रुद्रांशी को मिस इवनिंग का खिताब प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार सिंह एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने का संदेश दिया। सेक्टर-डी शाखा में अयान अली खान को ह्यमिस्टर एलपीएस सेक्टर-डी' तथा पलक मौर्य को ह्यमिस एलपीएस सेक्टर-डीह्न के खिताब से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या कैप्टन अपर्णा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं हेतु शुभकामनाएँ दी। इसके अतिरिक्त, सभी शाखाओं में छात्रों को उनकी विशिष्ट खूबियों के आधार पर ह्यकैप्टन कूल, मिस्टर डिपेंडेबल, मिस्टर हेल्पिंग हैंड एवं मिस जॉली स्माइल जैसे रोचक एवं प्रेरक टाइटल्स से भी सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में सीनियर छात्रों ने अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेकर, जूनियर साथियों की यादें संजोते हुए जीवन के नए अध्याय की ओर आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ाए।

# बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का भावपूर्ण प्रसंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात बाल व्यास श्री राघवाचार्य जी महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी वर्णन किया गया।

कथा के दौरान बालकृष्ण की माखन चोरी, यशोदा मैया के वात्सल्य भाव, गोप-गोपियों की निष्काम भक्ति तथा इंद्र के अहंकार के दमन हेतु गोवर्धन पर्वत धारण की लीला का सजीव चित्रण किया गया। गोवर्धन पूजा प्रसंग के माध्यम से महाराज श्री ने प्रकृति संरक्षण, गौ सेवा एवं अहंकार त्याग का गूढ़ संदेश श्रद्धालुओं को प्रदान किया।

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें अनेक भक्तों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भक्तगण संगीतमय कथा, भजनों एवं जयकारों के साथ भाव-विभोर होते नजर आए।

मंदिर प्रबंधक देवराज सिंह ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोग कताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा समाज में भक्ति, सद्भाव एवं नैतिक मूल्यों का संचार करती है। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया

कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ चतुर्थ दिवस की कथा का समापन हुआ।कथा के दौरान मंदिर व्यवस्था में मुख्य रूप से प्रबंधक देवराज सिंह मातृशक्ति सेविका आशा तिवारी माला गुप्ता शालनी लक्ष्मी पंडित शिवम पांडेय राहुल सारस्वत तुषार मेघांश विकास आदर्श महाराज एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गढ़वाली आपसी भाईचारा समिति ने जारी किया आंग्ल नववर्ष 2026 कैलेन्डर



**लखनऊ।** गढ़वाली आपसी भाईचारा समिति (पंजीकृत) लखनऊ द्वारा आंग्ल नववर्ष 2026 के उपलक्ष में सिद्वार्थ पैलेस, नीलमथा, लखनऊ में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष पंडित जय प्रकाश तिवारी जी द्वारा आंग्ल नववर्ष 2026 कैलेन्डर का विधिवत मन्त्रोंचारण एवं पूजा अर्चना की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि डा० किरन लता डंगवाल, प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा समिति का कैलेन्डर का विमोचन किया गया। इस कैलेन्डर में गढ़वाली त्योहारों एवं माँ सुरकन्डा देवी मंदिर के सुसज्जित रूप को दशार्या गया है। समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी एवं पदाधिकारियो द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं गढवाल के वाध्ययन्त्रों ढोल, दमाऊ, रणसिंगा और भंकोर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समिति की मातृशक्तियों द्वारा गढ़वाल के पारम्परिक लोक गीतों का गायन एव नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। तपश्चात तहरी भोज का आयोजन किया गया।

संक्षेप

## पत्रकार अवध नारायण मिश्र को दी गयी श्रद्धांजलि

बरहज, देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संगठन मंत्री व वरिष्ठ पत्रकार अवध नारायण मिश्र का हृदयाघात से निधन होने पर शोक व्यक्त करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए संगठन के पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक सभा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संरक्षक प्रेमचन्द मिश्र ने अवध नारायण मिश्र को एक कुशल पत्रकार बताया। उन्होंने कहा कि मिश्र अपनी लेखनी के माध्यम से समस्याओं को उजागर कर समाज सेवा में सक्रिय रहते थे तहसील महामंत्री पवन सिंह ने ग्रामीण पत्रकार के क्षेत्र में उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि वह संगठन और पत्रकारों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहते थे पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया शोक सभा में तहसील उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, तहसील महामंत्री पवन आदि उपस्थित रहे।

# 174 लाभार्थियों के खाते में पहुंची पहली किस्त

जिला संवाददाता

कसया, कुशीनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किस्त की धनराशि हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद कुशीनगर कार्यालय में नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल और ईओ अंकिता शुक्ला ने 30 पात्रों को आवास का प्रमाणपत्र प्रदान किया। जबकि जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा इस नपा के 12 पात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। नपा के कुल 174 आवास के पात्रों को प्रथम किस्त के रूप में एक लाख रुपए क्लिक कर भेजे गए।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी द्वारा कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार की मंशा है कि हर परिवार का अपना घर हो। ईओ अंकिता शुक्ला ने कहा कि नगर निकाय द्वारा नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। संचालन दिनेश तिवारी ने किया। इस दौरान सभासद राजेश मद्धेशिया, मनीष मिश्रा, अमेरिकन सिंह, विनय गौतम, प्रधान लिपिक राजेश श्रीवास्तव, उग्रसेन कुमार, श्रवण तिवारी, साकेत गोविंद राव, राजन पांडेय, अमन श्रीवास्तव, गोपाल, नवनीत, हरीश, सिराजुद्दीन, ममता आदि सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने शुरू किया मनरेगा बचाओ संग्राम

देवरिया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान जिले के कांग्रेसियों ने चौपालों के माध्यम से शुरू कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के उसका गांव एवं अमवां पाण्डेय गांव, हिरन्दापुर गांव, देवरिया विधानसभा क्षेत्र के देवरिया मीर गांव एवं पिपरपाती गांव, में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपालों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पूर्व मनरेगा श्रमिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा मनरेगा को बचाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक देन है, जिसने करोड़ों गरीब परिवारों को सम्मान के साथ रोजगार देने का काम किया। भाजपा सरकार मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से धीरे - धीरे खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई बताएगी और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने तक संघर्ष जारी रखेगी। जिला कोआर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा 'अंशु' ने कहा कि मनरेगा गांव, गरीब और मजदूर की रीढ़ है। इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी देकर पलायन को रोका है। आज भाजपा सरकार द्वारा बजट कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और योजना के मूल स्वरूप में बदलाव कर इसे समाप्त करने की साजिश की जा रही है। जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि अगले बीते 6 दिन से लगातार जनजागरण का कार्य पूरे जनपद में कांग्रेस पार्टी कर रही है और इसी प्रकार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत अन्य ग्राम पंचायतों में भी ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, विजय शंकर मिश्रा, अब्दुल जब्बार, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, सुभाष राय, ऋषिकेश मिश्रा, जवाहरलाल बरनवाल, विनोद दुबे, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, बासुदेव तिवारी, रोशन भारती, मृत्युंजय पति त्रिपाठी, रज्जाक, दिलीप मल्ल, महेंद्र यादव, मुस्तफा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव हरियाणा में गोरखपुर विश्वविद्यालय का नेतृत्व करेंगे बासु

कुशीनगर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक गतिविधि केंद्र तरंग की ओर से 2025-26 के लिए 39 वें इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल (नॉर्थ सेंट्रल जोन हरियाणा) के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं शनिवार को विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित हुई। जिसका परिणाम आज घोषित किया गया। जिसमें मुख्यतः अभिनय, प्रहसन, प्रश्नोत्तरी, भाषण, वाद विवाद, एकल नृत्य, गायन, इत्यादि सम्मिलित थे। विश्वविद्यालय तथा संबंधित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। जिसमें बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परास्नातक छात्र बासु प्रसाद गोंड ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक गतिविधि केंद्र तरंग की निदेशक प्रो. उषा सिंह ने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता में केवल प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अथवा समूह ही दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल (नॉर्थ सेंट्रल जोन हरियाणा) में प्रतिभाग करेंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि संस्कृति और कला व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होती है मुझे विश्वास है। हमारे विद्यार्थी अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय के गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ.निगम मौर्य, डॉ. राकेश कुमार सोनकर, डॉ सौरभ द्विवेदी इत्यादि ने बासु शुभकामनाएं दी।

## नव मतदाताओं की लोकतंत्र में अहम भूमिकाः पवन मिश्र

देवरिया। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे एस आई आर अभियान के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने बरहज विधानसभा के बूथ संख्या-205 (महुई श्रीकांत) में किसान मोर्चा पदाधिकारी के साथ पहुँचकर फार्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं का फार्म भरवाया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना में नव मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है उन्होंने कहा कि मतदान अधिकार के साथ ही प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन सभी को करना चाहिए। भाजपा द्वारा एस आई आर अभियान के तहत नवमतदाताओं को जागरूक कर वृहद स्तर पर मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य किया जा रहा है इस अवसर पर बी एल ओ अंजू मौर्य, बी एल ए 2 भाजपा दिनेश राजभर, रामेश्वर यादव, सुमन्त चतुर्वेदी, गोलू सिंह, राकेश कुमार उपस्थित रहे।

## टाईब्रेकर से फाइनल जीत कश्मीर ने जमाया चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा



कुशीनगर। राजा इंद्रजीत प्रताप बहादुर शाही आल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला टाईब्रेकर से कश्मीर की टीम ने जीत कर चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। कश्मीर के राहुल मैन आफ मैच एवं बेल्थरा के रिशु सिंह मैन आफ सीरीज चुने गए। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता हरेंद्र जायसवाल ने समापन के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि खेल हो या जीवन उतार चढ़ाव आता रहता है। दोनों टीमें खेल का अच्छा प्रदर्शन किया है। आने वाला समय निश्चय ही उप विजेता टीम की होगी। संरक्षक राजा महेश्वर प्रताप शाही ने सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों दर्शकों एवं आयोजन कमेटी के सभी सदस्यों का साभार प्रकट किया। फतेह मेमोरियल इंटर कॉलेज में खेल मैदान में चल रहे इस प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला यूनाइटेड क्लब श्री नगर कश्मीर एवं एम एस क्लब बेल्थरा बलिया के बीच हुआ। पहले हाफ तक दोनों ही टीम बराबरी पर रही। दूसरे हाफ के शुरू होते ही कश्मीर के उमर ने गोल दाग कर 1-0 से बढ़त बना लिया, खेल के अंतिम क्षणों में बेल्थरा के अमन के गोल से स्कोर बराबर हो गया। जिसके बाद अतिरिक्त समय में खेल खेलाया गया। निर्णय नहीं होने पर टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। जिसमें कश्मीर की टीम 4- 3गोल से विजई रही। कार्यक्रम को चेयरमैन जेपी गुप्ता, प्रधानाचार्य रमेश सिंह, डाक्टर मुन्ना गुप्ता, डाक्टर पीएल गुप्ता आदि ने संबोधित किया। इस दौरान हिम्मत सिंह, रमाकांत पटेल, नंदकिशोर गुप्ता, सूरज गुप्ता, पप्पू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कविवर मोती बी ए की पुण्य तिथि पर कवि गोष्ठी का आयोजन

देवरिया। आज नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा आयोजित कविवर मोती बी ए की पुण्यतिथि समारोह में मुख्य अतिथि भूषण त्यागी ने अपने गीत गहन काली रात है, पर तुम नहीं हो एवं है स्वयं शिकायत लिखा क्यों नहीं ज़िन्दगी के लिए, से मोती जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मोती जी का परिचय कराते हुए सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार दीक्षित ने कहा कि मोती जी जैसा व्यक्तित्व सदियों में पैदा होता है। उनकी ख्याति सार्वभौमिक रही है। आगे उपाध्यक्ष डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मोती बी ए जी का देवरिया से पहला सम्पर्क उन्नीस सौ सत्तर में हुआ जब वे जिला पंचायत सभागार में अपनी लाचारी शीर्षक कविता सुनायी। उसके बाद वे देवरिया बराबर आते रहे। वे बेहद स्वाभिमानी व्यक्ति थे। अपने स्वाभिमान के कारण ही फिल्म सीटी छोड़ दी। आगे डॉ चतुरानन ओझा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मोती बी ए जी का साहित्यिक फलक बहुत विशाल है। भोजपुरी, खड़ी हिन्दी, फारसी, अंग्रेजी सभी भाषाओं में





उनकी गति थी। वे एक सफल अनुवादक भी रहे। हिन्दी के श्रेष्ठ आलोचक नामवर सिंह अपने आत्मकथ्य में लिखते हैं मोती बी ए जी मेरे साहित्यिक प्रेरणा रहे हैं। इसके बाद रामविलास पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा मोती बी ए जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भोजपुरी को आठवी अनुसूची में शामिल करा कर ही होगी।

मोती बी ए जी के पुत्र सम्पदा न्यूज के संचालक अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए इस आयोजन के लिए सभा के प्रति धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में छेदी प्रसाद गुप्त विवश, अरविन्द त्रिपाठी, रमेश सिंह दीपक, दयाशंकर कुशवाहा, रामेश्वर यादव, रमेश तिवारी अन्जान, सन्तोष विश्वकर्मा, सरोज कुमार पाण्डेय, पार्वती देवी गौरा, वन्दना मिश्रा, क्षमा श्रीवास्तव, रंजीता श्रीवास्तव, माहिर विचित्र, रत्नेश मिश्र रतन, प्रेमानंद तिवारी, नीरजा सिंह, प्रार्थना राय, अचल पुलस्तेय, नित्यानंद आनन्द, प्रेम शंकर त्रिपाठी, रविनंदन सैनी, अंजलि अरोड़ा खुशबू, आदि कवियों ने कविता के माध्यम से मोती बी ए जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आप लोगों का सान्निध्य पाकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूं। मेरी दिली इच्छा है कि इसी तरह आप लोगों के साथ रहकर साहित्य चर्चा में निरन्तर संलग्न रहूं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय कानोडिया ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सभा में आकर मैं अपने को भाग्यशाली महसूस करता हूं।

इसके पूर्व मां सरस्वती के प्रतिमा के समय दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। रामेश्वर तिवारी राजन ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत सौदागर सिंह ने किया। अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का सरस एवं भावपूर्ण संचालन रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर भृगुदेव मिश्र, गोपाल कृष्ण सिंह रामू, संदीप कुमार द्विवेदी, कौशल किशोर मणि, सोमनाथ मिश्र, प्रेमानंद तिवारी, सुनील त्रिपाठी, सुबास राय पूर्व सभासद, ऋषिकेश मिश्र, डॉ शकुंतला दीक्षित, दुर्गा पाण्डेय, रजनीश मोहन गोरे, श्वेतांक मणि, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, हरिकेश यादव, मनोज शर्मा, उमाशंकर पाठक, राकेश श्रीवास्तव, मो.जीशान आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## सपा की बैठक में एसआईआर कार्य की समीक्षा



देवरिया। समाजवादी पार्टी की एक आवश्यक बैठक सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव मंजूर हसन के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. मोहसिन खाँ का आगमन हुआ, जिनका सपा कार्यकताओं द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बैठक के दौरान प्रभारी डॉ. मोहसिन खाँ ने एस.आई.आर. कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा संगठनात्मक कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का पूरा दारोमदार एस.आई.आर. कार्य पर ही निर्भर है। एस.आई.आर. कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता हमारे लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिनका भी नाम एस.आई.आर. में छूट गया है, उनका तत्काल फार्म भरकर जमा कराया जाए, क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक विधानसभा में 25,000 वोट बढ़ने चाहिए, तभी सरकार बनाने का लक्ष्य साकार होगा।

## कांग्रेस को है मजदूरों, दलितों, आदिवासियों व गरीबों के विकास की चिंता- विजयशेखर मल्ल रोशन

सलेमपुर, देवरिया। आज तक देश में दलितों, मजदूरों, गरीबों, आदिवासियों व पिछड़ों के विकास की जो भी योजना लागू हुई वह कांग्रेस ने ही किया, इस वर्ग के विकास की चिंता सिर्फ कांग्रेस को ही है। उक्त बातें क्षेत्र के चकरा गोसाईं में कांग्रेस द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ महासंग्राम जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन ने कहा, उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को समाप्त कर देश के मजदूरों से उसका हक और अधिकार छीन रही है, योजना के मूलस्वरूप को बदल कर मजदूरों को पलायन करने का काम कर रही है। फसल कटाई के समय साठ दिनों तक काम नही देने से इस वर्ग को कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। महात्मा गांधी के नाम से चलाई जा रही योजना का नाम बदल कर भाजपा उनका अपमान कर रही है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता इस योजना को बचाने के लिए संघर्ष करता रहेगा। हमारा यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है, जनपद के हर गांवों में कांग्रेस कार्यकर्ता मजदूरों के बीच जाकर जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। मनरेगा बचाओ अभियान के जिला कोआर्डिनेटर सत्यप्रकाश मिश्र, अंशु ने कहा कि मनरेगा एक योजना नही बल्कि संसद द्वारा पारित एक कानून था जिसमें मजदूरों को आजीविका के लिए संवैधानिक अधिकार पाप्त था। नई योजना में मजदूरों को सरकार के भरोसे रहना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश गिरि व संचालन डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने किया। चौपाल को जिला उपाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, नागेन्द्र शुक्ल, वरुण राय, मुजफ्फरहुसैन मंसूरी, मनीष रजक, डॉ रमेश कुशवाहा, वजीर अहमद, विजयशंकर मिश्र, धर्मेन्द्र कुमार पांडेय, गणेश गिरि, परमानन्द प्रसाद, डॉ याहिया अंजुम, प्रेमलाल भारती, बदरे आलम, पन्नालाल पाठक, राजू खरवार, गोरख कुशवाहा, रोहित यादव, रंजय पांडेय, अवधेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## बूथों पर पढ़ी गयी ड्रॉफ्ट मतदाता सूची

देवरिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद की सातों विधानसभाओं के सभी मतदान बूथों पर रविवार को बीएलओ प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक उपस्थित रहे। इस दौरान बूथों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन कराया गया तथा एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत) मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध कराई गई।

बड़ी संख्या में मतदाताओं ने बूथों पर पहुंचकर ड्राफ्ट सूची व एएसडी सूची का अवलोकन किया। बीएलओ द्वारा मौके पर ही फॉर्म-6 (नाम जोड़ने), फॉर्म-7 (नाम हटाने) तथा फॉर्म-8 (संशोधन एवं स्थान परिवर्तन) भरवाए गए।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने महाराजा अग्रसेन, दानापुर के प्राइमरी स्कूल एवं सेंड स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान नए युवा मतदाताओं को फॉर्म-6 वितरित कर मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## गोरखपुर ने वाराणसी को 2-1 से हराया

देवरिया। हंसराज मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत रविवार को खेला गया चौथा मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक साबित हुआ। इस मुकाबले में गोरखपुर और वाराणसी की टीमें आमने-सामने रहीं, जिसमें गोरखपुर ने शानदार वापसी करते हुए वाराणसी को 2-1 से पराजित कर अगले दौर में अपनी दावेदारी मजबूत की। मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि देवरिया सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की कामना की। खेल के पहले हाफ की शुरूआत से ही दोनों टीमें आक्रामक रुख अपनाए रहीं। पहले हाफ के 21वें मिनट में वाराणसी के गौरव चौहान ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गोल के बाद वाराणसी की टीम ने दबाव बनाए रखा, लेकिन गोरखपुर के



खिलाड़ियों ने संयम नहीं खोया। पहले हाफ के 40वें मिनट में गोरखपुर के योगेंद्र यादव ने बेहतरीन तालमेल के साथ गोल कर मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में गोरखपुर की टीम पूरी तरह हावी नजर आई। खेल के दौरान मिले एक कॉर्नर पर योगेंद्र यादव ने उछलती हुई गेंद पर सटीक हेडर लगाते हुए उसे सीधे गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ ही गोरखपुर ने 2-1 की निर्णायक बढ़त बना ली। अंतिम मिनटों में वाराणसी ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन गोरखपुर की मजबूत रक्षा पंक्ति के आगे सभी प्रयास विफल रहे। मैच के दौरान निर्णायक मंडल में क्रीड़ा भारती कोऑर्डिनेटर श्रीराम यादव, आशा खातून, हीरा निषाद, पिंकी अमरचंद मैराडोना और राजकुमार मद्धेशिया शामिल रहे। मैच की जोशीली कमेंट्री अब्दुल रब ने की, जबकि संचालन अमित मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सुयश मणि त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी, आनंददेव गिरी उर्फ चुन्नू, डॉ अमरेंद्र यादव, अनिल मणि उर्फ गुल्लू, तारकेश्वर जायसवाल, अजय सिंह, बृजेश मणि त्रिपाठी, राजन मणि, भारत मणि, विनय पांडेय, शिव शंकर तिवारी, चौकी प्रभारी अजीत यादव, अजय शंकर मणि, श्रीप्रवेश मणि आदि उपस्थित रहे।

## पूरी मजबूती से राष्ट्रीय लोकदल लड़ेगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः डॉ. रामाशीष राय



कुशीनगर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव राष्ट्रीय लोकदल पूरी मजबूती से लड़ेगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखकर गांव गांव संगठन को मजबूत करने का कार्य सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त बातें राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम भैंसहा के टोला छितौना पट्टी में कहीं। वह शनिवार की रात में एक निजी कार्यक्रम से रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर के आवास पर पहुंचे थे। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अच्छे लोग चुनकर बीडीसी, जिलापंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान चुनकर आएं।

तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशन में संगठनात्मक मजबूती, जन संपर्क अभियान और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना पार्टी कार्यकताओं की पहली प्राथमिकता है। पंचायत चुनाव केवल चुनाव ही नहीं किसान, महिला, युवा सशक्तिकरण की लड़ाई है। हमारी पार्टी का मुख्य मुद्दा आत्म निर्भर भारत, गांव और किसान। पार्टी किसानों की पार्टी है। प्रतिबद्ध है और कटिबद्ध है। लोकतंत्र जनता की जनता की भावनाओं से संचालित होता है और रालोद एनडीए गंठबंधन की सहयोगी है व लोकतांत्रिक मूल्यों, आम जन के विकास के लिए राष्ट्र विकास का कार्य कर रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय, गणेश प्रसाद, देवेन्द्र राय, सिंहासन गुप्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांग महिला का अनशन जारी, बनी संवेदनहीनता की नजीर

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के रामकोला थानान्तर्गत सिंगहा गांव की दिव्यांग महिला अल्पना तिवारी आज संवेदनहीन व्यवस्था की जीती जागती तस्वीर बन गयी है। आरोप है कि थाने पर तैनात दीवान हिमांशु सिंह गांव के दबंगों से मिलकर बिना किसी आदेश के दिव्यांग अल्पना की मकान निर्माण रुकवा दिया, जिससे आहत होकर वह थाने से लगायत एसपी और डीएम से लेकर मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी, यहां तक कि राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की मांग भी की, लेकिन किसी ने इस दिव्यांग की पीडा को महसूस नही किया। थक हार कर अल्पना खुले आसमान के नीचे बैठने का निर्णय लिया। वह पिछले 13 दिनों से खुले आसमान के नीचे भूखी-प्यासी अनशन पर बैठी है। चलने-फिरने में असमर्थ अल्पना हर कदम पर सहारे की मोहताज है। न्याय की गुहार के बावजूद न कोई ठोस कार्रवाई हुई, न किसी जिम्मेदार ने उसकी पीड़ा सुनी। तहसीलदार ने भी मौके पर पहुंचकर सिर्फ यह कहकर औपचारिकता निभा दी कि पुलिस को निर्माण रोकने का कोई आदेश नहीं है। बेशक! जब कानून की रखवाली करने वाली वर्दी ही एक लाचार, दिव्यांग महिला के सपनों पर भारी पड़ जाए, तब प्रशासनिक मनमानी पर सवाल उठना लाजमी है दिव्यांग अल्पना तिवारी आज उसी सवाल की सबसे दर्दनाक तस्वीर है। कहना ना होगा कि हर कदम पर सहारे की मोहताज अल्पना के लिए दो वक्त की रोटी और सिर पर छत सबसे बड़ी जरूरत है, लेकिन अफसोस संवेदनहीन खाकीधारी हिमांशु सिंह ने उनका आशियाना छीन लिया। न्याय की गुहार लेकर वह दर-दर भटकती रही, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः उसने अपने कमजोर शरीर को ही अपनी आवाज बना लिया और अपने घर के सामने

- **संवेदनहीन वर्दी ने दिव्यांग महिला को खुले आसमान के नीचे बैठने के लिए किया मजबूर**
- **दबंगों से मिलकर रामकोला थाने का देवान हिमांशु ने बिना किसी आदेश का रोकवाया निर्माण कार्य**



खुले आसमान के नीचे बैठकर अनशन शुरू कर दिया।

तेरह दिन बीत गए। सुबह की सिहरन और रात की हाड कपकपाने वाली ठंड मे संवेदनहीन प्रशासन की ओर टकटकी लगाये न्याय की बाट जोह रही है लेकिन प्रशासन की संवेदना अभी तक नहीं जागीं। नतीजतन न महिला आयोग, न जिला प्रशासन, न पुलिस के उच्च अधिकारी और न ही कोई जनप्रतिनिधि ने उसके दुखते जख्म पर मरहम रखा, जैसे सबने आंखें फेर लीं हो। प्रशासनिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा तब दिखी, जब तहसीलदार मौके पर पहुंचे भी तो सिर्फ औपचारिकता निभाकर लौट गए। उन्होंने साफ कहा कि ह्लपुलिस को निर्माण रोकने का कोई आदेश नहीं है ह्वयही तथ्य पूरे मामले का सबसे बड़ा आरोप है, जब कोई आदेश नहीं था, तो निर्माण किस अधिकार से रोका गया? और अगर दीवान हिमांशु द्वारा रोका गया निर्माण कार्य अवैध है, तो अब तक दीवान हिमांशु सिंह के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं ?यह सिर्फ एक दिव्यांग महिला का संघर्ष नहीं, यह उस व्यवस्था का क्रूर चेहरा है, जो सबसे कमजोर इंसान को सबसे आसान शिकार मान लेती है। परिजनों का कहना है कि सरकारें मंचों से महिला सम्मान और दिव्यांग अधिकारों की बात करती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में एक दिव्यांग महिला भूख से तड़पती हुई न्याय की भीख मांगने को मजबूर है। अल्पना तिवारी का अनशन प्रशासन के माथे पर सवालिया निशान है। अगर अब भी समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों की खुली हत्या मानी जाएगी। सवाल सीधा है कि क्या अल्पना तिवारी को इंसाफ उसकी जान की कीमत पर मिलेगी ?या फिर कुशीनगर की यह चुप्पी एक और बेबस चीख को दफना देगी?

# मेडिकल कॉलेज बना आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण गृह

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित मेडिकल कालेज अपने दायित्व से भटकता हुआ दिख रहा है जहां लोगो की जिन्दगी बचाना उद्देश्य है, वहीं गरीब कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर सुनियोजित हमला किया जा रहा है। सबब यह है कि

**सात साल सेवा देने वाले सुरक्षा कर्मियों को बाहर करने की साजिश, प्रशासन मौन**

मेडिकल कालेज में वर्ष 2019 से लगातार ड्यूटी निभा रहे तकरीबन एक दर्जन आउटसोर्सिंग सुरक्षा कर्मियों को हटाने की गहरी साजिश ने सिस्टम की संवेदनहीनता को नंगा कर दिया है। आरोप है कि प्राचार्य मेडिकल कॉलेज के इशारे पर पुराने व अनुभवी कर्मचारियों को जबरन बाहर करने की तैयारी चल रही है, ताकि नई भर्ती के नाम पर खेल खेला जा सके। आरोप है कि जनवरी माह से कर्मचारियों के नाम हाजिरी रजिस्टर से जानबूझकर गायब कर दिये गया, जो सीधे-सीधे सेवा समाप्ति की भूमिका है। कहना ना होगा कि कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में कैद था, तब यही सुरक्षा कर्मी जान जोखिम में डालकर अस्पताल की सुरक्षा में तैनात रहे। शासनादेश स्पष्ट हैं कि कोविड काल में सेवा देने वालों को संरक्षण और प्राथमिकता दी जाए, लेकिन कुशीनगर में उन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### मानसिक उत्पीड़न और धमकियों का दौर

कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन यह कहकर डराया जाता है कि ह्लतुम लोग किसी काम के नहीं हो, कभी भी निकाल दिए जाओगे, वेतन भी नहीं मिलेगा।ह्व यह रवैया केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र द्वारा गरीब परिवारों पर मानसिक उत्पीड़न करने जैसा है। बताया जाता है कि अपने हक के लिए जूझ रहे ये आउट सोर्सिंग कर्मचारी 14 अक्टूबर 2024 को पूर्व जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी थी उससे पहले 29 मार्च 2023 को भी इन कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं। सवाल यह है किक्या आउटसोर्सिंग कर्मचारियों अधिकार सिर्फ कागजों तक सीमित हैं?

### रोटी छीनने की साजिश

सात वर्षों की सेवा के बाद कर्मचारियों को बाहर करने की कोशिश केवल नौकरी का मामला नहीं, बल्कि यह उनके परिवारों को सड़क पर लाने की तैयारी है। यह घटना साबित करती है कि कैसे सरकारी संस्थानों में गरीब व छोटे कर्मचारियों को शिकार बनाया जा रहा है।

अब कर्मचारियों ने जिलाधिकारी कुशीनगर से निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई और नौकरी की सुरक्षा की मांग की है। अब देखना यह है कि आम लोगो की पीडा को महसूस करने वाले संवेदनशील डीएम इन कर्मचारियों के हित मे क्या कार्रवाई करते है।

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में महिलाओं के बीच मारपीट, मामला दर्ज

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नटवरगंज ककरारी में पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं के बीच हुए विवाद में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। मामला इतना उग्र हो गया कि दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला बोल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट की यह घटना थाना क्षेत्र के नटवरगंज ककरारी में सुबह 9:00 बजे घटी। जिसमें महिलाओं के बीच पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हुई जो बात ने उग्र रूप ले लिया और देखते-देखते दोनों पक्षों ने लाठी डंडा व ईट पत्थर से एक दूसरे पर जानलेवा हमला बोल दिया। मारपीट की इस घटना में रोहित पुत्र चांद, अरबाज पुत्र मोहम्मद हनीफ व राज का सर फट गया। वहीं दूसरे पक्ष से चांद बाबू पुत्र जमील, शादिक पुत्र पुत्तन व बाबू को चोटें आई हैं। मारपीट की शिकायत दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर की है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल कुमार गौर ने बताया कि मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## विपिन यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन से सम्मानित

उन्नाव। विपिन सिंह उन्नाव जनपद के डी.एस.एन. महाविद्यालय में बीएड विभाग के सहायक प्राध्यापक के पद पर लगभग 21 वर्षों से कार्यरत है। वर्तमान में वे बीएड विभाग के साथ-साथ महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं। डॉ विपिन कानपुर के हरजेंद्र नगर के मूल निवासी है। इनके पिता स्वर्गीय रामगोपाल सिंह एक शिक्षक थे साथ ही समाज सेवा में भी तल्लीन थे उन्हीं के पदचिह्नों पर चलकर डॉ विपिन सिंह ने शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को दिशा देने का प्रयास किया। पर्यावरण संरक्षण का ऐसा जुनून है कि विपिन सिंह को जहां भी मौका मिलता वहीं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक करते हैं। कालेज परिसर में फूलों की कमी काफी अखरती थी। इससे एक बेकार पड़े स्थान को काफी मेहनत के बाद फुलवारी के लायक बनाने में सफल रहे। आज वे युवाओं में अत्यधिक लोकप्रिय शिक्षक हैं उनकी लोकप्रियता और दूरदर्शिता को देखते न्छ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड लंदन द्वारा सम्मानित किया गया।

## मतदान केंद्रों का दौरा कर वाचन का निरीक्षण

जौनपुर। एसआईआर अभियान के तहत रविवार को एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन के वाचन कार्य का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 366-जौनपुर के अंतर्गत टी.डी. पी.जी. महिला कॉलेज (बूथ संख्या 509-512), टी.डी. इंटर कॉलेज (बूथ संख्या 498-504) और सरस्वती शिशु मंदिर (बूथ संख्या 458-467) का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 364-बदलापुर के प्राथमिक विद्यालय पुरानी बाजार बदलापुर स्थित बूथ संख्या 137, 138 और 139 सहित अन्य बूथों का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान, जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित बीएलओ, बीएलए और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से बातचीत की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए युवा मतदाताओं का अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरवाकर पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं और महिला मतदाताओं की भी अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल किया जाना चाहिए, इसी क्रम में, जनपद के समस्त मतदेय बूथों पर बीएलओ द्वारा जनमानस की उपस्थिति में मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन और ए.एस.डी. सूची का वाचन किया गया। यह प्रक्रिया मतदाताओं को अपनी जानकारी सत्यापित करने का अवसर प्रदान करती है।

# बंधक बनाकर डकैतों ने लूटा लाखों का माल




सीतापुर। जिले के तालगांव इलाके में सुबह 3 बजे बदमाशों ने कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

रसूलपुर गांव में असलहों से लैस करीब आधा दर्जन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने एक रिटायर्ड लेखपाल के घर पर धावा बोल घर पर बेटे-बहू सहित अन्य लोगों को बंधक बनाकर 50 लाख के गहने और नकदी लूट लिए। बदमाश छत के रास्ते घर में घुसे और सभी के मोबाइल फोन छीन कर महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया। इसके बाद एक घंटे तक पूरे घर को खंगालते रहे। बदमाशों ने घर के सभी बक्से और आलमारियों को तोड़कर 45 लाख के गहनों के साथ 5 लाख नकद लूट ली। लूट के बाद बदमाशों ने परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित परिवार किसी तरह बाहर आया। पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से पूछताछ कर सबूत जुटाए।

जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव के रहने वाले अमर सिंह वर्मा राजस्व विभाग में लेखपाल थे वह 5 साल पहले रिटायर हो गए थे। बस्ती से कुछ दूर खेत के बीच में ही उन्होंने घर बनवा रखा है। चारों तरफ खेत ही खेत हैं। रिटायरमेंट के बाद अमर सीतापुर में बने घर में शिफ्ट हो गए। दो बेटे पुष्कर और अमर अपने परिवार के साथ गांव में ही रुक गए। पुष्कर ने बताया कि शनिवार को सभी घर के सभी लोग खाना पीना खाकर सो रहे थे। तड़के करीब 3 बजे 6 बदमाश छत के रास्ते घर में घुस आए। इसके बाद एक-एक करके सभी के कमरे में गए और रजाई हटाकर असलहे के बल पर परिवार के सभी सदस्यों को बंधक बना लिया। बदमाशों ने घर के पुरुषों को एक कमरे में बंद कर दिया और महिलाओं-बच्चों को दूसरे कमरे में बंद कर दिया। सभी के फोन ले लिए और उन्हें बाहर रख दिया। इसके बाद अलमारी तोड़कर उसमें रखे मेरी पत्नी के गहने और छोटे भाई की पत्नी के गहने, जिनकी कीमत करीब 45 लाख है, लूट लिए। अलमारी में रखे 5 लाख रुपए कैश भी ले गए। सूचना मिलते ही तालगांव थाना पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और बदमाशों के भागने के संभावित रास्तों की जांच की जा रही है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि रसूलपुर गांव में पीड़ित के घर 5 से 6 बदमाश घुसे और असलहे के बल पर लूटपाट की है। इस वारदात में करीब 4 से 5 लाख रुपए नकद और ज्वैलरी लूटी गई है। पुलिस टीमें लगा दी गई हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## मिश्रिख मंडी में धान की तौल को लेकर बवाल

मिश्रिख (सीतापुर)। स्थानीय नवीन मंडी समिति में धान की तौल को लेकर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक बिचैलिए और मार्केटिंग इंस्पेक्टर के बीच तीखी झड़प हो गई। आरोप है कि बिचैलिए ने किसान के हक को दरकिनार कर जबरन अपना धान तुलवा लिया और कागज लगाने की जबरदस्ती करने लगा विरोध करने पर मार्केटिंग इंस्पेक्टर का मोबाइल फोन तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, मंडी परिसर में धान की तौल प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान एक कथित बिचैलिए ने नियम विरुद्ध जाकर किसान की जगह अपना तुला धान के कागज लगाने का दबाव बनाया। बताया जा रहा है कि संबंधित पक्ष ने मजदूरों को तौल की मजदूरी देने से भी इनकार कर दिया। जब मार्केटिंग इंस्पेक्टर रजनी ने इस मनमानी का विरोध किया, तो आरोपी बिचैलिया आपा खो बैठा और अधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। हंगामे के दौरान मार्केटिंग इंस्पेक्टर रजनी का मोबाइल फोन जमीन पर बिचैलिए द्वारा पटक दिया गया बताया गया कि वो उसकी वीडियो बना रही थी। घटना के बाद मंडी परिसर में काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने इसे व्यक्तिगत विवाद के बजाय राजकीय कार्य में बाधा और सरकारी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करार दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मार्केटिंग इंस्पेक्टर रजनी ने उपजिलाधिकारी शैलेंद्र मिश्रा से मुलाकात कर शिकायत की है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एमओ कांति राठौर ने कहा कि किसी भी बिचैलिए को किसानों के हक पर डाका डालने या प्राथमिकता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## हत्याकांड का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम टीकर में सुमेर सिंह हत्याकांड का खुलासा हो चुका है। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें ई-रिक्शा चालक और उसके साथी शामिल हैं।

हत्या का कारण समलैंगिक संबंधों का शक बताया जा रहा है। हत्या का कारणपुलिस जांच में सामने आया कि सुमेर सिंह पर परिवार और पड़ोसी महिलाओं के साथ समलैंगिक संबंध का शक था, जिससे विवाद होता था। पड़ोसी महिला ने सुपारी देकर ई-रिक्शा चालक को हत्या के लिए उकसाया। घटना की रात नलकूप के पास हुई, जहां गला रेतकर शव अरहर के खेत में फेंक दिया गया। अभियुक्तों का विवरणई-रिक्शा चालक थरियांव थाने के बहरामपुर का निवासी है, जिसे पैसे देकर हत्या का काम सौंपा गया। उसके दो साथी भी पकड़े गए। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद कर लिया तथा महिलाओं के रिश्तेदारों से पूछताछ की। पुलिस कार्रवाईपुलिस अधीक्षक ने बाइट में पुष्टि की कि अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय सुनिश्चित किया गया।

## ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में चौरसिया क्लब पराजित



हिलौली, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम कटरा चेतराय मे 4 जनवरी से चल रही ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया। रानू इलेवन असोहा ने चौरसिया क्लब कटरा को 18 रन से शिकस्त देकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह ने पहुंचकर विजेता उप विजेता टीम को शील्ड व ट्राफी भेट की। प्रतियोगिता मे 16 क्षेत्रीय टीमो ने प्रतिभाग किया ।रविवार को हुए आखिरी फाइनल मुकाबले मे रानू इलेवन असोहा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेकर 185 रन का स्कोर खड़ा किया ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैरसिया क्लब कटरा के मध्य क्रम के बल्लेबाज अपनी टीम के लिए कुछ खास योगदान नही दे पाए। पूरी टीम निर्धारित ओवर खेलकर आठ विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाकर मैच हार गई ।प्रतियोगिता का मैन आफ द सिरीज का खिताब मुदस्सिर को दिया गया। मैन आफ द मैच रानू इलेवन के खिलाड़ी शोएब को दिया गया। विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह ने आयोजको को इक्यावन सौ रुपये भेटकर हौसला बढाया। उन्होंने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए खेल का जीवन में होना बहुत जरूरी है। पूर्व प्रधान जीतेन्द्र साहू, अशोक वर्मा, रामकुमार, रिंकू, अवधेश, पवन, अमरीश, आशीष, राकेश, श्रीकांत मौजूद रहे।

## पुरवा में लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप, पीड़िता ने लगायी न्याय की गुहार

पुरवा, उन्नाव। जिले के तहसील पुरवा के ग्राम बड़ाखेड़ा की निवासिनी सोमवती देवी ने क्षेत्रीय लेखपाल अंशू शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाया है। प्रार्थिनी का कहना है कि लेखपाल अशू शुक्ला ने नियम विरुद्ध तरीके से दूसरे पक्ष का बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश के आनन-फानन में गलत नाम दर्ज कर वरासत करने का प्रयास किया। प्रार्थिनी सोमवती देवी ने बताया कि उनके पति राज बहादुर सिंह ने 24 अक्तूबर 2021 को एक रजिस्टर्ड वसीयत करवाई थी, जिसमें उन्होंने अपने कुटुंब परिवार में भूमि के बंटवारे के स्पष्ट निर्देश दिए थे। वसीयत कर्ता राज बहादुर की लगभग तीन माह पहले मृत्यु हो गई मृत्यु के दो महीने के बाद वसीयत कर्ता का बड़ा पुत्र बलबीर ने लेखपाल अशू शुक्ला से वसीयत की एक प्रतिलिपि लेकर बिना किसी उच्चाधिकारियों के आदेश के दिनांक 22.12.2025 को खतौनी में गलत नाम दर्ज कर दिया। प्रार्थिनी ने मांग की है कि विधि विरुद्ध तरीके से की गई वरासत को निरस्त किया जाए और वसीयत के आधार पर सही वरासत की जाए। इस मामले में प्रार्थिनी ने तहसील पुरवा में प्रार्थना पत्र दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।

## दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव में बीते 14 जनवरी को 34 गौवंशीय पशुओं से लदा ट्रक वन दरोगा की कार में टक्कर मारते हुए टेसुआ नाले में पलट गया था। घटना में गंभीर रूप से घायल 14 पशुओं की मौत हो गई थी। घटना के बाद गो तस्कर ट्रक चालक व खलासी मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में वनदरोगा अभिषेक सिंह की तहरीर पर पुलिस अज्ञात गो तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। पुलिस को दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के केबिन में मध्यप्रदेश निवासी ट्रक खलासी मनोज सिंह का मोबाइल फोन ट्रक के केबिन में मिला था जिसके जरिए पुलिस दोनों गो तस्करों तक पहुंच सकी। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि गो तस्करी के दर्ज मुकदमे में मोबाइल फोन के जरिए ट्रक खलासी मनोज सिंह के निवासी मझिगवां थाना बैकुंठपुर जिला रीवा के यहां शनिवार को हेड कांस्टेबल प्रमोद सिंह व अशोक कुमार बिंद के साथ गया जहां ट्रक खलासी मनोज सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि रीवा जिले बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पटेहरा मझियार निवासी पंकज तिवारी उर्फ लल्लू ने तलड़ी क्षेत्र के बरदहा घाटी से 34 गोवंशीय पशुओं को ट्रक पर लदवाया था। पुलिस खलासी मनोज सिंह को लेकर पंकज तिवारी के घर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर ड्रमंडगंज थाने पर ले आई ।पंकज तिवारी ने पुलिस को बताया कि बरदहा घाटी से गोवंशीय पशुओं को इकट्ठा कर ट्रक पर लदवाकर बिहार भेजा था। खलासी मनोज सिंह ने पुलिस को बताया कि ट्रक चालक अमजद बिहार का निवासी है ।घटना के बाद दोनों लोग पुलिस से बचने के लिए घटना स्थल से भाग निकले थे। गो तस्करी का पर्याप्त सबूत मिलने पर पुलिस ने दोनों गो तस्करों को दूसरे दिन जेल भेज दिया।

## असोहा को हराकर पाठकपुर की टीम बनी विजेता

जिला संवाददाता(vol)



असोहा, उन्नाव। रविवार को पाठकपुर क्रिकेट मैदान मे चल रही प्रतियोगिता का फाइनल मैच असोहा और पाठकपुर के मध्य खेला गया। पाठकपुर की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

पाठकपुर की टीम अनुज 26 रन ,बाला 19 रन वा लाला 12 रनो की बदौलत 12ओवर मे 83 रनो पर आल आउट हो गयी। असोहा की ओर से अर्पित ने 3 विकेट और दीपांशु ने 2विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी असोहा की टीम सूरज 21 और दीपांशु 11 रनो की की सहायता से 15 ओवर एक गेंद पर 83 रनो पर ही आल आउट हो गयी और मैच ड्रा हो गया। सुपर ओवर मे असोहा की टीम 3 रन ही बना सकी और पाठकपुर की टीम चार गेंदों मे मैच जीत लिया और विजेता बन गयी। टूनार्मेंट मे बेहतरीन प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ दी सीरीज पाठकपुर के अनूप व मैच मे शानदार प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ दी मैच पाठकपुर के लाला को चुना गया। विजेता टीम को रानू त्रिवेदी और उप विजेता टीम को राजेश अग्निहोत्री ने ट्राफी प्रदान की। इस दौरान सतीश अग्निहोत्री, श्यामू चौरसिया, राजवीर यादव, शारदा जायसवाल, शिवकमल, प्रवीण, विनीत आदि लोग मौजूद रहे।

## नैमिषारण्य में मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सागर, श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी



जिला संवाददाता(vol)

नैमिषारण्य सीतापुर। पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रह्म मुहूर्त से पूर्व ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब चक्रतीर्थ और राजघाट की ओर उमड़ पड़ा। धर्मग्रंथों में वर्णित इस पुण्य तिथि पर हजारों-लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और अपने आराध्य देवताओं का स्मरण किया।

रविवार तड़के लगभग तीन बजे से ही श्रद्धालुओं ने चक्रतीर्थ व राजघाट में स्नान आरंभ कर दिया। हर-हर गंगे और जय मां ललिता के जयघोष से नैमिषारण्य की पावन धरा गुंजायमान हो उठी। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और मां ललिता देवी मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

राजघाट पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मौनी अमावस्या के विधान अनुसार अनेक श्रद्धालु मौन धारण कर गंगा स्नान करते दिखाई दिए। घाट पर पंडों द्वारा विधि-विधान से संकल्प, तिलक और पूजा-अर्चना कराई गई। कुछ श्रद्धालु गंगा की धारा में नौकाविहार करते हुए आध्यात्मिक आनंद में लीन नजर आए।

श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन व पुलिस की ओर से पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। राजघाट, चक्रतीर्थ और प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि स्नान के बाद श्रद्धालु अनावश्यक रूप से घाटों पर न रुकें और व्यवस्था सुचारू बनी रहे। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर नैमिषारण्य में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते सीतापुर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों और दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु नैमिषारण्य पहुंचे और इस पावन पर्व के साक्षी बने।

## ठंड से राहत का सहारा 500 कंबल वितरित



जौनपुर। भीषण ठंड को देखते हुए ग्राम प्रधान पट्टीभरतराय आशा सिंह की ओर से जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार दोपहर प्रधान पति कमलेश सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 500 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान पति कमलेश सिंह ने कहा कि ठंड के इस कठिन समय में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। ग्राम प्रधान आशा सिंह के नेतृत्व में आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य लगातार किए जाएंगे ।कंबल वितरण कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मिश्री लाल, अनिल सिंह, जय प्रकाश सिंह सहित गांव के कई संभ्रांत लोग मौजूद रहे। वहीं कंबल पाने वालों में लक्ष्मण, महेंद्र, बबलू, राधिका खुशहाल समेत सैकडों जरूरतमंद ग्रामीण शामिल रहे ।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान आशा सिंह और प्रधान पति कमलेश सिंह का आभार जताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## यात्री प्रतीक्षालय का विधायक ने किया लोकार्पण

फतेहपुर। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सामने यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया की प्रतीक्षालय के बनने से तमाम आने जाने वाले लोगों को अब दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वह इस यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर कुछ देर आराम भी कर सकेंगे। इस यात्री प्रतीक्षालय की लागत लगभग 10 लाख रुपए है। इस अवसर पर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने बताया की देउरी मोड़ के पास उन्होंने समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के नाम से एक गेट बनवाने का भी संकल्प लिया है। जिसका आज उन्होंने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा उनकी कोशिश है कि उनकी विधायक निधि से सदर विधानसभा के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास हो सके और लोग कह सके की सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी अपने निधि से सदर विधानसभा के हर गांव व शहर को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, राहुल लोधी, चौधरी मंजर यार, नफीसउद्दीन, सनी लोधी, एनुल हसन, शंकर सविता, हरीश सविता, उत्तम लोधी, राजा रमीश खान, रविंद्र यादव, विवेक उमराव, साबिर एडवोकेट, बृजेंद्र यादव, सभासद अरुण यादव, शकील गोल्डी, राम लोधी, मनोज लोधी, सुमित साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मधुमक्खियों के हमले से युवक बेसुध ग्रामीणों ने बचायी जान

फतेहपुर चैरासी। क्रिकेट खेल रहे युवक पर मधुमक्खियों ने हमला कर बेसुध कर दिया। परिजन सी एच सी लाए, जहाँ इलाज के बाद घर भेज दिया गया। गाँव प्रतापगंज निवासी सत्यम्राठौर ( 19 ) रविवार को जाजामऊ गढ़ी में सुबह दस बजे साथियों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। पास में खड़े बरगद के पेड़ में मधुमक्खियाँ लगी है। अचानक मधुमक्खियों ने सत्यम् पर हमला कर दिया। साथियों एवं ग्रामीणों ने आग जलाकर धुआं कर युवक को बचाया। सत्यम् को परिजन सी एच सी लाएं जहाँ उपचार के बाद घर चले गए।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में शनिवार देर शाम हुए सड़क मार्ग हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत के बाद शव जैसे ही घर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने एक मृतक के शव का अन्तिम संस्कार दबौली घाट पर कर दिया जबकि दूसरे मृतक का अन्तिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव रोड पर काली मिट्टी चौराहे के पास एक भट्ठे के निकट देर शाम दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत हुई थी जिसमें कठिघरा गांव निवासी एक बाइक पर सवार राधे लाल के दो पुत्र कुलदीप व नागेश्वर तथा दूसरी बाइक सवार राजीव पुरम निवासी विजय के अलावा एक अन्य युवक समेत चार लोग घायल हो गए थे। जिन्हें सी एच सी भेजा गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने दो घायलों कुलदीप एवं विजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायल नागेश्वर एवं छोटू का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। मृतक कुलदीप तीन भाइयों एवं दो बहनों में सबसे बड़ा था और टाइल्स लगाने का काम करता था। कुलदीप विवाहित था उसके पांच पुत्रियां हैं। कुलदीप की मौत से पत्नी मीरा मां राजरानी पिता राधेलाल जो पी डब्लू डी विभाग में मेट है एवं पुत्रियों समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। पति की मौत से पत्नी मीरा को अपनी पुत्रियों की परवरिश की चिन्ता सता रही है। वहीं दूसरा मृतक विजय पुणे में फल बेचने का काम करता था। विजय चार भाई व दो बहनों में चैथे नंबर का था और अविवाहित था। घर के कमाऊ पुत्र की मौत से परिजनों में आर्थिक स्थिति को लेकर चिन्ता सता रही है। विजय का अंतिम संस्कार रविवार को दबौली घाट पर कर दिया गया जबकि कुलदीप का अन्तिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। गांव के लेखपाल ने भी गांव पहुंचकर जानकारी ली।

## कपड़ा सिलाई की दुकान में लगी आग

तंबौर /सीतापुर। विकास खंड बेहटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चकपुरवा में आजाद टेलर निवासी ग्राम पंचायत संहिजर कला कपड़ा सिलाई का काम करीब 20 वर्षों से करते थे बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे सैकड़ों जोड़ी कपड़ा व पांच कपड़ा सिलाई करने वाली मशीनें एक कपड़ा सिलाई करने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन कई कुर्सी मेज जलकर राख हो गई सुबह जब आजाद टेलर ने दुकान खोलने के लिए दुकान पर पहुंचे तो देखा उसमें से धुआं निकल रहा था आजाद टेलर ने दुकान खोलकर देखा तो दुकान में रखे कपड़े बुरी तरह से जल रहें थे आजाद ने जोर जोर से आवाज लगाई जिससे ग्रामीण लोग इकट्ठा हो गए और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया आजाद ने 112 पुलिस को सूचना दी 112 की पुलिस ने दमखल विभाग को जानकारी दी जिसपर 112 की पुलिस व दमखल विभाग की टीम मौके पर जब तक पहुंची तब तक ग्रामीणों के द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए आग पर काबू पा चुके थे परिजनों का आरोप है कि मेरी दुकान में पेट्रोल डालकर जलाया गया है आजाद के द्वारा तम्बौर थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है जिस पर पुलिस जांच कर रही बात की गयी थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय से तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है सूचना पाकर पहुंचे लेखपाल नितिन वर्मा ने लेखा जोखा कर आश्वासन दिया कि राजस्व विभाग से जो भी हो सकता है मदद की जाएगी।

## पत्रकार के भाई का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

हरगांव ( सीतापुर )। आदर्श नगर पंचायत हरगांव निवासी एक पत्रकार के भाई का निधन हो जाने के बाद पत्रकार जगत सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृत्यु की खबर पाकर बड़े भाई के दर्शन के लिए लोग पत्रकार के आवास पर पहुंचने लगे। जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के सरांय पित्थू निवासी पत्रकार अनूप रस्तोगी के बड़े भाई 60 वर्षीय अखिलेश कुमार रस्तोगी उर्फ रामू का निधन बीते दिवस उनके सरांय पित्थू निवास स्थान पर अचानक सांस रुकने की उत्पन्न हुई बीमारी के चलते हो गया। मृत्यु की खबर सुनते ही पत्रकार के बड़े भाई के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ पत्रकार के आवास पर उमड़ने लगी। मृतक का अन्तिम संस्कार छोटे भाई पत्रकार अनूप रस्तोगी के द्वारा हरगांव कि मोक्षधाम पर बड़े गमगीन माहौल में किया गया। बताने के अनुसार मोक्ष क्रिया हेतु एकादश कार्यक्रम 24 जनवरी 2026 को हरगांव तीर्थ पर होगा एवं 26 जनवरी 2026 को सरांयपित्थू आवास पर शांति पाठ व ब्राह्मण भोज के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। मृत्यु की सूचना पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय मिश्र, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुणेश त्रिपाठी, हरगांव पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के प्रदेश प्रभारी सुनील गुप्ता, हरगांव पत्रकार संघ के संरक्षक प्रताप तिवारी, कृष्ण कुमार जोशी, सुमित शुक्ल, दिनेश मिश्र लालन सहित दूरभाष के माध्यम से क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के प्रदेश प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय ने शोक संवेदना व्यक्ति की है।

## सभी अधिशासी अधिकारी नियमित रूप से लाग बुक का अवलोकन अवश्य करें: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय निकायों में अवस्थापना सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं आय के स्त्रोत बढ़ाये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में लक्ष्य के अनुरूप ओपेन जिम एवं खेल के मैदान चिन्हित करते हुये उनका विकास कराया जाये। सभी वार्डों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पानी की टंकियों की नियमित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी अधिशासी अधिकारी नियमित रूप से लाग बुक का अवलोकन अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के बीच स्वच्छता की भावना के विकास के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें तथा लोगों में जागरूकता बढ़ायी जाये। इसके लिये वार्डों में आपस में स्वच्छता संबंधी प्रतिस्पर्धा कराते हुये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वार्डों के लोगों को सम्मानित भी किया जाये एवं रोलिंग ट्राफी भी दी जाये। जो अगले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड को स्थानान्तरित की जाये। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाये। सभी नगरीय निकायों में स्थित शासकीय भवनों की स्थिति में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाते हुये व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित समस्त अधिशासी अधिकारी एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

### जीएसटी सुधारों को लेकर राज्यकर, व्यापारी संवाद

**बांदा।** प्रदेश राज्यकर की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जीएसटी 2.0 में सुधारों की श्रृंखला की यह नई शुरूआत है। राज्य कर विभाग की ओर से सहायक आयुक्त दुर्गेश त्रिपाठी, राज्यकर अधिकारी शशि यादव और मारूति नंदन ने पंजीयन, दुर्घटना बीमा तथा अन्य संबंधित विषयों की व्याख्या की। इस दौरान व्यापारियों ने अनेक प्रश्न पूंछे और सुझाव भी दिए। संवाद कार्यक्रम में अधिवक्ताओं में जिला कर अधिवक्ता संघ के महासचिव आशुतोष त्रिपाठी ने व्यापारियों के प्रश्नों के उत्तर दिए साथ ही कुछ नये सुझाव भी प्रदान किए। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, केमिस्ट एंड ड्रकिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष शांतनु, राज्यकर के ज्वाइंट कमिश्नर संतोष वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक गुप्ता, मुन्ना बाबू, आलोक द्विवेदी, दूसरे अशोक गुप्ता, दीपक गुप्ता, गौरव रसिया, सीए विकास निगम आदि मौजूद रहे। जानकारी दी गई कि इस यह कार्यक्रम 28 जनवरी को फिर से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में राज्यकर उपायुक्त अदितेय मिश्र ने सभी का आभार जताया।

### स्वास्थ्य समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए जरूरी निर्देश

**बांदा।** हेल्थ डेस्क बोर्ड स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं के ईडीकेटर सुधारने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आशा चयन की कार्रवाई इस माह के अंत तक सभी जगह करने के निर्देश दिए। उन्होने गर्भवती महिलाओं का एचआईवी टेस्ट करने, एमसीपी कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव के बाद अस्पताल में 72 घंटे तक रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होने आयरन एवं कैल्शियम टैबलेट वितरण के भी निर्देश दिए। संपूर्ण टीकाकरण कार्य में विकासखंड जसपुरा, महुआ व कमासिन में विशेष ध्यान देने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिए। डीएम ने नवजात शिशुओं को प्रथम डोज दिए जाने के बारे में निर्देशित किया और संस्थागत प्रसव दर बढ़ाए जाने के लिए बड़ोखर खुर्द, महुआ एवं बबेरू को निर्देश दिए। उन्होने प्रसव प्वाइंट पर पीएचसी में एएनएम की तैनाती तथा पेंटावेलेंट टैबलेट व बीसीजी डोज के समय दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी और प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

### बीएलओ और सुपरवाइजरों की कार्यशाला आज

ललितपुर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 226-ललितपुर विधान सभा क्षेत्र ने जानकारी देते हुये बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा नामावली का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 का अभियान चल रहा है।

क्षेत्रीय स्तर पर बी. एल.ओ. एवं सपुरवाईजर को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु एक एक बृहद कार्यशाला का आयोजन आज (दिन सोमवार) को प्रातः 11 बजे स्थान कल्याण सिंह सभागार रामनगर, ललितपुर में किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त कार्यशाला में तहसील ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत-226 ललितपुर व 227 महरौनी विधानसभा के समस्त बी.एल.ओ. एवं सुपरवाईजर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की पहली किस्त जारी

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर-प्रदेश के 2.00 लाख लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त के रूप में एक लाख रुपए की धनराशि उनके खातों में हस्तांतरित की गयी। जिसमें जनपद

● जनपद के 2256 लाभार्थी हुए लाभान्वित

ललितपुर के 2256 लाभार्थी सम्मिलित हैं। (नगरपालिका परिषद ललितपुर के 1553 एवं नगर पंचायत तालबेहट के 703 हैं।) लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में 65 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित लाभार्थियों के मो0 नं0 पर उनके खाते में प्रथम किश्त की धनराशि के मैसेज प्राप्त हो गये जिसे देख कर सभी लाभार्थी हर्षित हुये। बताया गया कि योजनान्तर्गत प्रथम किश्त एक लाख, द्वितीय किश्त एक लाख, तृतीय किश्त पचास हजार रुपए प्रदान किये जायेंगे, साथ ही जो लाभार्थी प्रथम किश्त अवमुक्त से 6 माह के भीतर आवास का निर्माण पूर्ण कर लेंगे उन्हें दस हजार रूप्ये प्रोत्साहन राशि के रूप में अवमुक्त किये जायेंगे। इन लाभार्थियों का चयन संम्बधित तहसील एवं नगर निकाय के संयुक्त सत्यापन उपरांत स्पेशल फोकस ग्रुप के आधार पर किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन एवं जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिश्चंद्र रावत ने अपने सम्बोधन में योजना की जानकारी लाभार्थियों को दी एवं बताया कि समय से अपने आवासों का निर्माण करायें एवं प्राप्त धनराशि का उपयोग आवास निर्माण में ही करें, अधिक से अधिक लाभार्थी प्रोत्साहन धनराशि का लाभ उठायें इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनाली जैन, चंद्रशेखर पंथ, गौरव गौतम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, राजेश कुमार श्रीवास्तव अपरजिलाधिकारी, कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, दयाशंकर जिला सूचना अधिकारी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा परियोजना अधिकारी डूडा ललितपुर, राकेश चन्द्र त्रिपाठी सी0एम0एम0 डूडा, शशी कर्दम सहित डूडा के समस्त कर्मचारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने कई बूथों का जाना हाल, प्रचार-प्रसार के निर्देश

**बांदा।** आयुक्त ने चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के 5 बूथों का निरीक्षण किया। उन्होने उच्च प्राथमिक विद्यालय पैलानी, प्राथमिक विद्यालय क्योटरा डेरा, प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम पपरेंदा, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं मधुसूदनदास इंटर कॉलेज जसपुरा का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान सभी बूथों पर नियुक्त बूथ लेवेल अधिकारी, बीएलओ मौजूद मिले। बीएलओ के पास फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे। बीएलओ मौजूद लोगों को आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़कर सुना रहे थे। जिससे मतदाताओं को अपने नामों की जांच में सुविधा मिली। निरीक्षण में यह भी मिला कि कुछ बूथों पर नवनियुक्त बीएलओ इनमें सीमा, नीलम और पूर्णिमा को चुनाव संबंधी कार्यों का पर्याप्त प्रशिक्षण नही मिल पाया। इस पर आयुक्त अजीत कुमार ने ईआरओ/उप जिलाधिकारी पैलानी को निर्देश दिए कि नवनियुक्त बीएलओ को शीघ्र विधिवत प्रशिक्षण दिया जाए ताकि निर्वाचन कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता में कमी न रहे। उन्होने निर्देश दिए कि नये मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रत्येक गांव, वार्ड में मुनादी, पोस्टर, बैनर व अन्य



माध्यमों के जरिए लोगों को अपने नाम जुड़वाने तथा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को संशोधित कराने के लिए प्रेरित किया जाए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सभी बूथों पर फार्म-6, 7 एवं 8 कम से कम 50 प्रतियों में अनिवार्य रूप से रखे जाएं। जिससे किसी भी पात्र नागरिक को आवेदन में असुविधा न हो। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य शतप्रतिशत पात्र लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना और त्रुटि रहित अद्यतन विश्वसनीय निर्वाचक नामावली का निर्माण करना है। उन्होने इस काम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

## क्षत्रिय राजपूत सभा ने सुधीर राणा को अध्यक्ष और डॉ. सतीश चौहान को महामंत्री चुना



**नगीना, बिजनौर।** जिला क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर की बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सुधीर राणा को नगर अध्यक्ष एवं डॉ सतीश चैहान को महामंत्री चुना गया। इस मौके पर वक्ताओं ने समाज की एकता पर बल देते हुए शिक्षित एवं सक्षम बनकर समाजसेवा करने का क्षत्रिय राजपूत युवाओं से आह्वान किया। रविवार को नगीना के एसडीएम कोर्ट रोड स्थित एक निजी आवास पर जिला क्षत्रिय राजपूत सभा की बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेश चैहान व तिलक राज सिंह के संचालन में आयोजित हुई जिसमें बैठक का शुभारंभ क्षत्रिय गौरव महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। इस मौके पर संरक्षक यशपाल सिंह ने युवाओं से शिक्षित व समर्थ बनकर राजपूत समाज के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया वहीं जिलाध्यक्ष धर्मेश चैहान व अन्य वक्ताओं ने समाज को एकजुट करने व अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यों से जुड़ने की बात कही। इस मौके पर जिला क्षत्रिय राजपूत सभा के निर्वाचन अधिकारी टीकम सिंह एडवोकेट व यशपाल सिंह की देखरेख में नगर की क्षत्रिय राजपूत सभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें विनोद राठौर संरक्षक, सुधीर राणा को अध्यक्ष, डॉ0 सतीश चैहान महामंत्री, मास्टर भूपेश चैहान उपाध्यक्ष, गगन चैहान मंत्री ,प्रबोध चैहान एडवोकेट कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी मनीष राणा, संगठन मंत्री अंशुल ठाकुर व रामकुमार सिंह एडवोकेट, अजय चैहान, गजेंद्र सिंह को सदस्य कार्यकारिणी चुना गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष लोकेंद्र चैहान, कुलवीर सिंह, राजेंद्र सिंह चैहान, अजय चैहान, सौरभ चैहान, विमल चैहान, रवि चैहान सहित काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किशोर के हाथ में फटा विस्फोटक, हाथ क्षतिग्रस्त

**महोबा/चरखारी।** जंगली जानवरों के शिकार के लिए रखे गए अवैध विस्फोटक से एक किशोर घायल हो गया। रविवार को सचिन उम्र 14 वर्ष बकरी चराने जंगल गया था। वहां जैसे ही उसने विस्फोटक सामग्री को छुआ, जोरदार धमाका हुआ। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस अब इस मामले की जांच में जुट गई है। उक्त घटना चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सालट गांव की है। सचिन रोज की तरह अपनी बकरियां चराने पास के जंगल में गया था। जंगल में घास चरती बकरियों के बीच उसकी नजर जमीन पर पड़ी एक संदिग्ध वस्तु पर पड़ी। सचिन ने जैसे ही उस विस्फोटक सामग्री को हाथ में उठाया, एक जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि सचिन के दोनों हाथ बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए और उसकी आंखों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। पास ही मवेशी चरा रहे अन्य चरवाहों ने धमाके की आवाज सुनी और खून से लथपथ सचिन को देखा। उन्होंने तत्काल बालक को उठाकर गांव की ओर दौड़ लगाई। परिजनों को सूचना दी गई और घायल सचिन को जिला अस्पताल लाया गया। चरखारी कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि किसान अपने खेतों की रक्षा के लिए नीलगाय या अन्य जानवरों को भगाने के लिए पटाखा आदि का प्रयोग करते हैं, ऐसी ही कोई विस्फोटक सामग्री पड़ी थी। जिसे बच्चा इस्तेमाल कर रहा था, उसमें विस्फोट होने से वो घायल हुआ है, फिर भी हर पहलू से जांच की जा रही है।

## व्यापारियों के अनशन का 5वां दिन, पहुंची सांसद



**बांदा।** बबेरू कस्बे के व्यापारियों ने आशियाना बचाने के लिए व्यापार संघ चैराहा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारियों का क्रमिक अनशन रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। मुख्य चैराहे के चैंड़ीकरण तथा सुन्दरीकरण को लेकर लोक निर्माण व राजस्व विभाग से दूसरी नोटिस मिलते ही व्यापारियों में दहशत है। बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल व्यापारियों के धरना स्थल पर पहुंचीं और कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा। हम व्यापारियों के साथ खड़े हैं। जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष के के महंत ने अनशनकारियों को माला पहनाकर व्यापारियों में जोश भरने का काम किया। उन्होने कहा कि मुख्य चैराहे को ही केन्द्र बिन्दु माना जाए। संगठन व्यापारियों के साथ गलत नही होने देगा। व्यापारियों ने प्रशासन की तरफ से दूसरी नोटिस जारी होते ही आंदोलन को गति देने का ऐलान किया। अनशन स्थल पर पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, के के महंत, अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश व रमाशंकर के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## रोटी बैंक ने गरीबों को बांटे कंबल, गर्म कपड़े



**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब की अध्यक्षता, शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम अछरौंड़ ब्लॉक बड़ोखर खुर्द के ग्रामीणों को कंबल, कपड़े, जूते, चप्पल का वितरण किया गया। प्रधान विनोद यादव की उपस्थिति में समाजसेवी मजहर अली अध्यापक से दान में मिले 15 कम्बल व शहर के जागरूक लोगों से दान में मिले गरम कपड़े, जूते चप्पल का वितरण लगभग 350 जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया। सोसाइटी टीम के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम और महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा ने ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कम्बल, कपड़े पाकर ग्रामवासियों में बेहद खुशी दिखाई दी और टीम को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा। इस दौरान रिजवान अली अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, उप शाखा प्रमुख छिप्तहरी अलीमुद्दीन, समाजसेवी ग्राम अछरौड आजाद मोहम्मद, रिन्कू व समाजसेवी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का शुभारंभ दस फरवरी से

ललितपुर। सीएमओ ने बताया कि आगामी 10 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है, ताकि उनके शारीरिक और मानसिक

● प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है अभियान का उद्देश्य: डॉ. इम्तियाज

विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश 10 फरवरी को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मॉप-अप डे के दौरान कवर किया जाएगा। बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से यह सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मिट्टी से फैलने वाले कृमि भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती हैं। कृमि बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं, जिससे एनीमिया), कुपोषण और संज्ञानात्मक विकास में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस इन समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी उपाय है। अभियान के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए आधी गोली (200 मिलीग्राम) पीसकर साफ पानी के साथ दी जाएगी 2-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक पूरी गोली (400 मिलीग्राम) चबाकर खानी होगी। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। हालांकि, जिन बच्चों के पेट में कृमि का भार अधिक होता है, उनमें हल्के जी मिचलाने या पेट दर्द जैसे लक्षण दिख सकते हैं, जो अस्थायी होते हैं। सभी केंद्रों पर आपातकालीन प्रोटोकॉल और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने बताया कि संक्रमण के चक्र को तोड ? के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। जनमानस से आग्रह है कि वे स्वच्छ आदतों को अपनाएं, जैसे शौचालय का प्रयोग करना, खाने से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोना, नाखून छोटे और साफ रखना, साफ पानी सब्जियों/फलों को धोकर उपयोग करना, जूते या चप्पल पहनना आदि।

# निर्माणाधीन नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग का डीएम जसजीत कौर ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्माणाधीन नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग का निरीक्षण कर राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक एवं कार्यदाई संस्था को समयबद्धता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा शनिवार को निरीक्षण के दौरान एन एच आई के परियोजना निदेशक ने बताया कि पहले पांच किलोमीटर में मार्ग निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आगे पांच किलोमीटर मार्ग पर कार्य प्रगति पर है तथा शेष मार्ग में आरबीएम डाला जा चुका है, दूसरा फेस मुकम्मल होने के बाद अंतिम चरण के सड़क निर्माण का कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना निदेशक द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर को यह भी अवगत कराया गया कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई वैधानिक रुकावट नहीं है और 15 अप्रैल 2026 तक कार्य को पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण मानक के अनुसार पूरा कराना सुनिश्चित करें और उसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को समय-समय पर चेक करते रहें ताकि किसी स्तर पर भी अनियमितता न होने पाए और न ही घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाना संभव हो सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कलश यात्रा में टप्पेबाजी के 8 आरोपी गिरफ्तार



**बांदा।** शहर कोतवाली पुलिस ने महामंडलेश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा के दौरान आधा दर्जन महिलाओं के साथ हुई टप्पेबाजी के मामले पर 6 महिलाओं सहित 8 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इस मामले पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कोतवाली पुलिस को कड़े निर्देश दिए थे। इसके लिए पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया था। चल रही तहकीकात के दौरान शहर कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली कि अतर्रा रोड बाईपास के पास सफेद रंग के चार पहिया वाहन में कुछ संदिग्ध पुरूष व महिलाएं हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घेराबंदी की और जरूरी बल प्रयोग करते हुए दो पुरूष व 6 महिलाओं को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उनके पास से सोने के 7 मंगलसूत्र व एक जंजीर बरामद हुई। मिले जेवर और चार पहिया वाहन के बारे में कड़ाई से पूंछताछ की गयी तो उन्होने बताया कि सभी एक दूसरे के रिश्तेदार हैं और जहां कहीं भी मेला, कथा प्रवचन, कलश यात्रा का आयोजन होता है, सभी मिलकर इस चार पहिया से जाते हैं और दो ग्रुप बनाकर भीड़ में शामिल होकर महिलाओं के गहने व रुपयों की चोरी करते हैं। बरामद किए गये मंगलसूत्र व जंजीर कलश यात्रा के दौरान चोरी किए गये थे। यह लोग गिरोह बनाकर कथा पंडाल में जाकर भी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले थे। पुलिस इनके पूर्व में किए गये कारनामों की गहनता से जांच कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में विनोद कुमार पुत्र जीउतराम गाजीपुर, अजय कुमार पुत्र फूलचंद्र, सोनी पत्नी विनोद, मीना पत्नी रामआसरे, गीता पत्नी राजकुमार, कमली पत्नी नखरू, रूपा पत्नी सिंटू निवासी हीरामनपुर थाना सिंधोरा जिला वाराणसी व आशा पत्नी अनिल निवासी जौनपुर हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, चैकी प्रभारी बलखंडीनाका यज्ञ नारायण भार्गव, चैकी प्रभारी अलीगंज अरविंद कुमार मौर्य, उप निरीक्षक प्रवेश कुमार व महिला पुलिसकर्मी रहीं।

## मदरसा मदीना तुल उलूम में 07 बच्चों के कुरान ए हिफ्ज मुकम्मल करने पर दस्तरबंदी



जिला संवाददाता (vol)

**नगीना, बिजनौर।** सालाना इजलास मदरसा मदीना तुल उलूम शेख सराय में हुआ जिसकी सदारत जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम और निजामत मौलाना असजद रहमानी ने की। सालाना इजलास में मदरसा मदीना तुल उलूम में 07 बच्चों ने कुरान ए हिफ्ज मुकम्मल किया।

मदरसा मदीना तुल उलूम शेख सराय में रविवार को सालाना इजलास में मुफ्ती अरशद साहब ने मदीनातुल उलूम के पूरे साल का हिसाब किताब लोगों के सामने पेश किया। इस मौके पर मुरादाबाद से आए मेहमाने खुसूसी मुफ्ती तोहीद साहब ने फरमाया की मदरसा मदीना तुल उलूम एक पुराना दीनी इदारा है जो नगीना और पूरी दुनिया में दीनी तालीम की खिदमत अंजाम दे रहा है उन्होंने कहा की जिन बच्चों ने कुरआने हिफ़्ज किया हैं या जिन्होंने कुरान मुकम्मल किया है।

उन्हें और उनके मां-बाप को अल्लाह की यहां एक बड़ा इनाम जन्नतुल फिरदौस के आला मुकाम की शक्ल में मिलेगा और अपने खानदान के बहुत सारे फर्द को जन्नत में ले जाने का हक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम और एक मुकम्मल मुस्लिम होने की तालीम जरूर लेनी चाहिए और उस पर अमल करने वाले हो इस मौके पर मुफ्ती ओवैस अकरम साहब ने फरमाया कि हमें अपने और अपने बच्चों की दीनी तालीम की फिक्र करनी चाहिए और उन्हें एक अच्छा मुसलमान होने के साथ-एक अच्छी जिंदगी गुजारने वाला भी होना चाहिए। कुरान ए हिफ्ज करने वालो में हाफिज मोहम्मद माआज, हाफिज मोहम्मद अली, हाफिज मोहम्मद माजबिन, मोहम्मद आसिफ, हाफिज मोहम्मद आमिर यूनुस, हाफिज मोहम्मद शोएब, हाफिज मोहम्मद उमर, हाफिज मोहम्मद सफवान, तज्वीद वाले बच्चे मोहम्मद रिहान, मोहम्मद असद, मोहम्मद असद, मोहम्मद मुसाब, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद जकरिया, मोहम्मद अनस, मोहम्मद फहद, मोहम्मद अदीब, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अलीम ने कुरआन मुकम्मल किया।

इस मौके पर मुफ्ती फहीम, मुफ्ती फैसल, चेसरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, समाज सेवी तंजील आलम, मौलाना तारिक, मुफ्ती फुजैल, मुफ्ती शाहिद, कारी अकील, कारी रिजवान, मौलाना अरशद आदि मौजूद रहे।

# खेल व्यक्तित्व के विकास में निभाते हैं अहम भूमिका: एएन सार

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में मैराथन 2026 में अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने जबर्दस्त उत्साह के साथ भाग लिया। स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ शुरू

● ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी परिसर में मैराथन 2026 का हुआ आयोजन

हुई मैराथन में बच्चे, महिलाओं व पुरुषों ने भागीदारी दी। इस मौके पर कंपनी के सीईओ ए एन सार ने खेलों के माध्यम से लंबी और निरोगी काया पर प्रकाश डाला। रविवार सुबह 7 बजे से बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड परिसर में आयोजित मैराथन 2026 में प्रतिभाग करने के लिए कंपनी अधिकारियों व उनके परिजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। मैराथन की शुरूआत से पूर्व कंपनी के सीईओ ए एन सार ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को खेलों में प्रतिभाग करके लंबी और निरोगी काया रखने के मंत्र का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आप के अंदर छिपा खिलाड़ी सक्रिय रहेगा, बीमारियां आपसे दूर भागती रहेंगी। कंपनी इस वर्ष मैराथन का आयोजन स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ कर रही है इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरूआत कराई। इस मौके पर लोग जमकर भागे और एक दूसरे को पछाड़ने की जद्दोजहद के बीच खेल भावना का परिचय दिया। इस मैराथन के वही सिकंदर बने जिनके शरीर में दम और निरंतर अभ्यास था। मैराथन प्रतियोगिता के ग्रुप ए (आयु वर्ग 40 साल से कम) में प्रथम शिवम राजपूत, द्वितीय कृष्णा मेघवंशी, तृतीय अजय कुशवाहा रहे। ग्रुप बी (महिला वर्ग) में प्रथम विमला यादव, सीमा चैधरी, तृतीय। शांभवी मिश्रा एवं ग्रुप सी (पुरुष 40 साल से अधिक आयु वर्ग) में प्रथम रोहित सिंह, द्वितीय अभिमन्यु उपाध्याय, तृतीय अमरनाथ साहा रहे। ग्रुप डी (बच्चे क्लास 1-2) में प्रथम दिव्यांश राणा, द्वितीय दृष्टांत सैनी, तृतीय शिवानी, ग्रुप ई (बच्चे क्लास 3-5) में प्रथम सुजल कुमार, द्वितीय केशव यादव, तृतीय प्रतीक गुप्ता, ग्रुप एफ (बच्चे क्लास 6 से ऊपर) में प्रथम सूर्यांश पचैरी, द्वितीय, रुद्र प्रताप सिंह, तृतीय नमीष चंद्रा, ग्रुप जी (लड़कियां क्लास 6 ऊपर) में प्रथम वैष्णवी अवस्थी, द्वितीय अंशिका मिश्रा, तृतीय मौनमई गरपड़े रही। अंत में विजेता प्रतिभागियों को कंपनी के सीईओ ए एन सार व उनकी धर्मपत्नी अलका सार पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट अखिलेश खुरसवार, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा खेल समिति के अध्यक्ष सनी सप्रू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## साहित्यकार जहीर ललितपुरी कलम रत्न सम्मान से सम्मानित



**ललितपुर।** जनपद निवासी साहित्यकार जहीर ललितपुरी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 10 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित विश्व पुस्तक मेला 2026 में कलम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर रवीना प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित देवनागरी लिपि में जहीर की अट्ठाइसवीं किताब, अद्भुत कहानी संग्रह- सर्वे भवन्तु सुखिनः (सब सुखी रहें), का विमोचन किया गया. भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली के विश्व पुस्तक मेला में रवीना प्रकाशन के स्टॉल पर उनकी समस्त किताबें व संग्रहों को प्रदर्शित किया गया। जहीर ललितपुरी जिनका वास्तविक नाम अब्दुल जहीर है, जिन्होंने अपनी बहुआयामी रचनात्मकता और सतत साहित्यिक साधना से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। अदबी उस्ताद जनाब असर ललितपुरी का मार्गदर्शन उनकी साहित्यिक दृष्टि को परिष्कृत करने में महत्वपूर्ण रहा।

अब तक उनकी अनेक मौलिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें देवनागरी लिपि में गजल और गीत संग्रह उर्दू में मजमुआ कलाम हिन्दी और अंग्रेजी में उपन्यास कहानी संग्रह निबंध संग्रह तथा अनेक साझा काव्य और कथा संकलन शामिल हैं। उनकी रचनाओं में मानवीय संवेदना सामाजिक यथार्थ प्रेम राष्ट्रभाव और जीवन की जटिलताओं का सशक्त और ईमानदार चित्रण मिलता है।

# निवेश बढ़ाने की जरूरत

यह चिंता का विषय है कि देश में कंपनियों के पास पूंजी की कमी नहीं है, बहुत सी कंपनियां बड़ी पूंजी पर बैठी हुई हैं, देश में तेज आर्थिक प्रगति भी हो रही है फिर भी निवेश करने से बच रही हैं। देश में गैर सूचीबद्ध कंपनियां वित्तीय रूप से दशकों की सबसे मजबूत वित्तीय स्थिति में हैं। इतनी मजबूत वे पहले कभी नहीं रही हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि उन पर ऋण का भार 35 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर है, साथ ही उनका ब्याज कवरेज अनुपात ऊंचा है और मुनाफा भी बेहतर है। ये कंपनियां, उत्पादन, रोजगार और निजी निवेश का बड़ा हिस्सा हैं और इनमें कई बड़ी और संपन्न इकाइयां शामिल हैं। जैसे परिवार-स्वामित्व वाले औद्योगिक समूह, अधोसंरचना कंपनियां और वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारतीय शाखाएं। कई कंपनियों की बैलेंस शीट काफी मजबूत है। वे वर्तमान से कहीं अधिक उधार ले सकती हैं और निवेश कर सकती हैं। फिर भी, ये कंपनियां अक्सर क्षमता विस्तार के लिए नहीं बल्कि पुराना कर्ज चुकाने के लिए उधार ले रही हैं। यदि मजबूत मुनाफे, कम ऋण बोझ और आसान ऋण उपलब्धता वाली कंपनियां भी जोखिम लेने को तैयार नहीं हैं, तो समस्या स्पष्ट रूप से वित्त से परे कहीं और है। इक्रा द्वारा पिछले वर्ष जारी किए गए विश्लेषण, जिसमें 8,000 गैर-सूचीबद्ध कंपनियों और 4,500 सूचीबद्ध कंपनियों को शामिल किया गया था, से पता चलता है कि कुल निजी पूंजीगत व्यय में मंदी के लिए मुख्य रूप से गैर-सूचीबद्ध कंपनियां जिम्मेदार हैं। हालांकि यह सतर्कता केवल गैर-सूचीबद्ध कंपनियों तक सीमित नहीं है। देश के कारोबारी जगत में मुनाफा मजबूत है लेकिन



निवेश की चाह कमजोर है। गैर-वित्तीय कंपनियां अपनी कुल परिसंपत्तियों का लगभग 11 प्रतिशत नकदी के रूप में रखे हुए हैं। वे मूल व्यावसायिक गतिविधियों के बजाय निष्क्रिय स्रोतों से अधिक कमाई कर रही हैं। पूंजीगत लाभ और अन्य गैर-परिचालन आय सहित निष्क्रिय आय का हिस्सा पिछले दशक में लगभग दोगुना हो गया है। बड़ी गैर-वित्तीय कंपनियों में, संयंत्र, मशीनरी और निमार्णाधीन परियोजनाओं जैसी भौतिक परिसंपत्तियों का हिस्सा लगातार घटा है, जबकि वित्तीय परिसंपत्ति लगातार बढ़ी हैं। दूसरे शब्दों में, मुनाफे वाली कंपनियां अपने अधिशेष को कारखानों, अधोसंरचना या नई क्षमता में लगाने के बजाय वित्तीय बाजारों में रखना पसंद कर रही हैं। यह व्यवहार भारत की अतीत की निवेश मंदी से बिल्कुल अलग है। वर्ष 2010 के दशक में वृद्धि को दोहरी बैलेंस शीट की समस्या ने रोके रखा था। यानी अत्यधिक ऋणग्रस्त कंपनियां और दबावग्रस्त बैंक। आज कॉर्पोरेट बैलेंस शीट साफ है, बैंक अच्छी तरह पूंजीकृत हैं, फंसा हुआ कर्ज और फंसी परिसंपत्तियां कम हैं और ऋण आसानी से उपलब्ध है। फिर भी निजी निवेश डांवाडोल नजर आ रहा है। इसके कई कारण हैंः मांग असमान बनी हुई है, शहरी खपत में धीमापन आया है, ग्रामीण सुधार धीमा रहा है, निर्यात में कमी है, सस्ते आयात खासकर चीन से होने वाले आयात ने कुछ क्षेत्रों के मार्जिन पर असर डाला है। ध्यान रहे कि कंपनियां तभी निवेश करेंगी जब उन्हें स्थायी प्रतिफल की उम्मीद होगी। वे केवल अल्पकालिक मुनाफे के लिए ऐसा नहीं करेंगी। इसके अलावा, व्यावसायिक उत्तराधिकारियों की बढ़ती संख्या क्षमता विस्तार के बजाय संपत्ति प्रबंधन में अधिक सहज दिखती है। सामान्य समस्याएं भी बरकरार हैं। भूमि अधिग्रहण में देरी, पर्यावरणीय मंजूरी और मुकदमेबाजी पूंजी को वर्षों तक अटका सकती हैं। इस परिदृश्य में, उभरते पूंजी बाजारों ने वित्तीय निवेश को वास्तविक क्षेत्र में निवेश की तुलना में अधिक सुरक्षित और लाभकारी बना दिया है। निजी निवेश के धीमी गति से इजाफा होने के कारण आर्थिक गति को बरकरार रखने की जिम्मेदारी अकेले सरकार पर आ गयी है। यह ठीक नहीं है। जब देश गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है तब उद्योग जगत को आगे आकर विकास की तेज गति सुनिश्चित करनी चाहिए।

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

# ईरान, वेनेजुएला, ग्रीनलैंड, कहां रुकेंगे ट्रंप





मनोज बाजपेयी

नये साल की शुरुआत ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उठाकर की थी। फिर कोलंबिया, मैक्सिको, ईरान को धमकाना शुरू किया। अब वे ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहते हैं। ग्रीनलैंड पर ट्रंप की जिद और आक्रामकता ने पूरे यूरोप को गंभीर संकट में डाल दिया है।

बीस जनवरी 2025 को दूसरी बार शपथ लेते ही अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने पूरी दुनिया को डराना, धमकाना और अस्थिर करना शुरू कर दिया था। शुरू में लगा था कि कुछ दिनों की उठा-पटक के बाद शांत हो जायेंगे, लेकिन जिस तरह ट्रंप की मनमानी, धौंस-पट्टी बढ़ती जा रही है, उससे दुनिया के अनेक देश संकट में पड़ गये हैं। नये साल की शुरूआत ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उठाकर की थी। फिर कोलंबिया, मैक्सिको, ईरान को धमकाना शुरू किया। अब वे ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहते हैं। ग्रीनलैंड पर ट्रंप की जिद और आक्रामकता ने पूरे यूरोप को गंभीर संकट में डाल दिया है।

अमरीका ने कुछ वर्ष पहले दुनिया भर में मानवीय अधिकारों की रक्षा करने की ठेकेदारी स्वयं ही अपने नाम घोषित कर दी थी। उस हिसाब से उसे चाहिए तो यह था कि वह ग्रीनलैंड को डेनमार्क के कब्जे से छुड़ा कर उनको अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित करने में मदद करता। लेकिन ट्रंप ने उसे अपने कब्जे में लेने का निर्णय कर लिया। अब वह अपनी संसद में कुछ उसी प्रकार के कानून पास करवा रहे हैं जो उन्हें ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की अनुमति दे। इतिहास में कभी इसी प्रकार का विधान डेनमार्क ने भी अपनी संसद में पास करवाया होगा। आखिर अमरीका ग्रीनलैंड को स्वतंत्र करवाने के बजाय अपने कब्जे में क्यों चाहता है?

ग्रीनलैंड की कहानी भी अनोखी है। इसलिए भी क्योंकि अमरीका के राष्ट्रपति ने वेनेजुएला पर कब्जे के उपरांत अब ग्रीनलैंड पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं। वेनेजुएला का स्वयं को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित करने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर कुछ छिटपुट कानूनी विधि विधान भी तैयार करने शुरू किए हैं। अमरीकी संसद में कुछ इस प्रकार का विधेयक भी रखा जाने वाला है जो अमरीका को ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लेने का अधिकार दे देगा। अमरीका स्वयं ही अमरीका को एक तीसरे देश पर कब्जा करने का अधिकार देगा। एक बार फिर पुरानी कहावत को दोहराने की जरूरत है। जिसकी लाठी उसकी भैंस। अब थोड़ा ग्रीनलैंड के बारे में भी। भौगोलिक लिहाज से ग्रीनलैंड अमरीकी महाद्वीप का हिस्सा है। इस विशाल महाद्वीप पर यूरोप की विभिन्न जातियों ने कब्जा कर लिया था। इस महाद्वीप पर रहने वाले लोगों को इंडियन कहा जाता था क्योंकि यह माना जाता है कि आज से लगभग पन्द्रह बीस हजार साल पहले ये लोग एशिया/जम्बूद्वीप से हिजरत करके यहां पहुंचे थे। यह कहानी भी प्रचलित है कि जब पन्द्रहवीं शताब्दी में कोलम्बस यहां पहुंचा तो उसने इनको एशिया मूल होने के कारण इंडियन कहा। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि कोलम्बस जब अमरीका द्वीप में पहुंचा तो उसको धोखा लगा कि वह इंडिया पहुंच गया, इसलिए इन लोगों को इंडियन कहा जाने लगा। आजकल इन लोगों को भारतीयों से अलग बताने के लिए इन्हें नेटिव इंडियन कहा जाता है। कोलम्बस के बाद सत्रहवीं शताब्दी में इंग्लैंड से लोगों ने खासकर उत्तरी अमरीका आना शुरू कर दिया और यहां बस्तियां बसाईं। बताते हैं कि उसके बाद फ्रांस के लोग भी आए। दक्षिणी हिस्से में स्पेन से आकर लोगों ने अड्डे जमा लिए। लेकिन उस समय ग्रीनलैंड क्षेत्र की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

विमर्श

शायद इसका एक कारण उस समय इस विशाल क्षेत्र की कोई उपयोगिता न होना भी हो सकता है। लेकिन अठारहवीं शताब्दी के दूसरे दशक में यूरोपीय देश डेनमार्क के डेन लोगों का ध्यान ग्रीनलैंड की ओर चला गया। वहां के एक पादरी ने ग्रीनलैंड में जाकर अपना स्थान अड्डा जमा लिया। वहां के भले लोगों ने उसका सम्मान किया। यह कुछ इसी प्रकार था जिस प्रकार कभी अमरीका के इंडियन ने कोलम्बस का किया था और बाद में धोखा मिला। यह धोखा ग्रीनलैंड के लोग भी खा गए और इसका परिणाम यह हुआ कि ग्रीनलैंड डेनमार्क ने अपना प्रशासन भी वहां स्थापित कर दिया और पादरी अपने उसी पुराने काम स्थानीय लोगों को ईसाई बनाने में लगे रहे। लेकिन मामला यहीं समाप्त नहीं हुआ। 1953 में डेनमार्क ने कानूनी विधिविधान से ग्रीनलैंड को अपने देश का हिस्सा ही घोषित कर दिया।

यह मानना चाहिए कि पन्द्रहवीं शताब्दी में अमरीकी महाद्वीप पर यूरोपीय जातियों में वर्चस्व की जो जंग छिड़ी थी वह 1953 में अपने अंतिम चरण में जाकर समाप्त हो गई। लेकिन इसमें एक पेंच बाकी रह गया था। अमरीकी महाद्वीप के जिन हिस्सों पर यूरोपीय जातियों ने कब्जा किया था, वे हिस्से मूल देश के कब्जे में मान लिए गए। उदाहरण के लिए अमरीका के जिन हिस्सों पर अंग्रेजों ने बस्तियां बसाईं वे सभी बस्तियां इंग्लैंड के राजा या रानी के अधीन ही मानी गईं और वहां का प्रशासन इंग्लैंड ही चलाता था। लेकिन कालान्तर में अमरीका महाद्वीप के लगभग सभी देश स्वतंत्र हो गये। लेकिन ग्रीनलैंड के मामले में किस्सा अलग हुआ। ग्रीनलैंड को यूरोपीय देश डेनमार्क ने अपना हिस्सा बता कर उसे डेनमार्क का इन्टीग्रेटेड भाग मान लिया। अभी तक सारी दुनिया यह समझ बैठी थी कि अमरीकी महाद्वीप को कब्जाने की जंग समाप्त हो चुकी है। लेकिन अब यूएसए ने इसे दोबारा खोल दिया है। अमरीका को अब लगता है कि जैसे अमरीकी महाद्वीप के कुछ भागों पर इंग्लिश लोगों का कब्जा है उसी प्रकार ग्रीनलैंड पर भी उनका कब्जा होना चाहिए। वह यूरोप द्वीप के एक छोटे से देश डेनमार्क का हिस्सा कैसे हो सकता है। वैसे इतिहास में अमरीकी महाद्वीप का यह अंतिम हिस्सा है जो इक्कीसवीं शताब्दी में भी यूरोप द्वीप के एक देश का हिस्सा है। आज डेनमार्क, ग्रीनलैंड को अपना हिस्सा तो बता रहा है लेकिन ग्रीनलैंड में रहने वाले लोग डेन मूल के नहीं हैं। अमरीका की नीति ग्रीनलैंड के लोगों के लिए स्वतंत्रता की नीति नहीं है, बल्कि उसे डेन लोगों के कब्जे से छुड़ा कर इंग्लिश लोगों के कब्जे में देने की है।

ग्रीनलैंड की आबादी लगभग साठ हजार है। उसमें डेन लोगों की संख्या केवल दस प्रतिशत के लगभग है। फिल हाल ग्रीनलैंड को डेनमार्क अपने हिसाब से चला रहा है। लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ने ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए जो आक्रामक नीति अपनायी है उससे स्पष्ट है कि अमरीकी महाद्वीप पर कब्जा करने की पुरानी जंग नये रूप में सामने आ रही है जिसको मान लिया गया था कि वह समाप्त हो चुकी है, लेकिन वह खत्म नहीं हुई है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की ट्रंप की कोशिशों ने संपूर्ण यूरोप को संकट में डाल दिया है। यूरोप द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही बहुत ही शांत रहा है। नाटो के अधीन अमरीका यूरोपीय देशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रहा था। लेकिन ट्रंप जिस तरह पहले यूरोप को टैरिफ के जरिए और चुनिंदा यूरोपीय नेताओं को टारगेट कर असहज किया और अब ग्रीनलैंड पर आक्रामकता दिखा रहे हैं, उससे यूरोपीय देशों को भी अपनी सुरक्षा को लेकर अमरीका पर भरोसा घटा है। ट्रंप की आक्रामक नीति के कारण नाटो पर भी संकट है और अगर ट्रंप ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्रवाई के जरिए कब्जा करते हैं, संभव है यूरोप और अमरीका आने-सामने भी आ जायें।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया



बंगाल में टीएमसी के महाजंगल राज का जाना और भाजपा के सुशासन का आना बहुत जरूरी है, इसके लिए ईश्वर चंद्र विद्यासागर के बताये रास्ते पर चलना होगा। केशव प्रसाद मौर्य.



साधु-संतों, भक्तों-श्रद्धालुओं के साथ अप्रिय व्यवहार का समाचार दुखद है। भारतीय जनता पार्टी सरकार 'दिव्य-भव्य' के दावे से पहले सभ्य बने। अखिलेश यादव.



इंदौर में प्रदूषित पानी पीने से अनेक निर्दोष नागरिकों की मौत तथा अन्य अनेक लोगों के बीमार हो जाने की अति दुखद एवं चौंकाने वाली है। घटना से आक्रोश स्वाभाविक है। मायावती.

# बुराइयों से बचें

अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

# मोहल्ले में कुत्तों का जलवा...

व्यंग्यलोक



पूरन सरमा

पहले पूरे मोहल्ले में एक कुत्ता था। सीधा-सादा और सरल सा। पास से निकलता तो वह पांवों में लोट जाता और दुम हिलाने लगता। पूरे मोहल्ले का ध्यान वही कुत्ता रखता था। हालांकि था तो वह कुत्ता ही, लेकिन उससे किसी को कोई परेशानी नहीं थी। उसी के भलेपन का फायदा उठाकर पता नहीं कहाँ से पांच-सात कुत्ते और मेरे मोहल्ले में आ गये हैं। इनमें एक-दो तो एकदम पिल्ले हैं। समझते-पहचानते नहीं, अपना-पराया नहीं देखते और लगते हैं भोंकने। नये कुत्तों का और भी बुरा हाल है, सारे दिन मोहल्ले में इधर से उधर घूमते रहते हैं और भले आदमी की पिण्डली पकड़ने को आतुर रहते हैं। मैं तो इनकी कार्य शैली से सदैव सहमा सा रहता हूँ। पता नहीं कब मिजाज बदल लें और काट लें। सही कहूं तो लगता है मोहल्ले में एक यूनियन सी बना ली है। जब भी घर से बाहर निकलता हूँ तो चारों तरफ कुत्ते ही कुत्ते घूमते नजर आते हैं। एकदम आवारा और हर ऊंच-नीच से बेखौफ। भार्गव साहब कुत्तों के शौकिन हैं। सारे दिन उनसे बतियाते और खेलते रहते हैं। उनके लिए रोटियां बनवाते हैं और अपने हाथों से खिलाते हैं। भार्गव साहब ने लगभग सभी कुत्तों को अपना पालतू बना लिया है। भार्गव साहब जब मौहल्ले का राउण्ड लेते हैं तो सारे कुत्ते उनके आगे-पीछे घूमते रहते हैं। एक दिन मैंने भार्गव साहब को अपने घर बुलाया और चाय पेश करते हुये कहा-भार्गव साहब अपने मोहल्ले में कुत्ते बहुत हो गये हैं। अच्छा हो इनमें से दो-चार को नगर-निगम में शिकायत लिखवाकर यहां से विदा कर दें? भार्गव साहब ने चाय का घूंट लिया और हैरानी से बोले- आप मोहल्ले के कुत्तों की शिकायत नगर निगम में करेंगे? थोड़ी गैरत रखो, इनको बड़ी मुश्किल से पाल-पोसकर बड़ा किया है और मोहल्ले की सुरक्षा के लिए खुला छोड़ रखा है। आपका इन बेचारों ने बिगाड़ा क्या है? मैं बोला-बुरा मत मानिये भार्गव साहब! माना आपने इन्हें स्नेह दिया है, पाला-पोसा है और इन्हें भोंकने के काबिल किया है। परन्तु मोहल्ले में हमारे-आपके बाल-बच्चे और महिलायें आती-जाती हैं। कभी उन पर इन्होंने उन पर हमला कर दिया तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए कह रहा था, एक-दो कुत्ते तो फिर भी चल सकते हैं, लेकिन इस पूरी फौज ने तो मोहल्ले का चैन छीन रखा है। भार्गव साहब ने पूरी चाय हलक से उतारी और बोले-शर्मा जी, ये कुत्ते हैं और जानवर भी हैं। इनमें समझने-बूझने की तो तमीज होती नहीं, कल ये तैश में आकर ऑफेंसिव हो गये तो आपका जीना हराम कर देंगे। ये कुत्ते हैं, उन्हें इनके हाल पर छोड़ दीजिये। निश्चित मानिये इन्हें इस मोहल्ले की आदत हो गई है।

# मौनी आमवस्याः मौन चिंतन तर्पण और ध्यान का दिन




पर्व/त्योहार

आर.सी.शर्मा

हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास की अमावस्या यानी कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि को मौनी अमावस्या या माघी अमावस्या भी कहा जाता है, इस साल यह 18 जनवरी 2026 रविवार के दिन पड़ रही है। काल गणना के मुताबिक मौनी अमावस्या की तिथि 18 जनवरी 2026 को रात 12 बजकर 3 मिनट से शुरू होकर 19 जनवरी 2026 की देर रात तक रहेगी। परंपरा और शुभ-मुहूर्त के अनुसार 18 जनवरी 2026 को ही मौनी अमावस्या का व्रत एवं अनुष्ठान मान्य होंगे। मौनी शब्द संस्कृत के मौन से निकला है, जिसका मतलब होता है- कुछ न बोलना यानी मौन धारण करना। अमावस्या का दिन चंद्रमा के रहित दिन होता है, इस कारण भी यह विशेष माना जाता है। इस दिन मौन के साथ संयम, चिंतन और ध्यान को विशेष रूप से प्रतिष्ठित किया गया है। चूंकि माघ माह हिंदू संस्कृति में स्वयं अत्यंत पवित्र महीना समझा जाता है, जब गंगा स्नान और तर्पण का विशेष महत्व होता है। इसलिए माघ माह की मौनी अमावस्या विशेष रूप से भगवान शिव और पितरों या पूर्वजों की आत्मिक शांति के लिए यह श्रेष्ठ दिन समझा जाता है।

**धार्मिक महत्वः** मौनी अमावस्या को गंगा स्नान के लिए सबसे पवित्र दिन माना गया है। धर्मशास्त्रों के मुताबिक मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सारे पाप धुल जाते हैं और उसे जीवन में मोक्ष तुल्य फल की प्राप्ति होती है। गंगा का जल इस दिन अमृतमय माना जाता है, जिससे स्नान भी तर्क के सामान लाभ देता है। जिन खास जगहों पर इस दिन स्नान की विशेष परंपरा है, उसमें प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर तथा हरिद्वार और वाराणासी जैसे तीर्थस्थलों पर गंगा स्नान को विशेष तौरपर महत्वपूर्ण माना गया है। इसलिए इस दिन हर साल इन स्थानों पर मौनी अमावस्या के लिए लाखों-लाख श्रद्धालु आते हैं। माना जाता है कि इस पवित्र दिन स्नान से न केवल पूर्वजों के लिए शुभ फल प्राप्त होता है बल्कि व्यक्ति स्वयं जीवन के सभी कष्टों से मुक्त होता है।

**पितृ तर्पण और श्राद्ध कर्म**

मौनी अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन किये गये तर्पण से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। इस दिन व्रत रखने से पितृ दोष का निवारण होता है तथा परिवार में सुख समृद्धि की आशा बढ़ती है। अपने पूर्वजों को सम्मान देना, पुण्य प्रदान करना और उनका स्मरण करना, जीवन में संतुलन व सकारात्मक ऊर्जा का कारण बनता है। ऐसा माना जाता है कि इससे जीवन की बाधाएं कम होती हैं और अनिष्ट दूर होता है।

**मौन व्रत धारण करना**

इस दिन का एक अनूठा पक्ष है मौन व्रत यानी इस दिन का व्रत मौन रहकर किया जाता है। इस व्रत का अभ्यास उन लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो आत्मचिंतन, मानसिक शांति और ध्यान में गहनता चाहते हैं। मौन का पालन करने से मन की अशांति, आवश्यक वाणी और विद्वेष जैसे मानसिक विकृतियों से मुक्ति मिलती है। ऐसे में दिनभर मौन धारण करने से व्यक्ति के मन में संतुलन आता है। चिंतन, ध्यान की शक्ति और आध्यात्मिक अनुभूति बढ़ती है। शास्त्र कहते हैं कि इस प्रकार का संयमित व्रत आत्मा को उच्च स्तर पर ले जाता है और कर्मों के प्रभाव को संतुलित करता है। मौनी अमावस्या दान, तपस्या, धर्म और परोपकार का दिन है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इस दिन किये गये दान से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गरीबों, पक्षियों, पशुओं को अन्न, वस्त्र, तिल, फल आदि का दान करना बहुत शुभ माना जाता है। ध्यान, जप, यज्ञ और सप्तसती पाठ से व्रत रखने वाले लोगों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है। इस सबका उद्देश्य आत्मा के सत्य के निकट पहुंचना होता है, जहां आत्मा और ईश्वर के बीच का बंधन मजबूत होता है।

मौनी अमावस्या, माघ मेला और कुंभ संध्याओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। प्रयागराज, हरिद्वार और वाराणसी जैसे तीर्थस्थलों पर माघ मेला लगता है और मौनी अमावस्या को स्नान के लिए प्रमुख दिन माना जाता है। इन स्थानों पर इस दिन लाखों-लाख श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं। मौन व्रत तथा ध्यान इस दिन की विशेष खूबियां हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है। मौन व्रत से आवाज की अनावश्यकता कम होती है और मन की अराजकता नियंत्रित होती है। इससे एकाग्रता बढ़ती है और आतंरिक चिंतन की ऊर्जा विकसित होती है।

## आप की बात

### आत्मनिर्भर भारत

यदि हम अपने देश भारत को आत्म निर्भर बनाना चाहते हैं तो हमें अपने देश भारत के सभी गांवों / शहरो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना होगा। हमारा देश भारत एक धर्म एवं संस्कृति प्रधान देश है जिसमें मंदिर एक बहुत अहम भूमिका निभाता है। मैं एक दृष्टांत के रूप में आपको यह बताना चाहता हूं कि जिला बाराबंकी के गढ़ी गांव में 2005 में हमने सर्वे किया तो पाया कि गांव की पर कैपिटा इनकम बहुत कम है और विश्लेषण करने पर पाया कि गांव के लोग अक्सर झगड़ों में उलझे रहते हैं जिसका कारण मुख्य रूप से यह है कि पहले बच्चे लड़ते हैं फिर उन बच्चों के कारण औरतें आपस में लड़ने लगती थी और फिर गांव के आदमी आपस में गुटबंदी कर लेते थे और झगड़ा करते थे। हमने सन 2007 में वहां एक मंदिर का निर्माण कराया, जिसके पश्चात गांव की औरतें मंदिर में भजन कीर्तन करने लगी, जो औरतें पहले लड़ती थी वह आपस में अब प्रेम और सद्भाव के साथ एक दूसरे से व्यवहार करने लगी जिससे उनके झगड़े समाप्त हो गए और उसके कारण गांव में जो गुटबन्दी थी वह भी कम हो गई और गांव के लोग अपना ध्यान अपनी खेती में देने लगे और उसका परिणाम यह निकला कि सब लोगों की कमाई बढ़ गई और परकैपिटा इनकम भी गांव वालों की बढ़ गई। इसका एक जवलन्त उदाहरण अयोध्या जी में श्री राम मंदिर का निर्माण भी है। मंदिर निर्माण के बाद पूरे इलाके की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत हो गई है क्योंकि वहां रोजगार के अवसर बहुत बढ़ गए हैं। महासमिति सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के हितों हेतु समय-समय पर वार्ता करती है यदि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित कर दिया जाए की राम मंदिर अथवा इस तरह के जो बड़े मंदिर है उनमें वरिष्ठ लोगों के लिए अलग से दर्शन की व्यवस्था हो और विशेष तौर पर इस तरह की व्यवस्था हो जैसे की वी आई पी दर्शन करने वालों के लिए होती है तो उससे ज्यादा वरिष्ठ नागरिक मंदिरों में दर्शन करने के लिए जा सकेंगे हैं और उससे निश्चित थी देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यदि हम वरिष्ठ लोग शहरों या गांव में बने मंदिरों में जाकर स्वयं अनुशासन में रहते हुए भगवान के दर्शन एवं प्रसाद लाइन में लगकर अनुशासित रूप में करें और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें तो यह भी देश और समाज के लिए बहुत बड़ी सेवा होगी जिससे समाज मे सकारात्मक प्रति स्पर्धा का उदय होगा और आत्मनिर्भरता की तरफ एक कदम आगे बढ़ जाएगे।

**भारत भूषण गोयल, लखनऊ.**

### नये उद्यमों की मदद

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## शहर और गांव के डाकघर में मिलेगी पार्सल सेवा

अयोध्या। अयोध्या मण्डल में पार्सल सेवा व डाक जीवन बीमा को गति देने के उद्देश्य से अयोध्या प्रधान डाकघर में सैकड़ो सब पोस्टमास्टर एवं शाखा पोस्टमास्टर के साथ समीक्षा बैठक व उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पार्सल सेवा के बारे में मण्डल के अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने बताया कि पार्सल सेवा मण्डल के सभी प्रधान डाकघर, उप डाकघर सहित शाखा डाकघरों में कुल 702 डाकघरों में सेवा शुरू किया गया है इस सेवा से छोटे बड़े व्यापारियों को अपने नजदीकी डाकघर से देश विदेश को पार्सल भेजने में सहूलियत होगी। वहीं डाक जीवन बीमा में 7 जनवरी को डाक जीवन बीमा के अभियान में अयोध्या मण्डल ने एक दिन में 2.40 करोड़ प्रीमियम जमा कराकर पूर भारत में प्रथम स्थान अर्जित किया जिसका प्रधान हरे कृष्ण यादव ने 2 फ्लोर का केक काटकर जश्न मनाया।

आज ग्राहकों के बीच मे अन्य बीमा कम्पनियों के अपेक्षा डाकघर का विश्वास ही 1789 नये ग्राहकों को जोड़कर 42 करोड़ का प्रस्ताव करते हुए 2.40 करोड़ प्रीमियम एक दिन में जमा कराने में सफल हुआ है।

# अयोध्या को होली तक मिलेगा फ्लोटिंग पब्लिक बाथ कुंड का तोहफा

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** भगवान राम की जन्मभूमि के रूप में विश्व प्रसिद्ध अयोध्या अब धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में एक और अनोखी पहल की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सरयू नदी पर आधुनिक फ्लोटिंग पब्लिक बाथिंग कुंड का निर्माण करा रहा है। उपाध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि संभवतः

- पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में अयोध्या में सरयू नदी पर फ्लोटिंग पब्लिक बाथिंग कुंड का चल रहा निर्माण
- 25 गणे 15 मीटर के आधुनिक फ्लोटिंग स्ट्रक्चर में विकसित होगा स्नान कुंड परिसर
- साढ़े तीन करोड़ का है प्रोजेक्ट, श्रद्धालु व पर्यटकों के लिए दो भव्य स्नान कुंड रहेंगे

फरवरी तक इसकी सौगात मिल जाएगी। लगभग होला तक इसके संचालित होने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की लागत तकरीबन साढ़े तीन करोड़ रुपए है। यह परियोजना धार्मिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक स्नान की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे अयोध्या का पर्यटन और भी आकर्षक बनेगा। श्री जैन ने बताया कि लिटमस मरीन इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड फ्लोटिंग बाथिंग कुंड का निर्माण कर रहा है। यह फ्लोटिंग स्नान कुंड 25 मीटर गुणे 15 मीटर के आधुनिक फ्लोटिंग स्ट्रक्चर पर आधारित होगा, जो पोंटून और उच्च-शक्ति वाले फाइबर सामग्री से निर्मित होगा। यह संरचना नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के अनुसार स्वचालित रूप से समायोजित हो सकेगी, जिससे हर मौसम में स्थिरता बनी रहेगी। परिसर में दो भव्य स्नान कुंड बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक का आकार 15 मीटर गुणे 4 मीटर। इनमें से एक पुरुषों के लिए और दूसरा महिलाओं के लिए होगा, ताकि गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसमें दस चेंजिंग रूम होंगे। पांच



महिलाओं व पांच पुरुषों के लिए रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर सेफ्टी बैरियर, रेलिंग, सोलर लाइट, बेंच और इमरजेंसी सपोर्ट बोट की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए परिसर में 7 दुकानें भी स्थापित की जाएंगी, जहां स्थानीय उत्पाद, पूजा सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

सरयू नदी में स्नान हिंदू परंपरा का अभिन्न अंग है। रामायण काल से ही इस नदी को पवित्र माना जाता है और यहां स्नान करने से पापों का नाश होता है। राम मंदिर के बाद लाखों-करोड़ों श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। फ्लोटिंग बाथिंग कुंड जैसी आधुनिक सुविधा से न केवल देशी पर्यटक, बल्कि विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नदी की स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर देती है, क्योंकि फ्लोटिंग संरचना से घाटों पर कचरा फैलने की संभावना कम होगी।

## जरूरतमंदों को बांटा कंबल, खिले चेहरे

अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के रायपुर गांव स्थित अपने आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने रविवार को भारी संख्या में निराश्रितों, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए। वितरण कार्यक्रम में अमानीगंज की ब्लाक प्रमुख श्रीदेवी व पूर्व ब्लाक प्रमुख दीप्ति सिंह मौजूद रहीं। भाजपा नेता पवन सिंह ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए मकान, राशन, चिकित्सा, शिक्षा का प्रबंध सरकार द्वारा किया जा रहा है।

वर्तमान समय भीषण ठंड का है, सभी के पास ठंड से बचाव का समुचित प्रबंध नहीं होता है। इसी क्रम में लोगों को राहत देने के लिए कंबल वितरित किया गया है। नर सेवा ही नारायण सेवा है, जनसेवा का उनका संकल्प निरंतर चलता रहेगा। गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है, उनकी सेवा से खुशी मिलती है।

उन्होंने कहा कि कंबल वितरण का कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है। ठंड को देखते हुए ग्राम सभा गड़ौली, मिश्रौली, देवरा, मानूडीह रौतावां, रायपुर आदि गांवों के जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया है। इस मौके पर भूलन सिंह, दिनेश सिंह, रंजीत सिंह, गौतम सिंह, पवन तिवारी, अजय सिंह, आकर्ष सिंह, हरीश सिंह सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## आदिशक्ति सेवा संस्थान ने निराश्रितों और असहाय लोगों में किये कम्बल वितरण



**बाराबंकी।** भीषण ठंड में निराश्रितों और असहाय लोगों में आदिशक्ति सेवा संस्थान के तत्वाधान में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन भगवान जगन्नाथ मंदिर ऐशबाग लखनऊ परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद साकेत शर्मा व विशिष्ट अतिथि सरदार कंवर सिंह पियूष ने 101 निराश्रितो व असहाय लोगो को कम्बल वितरण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में बेसहारा और गरीब परिवारों को राहत पहुंचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। इस मौके पर उमेश प्रताप सिंह, भानु गुप्ता, रिया गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित पर हमला, आरोपियों पर केस दर्ज

**टिकैतनगर, बाराबंकी।** टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बांसगांव एक पीड़ित नन्दे पुत्र किशोरी ने अपने पड़ोसियों पर लाठी-डंडों और फरसे से हमला करने का आरोप लगाते हुये शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। शिकायत पर पुलिस ने 6 नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने किया सीसी मार्ग रोड और नाली का लोकार्पण



**बाराबंकी।** सांसद निधि से कराये गये विकास कार्यों का कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। सांसद श्री पुनिया ने विकासखण्ड रामनगर के ग्राम मोहारी में प्राथमिक विद्यालय के बगल से होते हुये अजय के घर से पिन्टू के घर तक लगभग 19.40 लाख की लागत से सीसी0 मार्ग रोड एवं नाली का लोकार्पण किया। लोकर्पण में अमरनाथ मिश्रा, महादेव प्रसाद वर्मा, राजन सिंह, मोहम्मद हारून, धनन्जय सिंह, अकील इदरीसी, मोहम्मद कलीम, बीoडीo0 खान, रामपाल वर्मा, केशवचन्द्र यादव, विनय लोधी, ननकू गौतम, विजय लक्ष्मी गौतम मौजूद रहे।

## सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक व टीआई ने ट्रैक्टर-ट्रॉली, व्यावसायिक वाहनों मे लगवाये रेटो रिफ्लेक्टर टेप



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत कोहरे और कम रोशनी में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कराने को लेकर परिवहन व यातायात विभाग की टीम ने रेटो रिफ्लेक्टर टेप न लगाने वाले वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्यवाही की। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज रविवार को बहराइच-गोण्डा, बाराबंकी-अयोध्या मार्ग पर सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने दर्जनों की संख्या मे ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित व्यवसायिक वाहनों मे रेटो रिफ्लेक्टर टेप को चिपकाया। तो वहीं सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने चालको को नींद या अत्यधिक थकान व नशे की स्थिति में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरस्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने, अपने वाहनों पर अनिवार्य रूप से रेटो रिफ्लेक्टर टेप लगवाने और मानक अनुरूप वाहन का संचालन करने को लेकर जागरुक किया।

# धड़ल्ले से हो रही हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान

मिल्कीपुर-अयोध्या। प्रदेश सरकार जहां एक ओर एक पेड़ मां के नाम रोपित किए जाने को लेकर महा अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर वन कर्मी ही इस अभियान को ठेंगा दिखाने में जुटे हैं। वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय पुलिस कुमारगंज वन रेंज में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान थमने का नाम नहीं ले रहा है। वन कर्मियों एवं स्थानीय पुलिस की मिली भगत से लकड़कट्टे हरियाली पर आर चलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण रेंज के बवां बीट में रविवार को देखने को मिला है जहां बीट स्थित चैधरीपुर गांव के कोटवा में लकड़ी ठेकेदार जमशेद ने बीट प्रभारी लोकेश कुमार शर्मा एवं कुमारगंज थाने के बीट प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों से सांठ गांठ करके बीते शनिवार को एक हरे भरे विशालकाय महुआ के पेड़ को अपना निशाना बना लिया तथा आरा चला कर उसे धराशाई कर दिया। जब इस अवैध कटान की जानकारी स्थानीय लोगों को हुई तब शिकायत का सिलसिला शुरू हो गया। शिकायतों के बाद अपने चहेते लकड़ी ठेकेदार पर कार्यवाही न करने की

- वनकर्मी एवं स्थानीय पुलिस की मिली भगत से हरियाली पर चल रहे आरे
- कुमारगंज वन रेंज के बवां बीट अंतर्गत चैधरीपुर का मामला
- पेड़ काटने से एक दिन पूर्व ही कट गई जुर्माने की रसीद

चाहत में जुटे बीट प्रभारी महोदय को कार्यवाही करने पर मजबूर होना पड़ गया और लोकेश शर्मा ने रविवार को बीते बैक डेट यानि 17 जनवरी में ही चैधरीपुर निवासी राकेश कुमार एवं लकड़ी ठेकेदार जमशेद निवासी अमर गंज के नाम 9 हजार रुपए की जुमार्ना रसीद काट दी।

ज्ञातव्य हो कि यही वनकर्मी और स्थानीय पुलिसकर्मी पहले लकड़ी ठेकेदारों से अवैध कटान कराने के नाम पर वसूली करते हैं और अपनी गर्दन फंसने की नौबत आने पर आनन-फानन में जुमानें की रसीद काटकर प्रकरण का पटाक्षेप कर देते हैं। काश यदि इन्हीं दोनों विभागों के अधिकारी और कर्मचारी चेत जाएं तो शायद मजाल है कि बिना परमिट के हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटान कहीं पर हो जाए। फिलहाल अवैध कटान को लेकर बीट प्रभारी लोकेश शर्मा ने 18 जनवरी को हुए अवैध कटान पर 17 जनवरी में ही जुर्माना काटकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।



## यूपीआई से गलत ट्रांजैक्शन होने पर साइबर सेल ने पीड़ित को करवाये 1 लाख वापस



**बाराबंकी।** साइबर सेल टीम ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से गलत यूपीआई से हुए ट्रांजेक्शन पर कार्यवाही कर पीड़ित को रुपये वापस करवाये। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक कफील खान पुत्र मोहम्मद हबीब द्वारा गलत यूपीआई से ट्रांजैक्शन हो जाने के कारण एक लाख रुपये की धनराशि स्थानांतरित होने सम्बन्धी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक चपराणा, अंकुश साइबर, पंकज यादव की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये धनराशि को होल्ड, फ्रीज करवा संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करवाई।

## ई0ओ ने किया गीला-सूखा पृथक करने वाले घरों, साफ सफाई का निरीक्षण



**बंकी, बाराबंकी।** डोर-टू-डोर कलेक्शन अभियान के अन्तर्गत नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने गीला सूखा पृथक-पृथक करने वाले घरों व साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी बंकी ने लगभग 58 प्रतिशत घरों से कूड़ा सूखा-गीला अलग-अलग दिये जाने पर वार्डवासियो को होम कम्पोस्टिंग के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि घरों से निकलने वाले कचरे में अधिकांश 70 प्रतिशत कचरा हरा होता है। जिसका होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से खाद्य बनाकर अपने पेड़ पौधों में उपयोग करके दैनिक रूप से निकलने वाले कचरे की मात्रा में कमी करके अपने वातावरण को लाभ पहुँचा सकते हैं। तथा हरी खाद्य की मात्रा अधिक होने पर इसकी बिक्री कर आय का स्त्रोत भी बना सकते हैं। उन्होने आगे कहा कि प्लास्टिक वेस्ट को इकट्ठा कर नगर पंचायत में बने एम आरएफ सेन्टर पर उपलब्ध कराये या स्वंय बेच ले। तो कूड़े के निस्तारण में 80 प्रतिशत का सुधार होगा।

# हिंदू सम्मेलन और समरसता भोज का आयोजन संपन्न

**बहराइच।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी मे सकल हिंदू समाज के तत्वधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ने संघ की गौरवशाली यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि संघ एक शताब्दी से राष्ट्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज के सभी सभी क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर मां भारती का यशोगान कर रहे हैं। उन्होंने वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए समाज से 'पंच परिवर्तन' के संकल्पों को आत्मसात करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा सामाजिक



समरसता से संपूर्ण हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से मुक्त होकर एक सूत्र में बंधना होगा। कुटुंब प्रबोधन को अपनाकर परिवार ही संस्कार की पहली पाठशाला है, इसे पुनः जागृत करना होगा पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जल, पृथ्वी और वृक्षों की रक्षा करना हमारा आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य का पालन कर आत्मनिर्भरता हेतु स्वदेशी का उपयोग करें और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को सर्वोपरि रखें। अनंत श्री विभूषित ब्रह्मर्षि स्वामी श्री विष्णुदेवाचार्य जी महाराज ने सनातन संस्कृति की 'अपौरुषेय' शक्ति का उल्लेख करते हुए समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने अत्यंत गंभीर विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने धर्म के लिए बलिदान होना सहर्ष स्वीकार है किंतु किसी भी परिस्थिति में परधर्म का अवलंबन स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर हमारा स्वाभिमान है इस स्वाभिमान को प्राप्त करने के लिए लाखों लोगों ने अपने जीवन की बाली विधि पर अर्पित कर दिया है।

## समरसता भोज मे राज्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियो ने लिया हिस्सा



**बाराबंकी।** नागेश्वरनाथ धाम मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी पूर्व नगर अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर वर्मा एवं अमरेश सोनी द्वारा समरसता भोज का आयोजन किया गया। जिसमे राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधान परिषद सदस्य अवनीश पटेल, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, डॉक्टर राम कुमारी मौर्या, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह, भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्री, सरोज रावत, सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, पंकज मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव, नवीन सिंह राठौड़ आदि ने खिचड़ी भोज मे हिस्सा लिया।

## 30 दिवसीय बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**बहराइच 18 जनवरी।** 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के मार्ग निर्देशन में 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अंतर्गत वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का शनिवार को देर शाम सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 40 युवाओं ने सहभागिता कर कंप्यूटर की मूलभूत शिक्षा प्राप्त की।

वाइब्रेंट गांव बलाईगांव में शनिवार को देर शाम आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तथा ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट एसडीएम महसी आलोक प्रसाद आईएएस के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया तदोपरान्त बेसिक कंप्यूटर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप कंप्यूटर भी प्रदान किए गए।

समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम सीमावर्ती युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान द्वारा भी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी गईं तथा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# डीएम और एसपी ने मतदेय स्थलों का किया भ्रमण

जिला संवाददाता

**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा घोषित विशेष अभियान तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची यथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया गया।

शिविर के सफल संचालन हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों का भ्रमण कर फार्म-6, 7 व 8 की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित



कुमार के साथ महिला पीजी कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ तथा संविलियन विद्यालय यादवपुर में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेबिल अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित स्टाफ तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। महिला पीजी कालेज के निरीक्षण के दौरान भाग संख्या 178 की बीएलओ अनीता वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भाग संख्या 179 के बीएलओ राकेश कुमार सुपरवाइजर, भाग संख्या 180 की बीएलओ पिंकी श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भाग संख्या 181 की बीएलओ नीलम सहायक अध्यापक व 182 की बीएलओ लक्ष्मी सहायक अध्यापक उपस्थित पाये गये। इसके उपरान्त डीएम ने महाराज सिंह इण्टर कालेज का भ्रमण कर भाग संख्या 183 की बीएलओ पूनम देवी सहायक अध्यापक, भाग संख्या 184 की बीएलओ स्वाती वैभव लिपिक, भाग संख्या 185 की बीएलओ सरा जहरा आ.वा., भाग संख्या 186 के बीएलओ करीम खान टी.सी, भाग संख्या 187 की बीएलओ सरिता सिंह आ. वा., भाग संख्या 188 की बीएलओ वंदना श्रीवास्तव सहायक अध्यापक, भाग संख्या 189 की बीएलओ आरती देवी आ.वा, भाग संख्या 190 की बीएलओ सावित्री त्रिपाठी आ.वा., भाग संख्या 191 की बीएलओ नेहा सैनी आ.वा., भाग संख्या 192 की बीएलओ संगीता कनौजिया शिक्षा मित्र उपस्थित पाये गये। इसी प्रकार डीएम श्री त्रिपाठी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकोडा मोड़ स्थित भाग संख्या 382 के बीएलओ रवि कुमार पंचायत सहायक, 383 के बीएलओ दिलीप कुमार त्रिपाठी प्रधानाध्यापक तथा भाग संख्या 384 के बीएलओ जावेद अहमद प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित पाये गये। सभी मतदान केन्द्रों पर डीएम ने प्रपत्रों की उपलब्धता तथा सूची के पढ़े जाने इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा यह भी पूछा प्रपत्र व घोषणा पत्र के साथ कौन कौन से अभिलेख प्राप्त किये जा रहे हैं। डीएम ने मतदान केन्द्रों पर मौजूद मतदाताओं व आमजन से भी व्यवस्थाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीएलओ द्वारा बताया गया कि मतदाताओं के समक्ष सूची को पढ़कर सुनाया गया है। डीएम ने इस बात की पुष्टि मतदेय स्थल पर मौजूद लोगों से भी की तथा प्रपत्रों की उपलब्धता इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मतदेय स्थल के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने विद्यालय भवन के रंग-रोगन तथा साज-सज्जा की सराहना करते हुए प्रधानाध्यापक राजेश पाण्डेय से अन्य जानकारी भी प्राप्त की गई। बूथों के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद आईएएस व उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## जैदपुर में निकला 28 रजब का कदीमी जुलूस, कर्बला की यादों में गूंजा मातम



**जैदपुर, बाराबंकी।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम द्वारा अपने 72 साथियों के साथ मदीना से कर्बला की ऐतिहासिक यात्रा की याद में 28 रजब का कदीमी जुलूस पूरे अकीदत के साथ निकाला गया। 28 रजब का यह कदीमी जुलूस ऊंट, घोड़े, दुलदुल, झूले और अलम के साथ अपने निर्धारित मार्ग कुचैहट्टा, पीर पंजु बांध चैराहा, छोटी बाजार, छोटा इमामबाड़ा, बड़ी बाजार, सिनेमा हॉल होते हुए थाना चैराहा से भानमऊ रोड स्थित कर्बला तक पहुंचा। कर्बला पहुंचने पर मातम और नोहा ख्वानी के बाद मौलाना समर अब्बास द्वारा मजलिस को खिताब फरमाया गया। हीरो एजेंसी जैदपुर पर सभासद मो0 कासिम ने चाय बिस्कुट और पानी का वितरण किया।

## भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर रामनगर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। श्री अवस्थी ने बताया कि यह मुलाकात क्षेत्र के लोगों के हित में महत्वपूर्ण रही और इसके सकारात्मक परिणाम जल्द देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा मुलाकात के दौरान पार्टी की नीतियों, उनके क्रियान्वयन और आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

संक्षेप

## सतांव में महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम

रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में थाना गुरुबक्शगंज क्षेत्र के ग्राम सतांव में एक संवेदनशील और प्रभावी जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान टेंट में रह रहे परिवारों की महिलाओं से पुलिस टीम ने सीधा संवाद स्थापित किया। महिलाओं ने अपनी कठिनाइयों से अवगत कराया कि वे मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं, लेकिन ठंड के इस मौसम में गर्म कपड़े, शॉल और चादर जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की भारी कमी है। मिशन शक्ति केन्द्र, थाना गुरुबक्शगंज पर तैनात महिला आरक्षी चारु शर्मा ने बड़ी संवेदनशीलता के साथ इन महिलाओं की बात सुनी और उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने महिलाओं को गर्म कपड़ों सहित अन्य उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में महिलाओं को सूट, साड़ी, शॉल और ठंड से बचाव के लिए अन्य जरूरी सामग्रियां वितरित की गईं।

## युवती से अश्लील हरकतें करने पर युवक पहुंचा हवालात

रायबरेली। युवती से अश्लील हरकतें करना युवक को भारी पड़ गया। युवती की सहेली की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो सहेलियां ऑटो में बैठकर लालगंज के गांधी चौराहा पहुंचीं जहां रायबरेली जाने के लिये बस का इंतजार करने लगीं। इसी बीच उनके गांव के पास का ही एक युवक पहुंचा और एक युवती से जबरन मोबाइल लेकर होटल चलने का दबाव बनाने लगा। जिसका युवतियों ने विरोध किया और मामले की सूचना डायल 112 को दे दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवतियों की शिकायत पर आरोपी युवक को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। वहीं सूत्रों के अनुसार पीड़ित युवतियों ने तहरीर देने से मना कर दिया है।

## डॉ. सलीम ने बैसवारे का नाम किया रौशन

रायबरेली। लालगंज कस्बे के प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डा. सलीम को वियतनाम की राजधानी हनोई में आयोजित होम्योपैथी कान्फ्रेंस में शोध प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित किया गया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए डा. सलीम ने बताया कि 19 जनवरी को हनोई में विश्व होम्योपैथी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है जिसमें वह पैरालिसिस व न्यूरो संबंधी अपना विषिष्टशोध प्रस्तुत करेंगे। डा. सलीम को इससे पूर्व में देश विदेश में कई बार सम्मानित किया जा चुका है। वह होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से सैकड़ो गंभीर मरीजो को ठीक कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर चेयरमैन सरिता गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया, प्रभारी राकेष पटवा, हाजी अब्दुल सत्तार, डा. करीम, डा. षहंषाह आलम, डा. रफत आलम आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है खिचड़ी भोज : आजाद सिंह

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष अमित सिंह के संयोजन में हुआ कार्यक्रम



रायबरेली। आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक व आपसी मेल जोल के लिए खिचड़ी भोज का आयोजन गुणकारक एवं सुख समृद्धि प्रदान करने वाला होता है। उक्त उद्गार पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुँवर आजाद सिंह ने दीनषाह गौरा विकासखण्ड के पूरे इच्छा सिंह गांव में आयोजित तहरी भोज में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के शुभअवसर पर यह पुनीत कार्य अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रायबरेली को और भी मजबूत और सशक्त बनाने में सहयोग करेगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि यह आयोजन सभी धर्म वर्ग के लोगों के लिए आयोजित किया जाता है जिससे क्षेत्र में सुख समृद्धि का वातावरण ईश्वर की कृपा से बना रहे। उन्होंने मुख्य अतिथियों विशिष्ट अतिथि का अंग वस्त्र भगवान श्रीराम का पटका एवं माल्यार्पण से किया। बार एसोसिएशन रायबरेली के जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण बताया। युवा नेता यश पांडेय ने कहा कि जीवन के लिए अच्छे कर्म अपने बड़े लोगों के आशीर्वाद से ही सीखने को मिलते हैं जो आगे का मार्ग प्रशस्त करता है। इस मौके पर संरक्षक राना संजय सिंह, राजा सिंह, अमित श्रीवास्तव, अंकित कुमार श्रीवास्तव, सुनील मेजर, गोबिन्द सिंह चैहान, आरबी सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बाबा मंदिर परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



लालगंज रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा आयोजित श्री वीर वैदानो बाबा मंदिर बहाई के प्रांगण में संपन्न विशाल हिंदू सम्मेलन में बोलते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी ने कहा कि भारत माता की जय जयकार बोलने वालों को एकजुट होने की जरूरत है अन्यथा एक बार फिर संघर्ष की नौबत आ सकती है। उन्होंने कहा कि बहाई गांव में जब-जब हिंदुओं ने संगठित होकर कार्य किया, आसुरी शक्तियों का विनाश हुआहै। श्री त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष हो गए हैं जिसके चलते संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ।संघ शताब्दी वर्ष के तत्वाधान में हिंदू सम्मेलन पूरे देश में आयोजित हो रहे हैं। हिंदू सम्मेलनों के माध्यम से हिंदुओं में धर्म के प्रति जागरण और कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने हिंदुओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने हिंदुत्व के प्रति गर्व अनुभव करना चाहिए और हिंदुत्व को मजबूत करने के लिए संगठित रहना चाहिए ।उन्होंने कहा कि हिंदू और हिंदुत्व ही ऐसा धर्म है जो सबके लिए समभाव का विचार रखता है। उन्होंने हिंदुओं को लव जिहाद से भी सतर्क रहने का आह्वान किया और कहा कि आज कलावा बांधकर राजू ,गुड्डू नाम रखकर लोग लव जिहाद में लगे हुए हैं। ऐसे लोगों से समाज को बचाना है। अतिथियों का परिचय खंड कार्यवाह निर्भय सिंह ने कराया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए अनूप पांडे और दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हिंदुत्व भारत राष्ट्र की शान है और हिंदुत्व के मार्ग पर चलकर ही यह देश परम वैभव को प्राप्त होगा। कार्यक्रम का आयोजन पूरे सुभान बेग गांव के समाजसेवी सुनील यादव के द्वारा बड़े ही शानदार ढंग से कियागया। कार्यक्रम के अवसर पर आल्हा सम्राट राजू यादव ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती से हुआ। कार्यक्रम में लोगों ने तहरी भोज का जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर भाजपा नेता उमेश सिंह, रामहेत मौर्य राजेश मौर्य श्री राम मौर्य सहित हजारों लोग मौजूदरहे।

# दलित समुदाय की दो बहनों पर चाकू से हमला

संत कबीर नगर । संत कबीर नगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र में एक युवक ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर दलित समुदाय की दो सगी बहनों पर कथित रूप से चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार, 17 और 21 वर्ष की दोनों बहनें शनिवार दोपहर बाजार जा रही थीं, तभी कुआनो नदी पर दौलतपुर घाट के पास, आरोपी आकाश मद्धेशिया (22) ने बड़ी बहन के साथ छेड़छाड़ की और जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने कथित तौर पर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ पर चोटें आईं। शिकायत में कहा गया है कि जब छोटी बहन ने उसे बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में भी चोट आई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय नाथ मिश्रा ने बताया कि घनघटा थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (एससीएसटी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत जिले के बरखेड़ा थाना क्षेत्र में बीसलपुर मार्ग पर एक ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। थाना बरखेड़ा पुलिस के अनुसार, दुर्घटना क्षेत्र के बीसलपुर मार्ग पर ग्राम पतरसिया पेट्रोल पंप के समीप शनिवार रात हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीलीभीत से बरखेड़ा जा रहे बाइक सवार विकास (19) और शिवम (22) को सामने से आ रहे लकड़ी से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी और ट्रक इन दोनों को लगभग 20 मीटर तक घसीटता ले गया। विकास के पिता हरीशंकर भाजपा के टिकरी के मंडल अध्यक्ष हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा भी किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान भी पहुंचीं। उन्होंने कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया और लगभग डेढ़ घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने ग्रामीणों को शांत किया। थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क पर अनियंत्रित गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़े कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## घने कोहरे में 20 वाहन एक दूसरे से टकराये, एक की मौत, 24 घायल

बरेली। जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घने कोहरे की वजह से रोडवेज बसों, ट्रक और कारों समेत करीब 20 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 24 लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर है। थाना फरीदपुर के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि कई रोडवेज बसें भी आगे चल रहे वाहनों से टकरा गई, जिसमें गोरखपुर से मेरठ जा रही बस के चालक और सहचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि रोडवेज बस के चालक अतर सिंह और सहचालक राहुल को गंभीर हालत में फरीदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सहचालक राहुल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। राधेश्याम ने बताया कि लखनऊ-दिल्ली मार्ग पर 20 छोटे-बड़े वाहन कोहरे के कारण आपस में टकरा गए जिसमें मामूली रूप से घायल हुए कई यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है।

## गोंडा मेडिकल कॉलेज में चूहों का वीडियो सामने आने के बाद पहुंची जांच टीम

गोंडा। जिले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चूहों के इधर-उधर घूमने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के एक दिन बाद उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग की एक टीम ने रविवार को संस्थान का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि यह टीम उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर पहुंची और मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता, मरीज सुविधाओं और समग्र व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। कुछ दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें ऑर्थोपेडिक वार्ड में चूहों को ऑक्सीजन पाइपलाइन से लेकर मरीजों के बिस्तरों तक घूमते हुए देखा गया था। वीडियो सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेताओं ने मेडिकल कॉलेज की स्थिति पर सवाल उठाए थे। टीम का नेतृत्व करने वाली निदेशक (चिकित्सा देखभाल) डॉ. संदीपा श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य सरकार ने उन्हें मेडिकल कॉलेज का दौरा करने और पूरी घटना पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। उन्होंने बताया कि रविवार को ओपीडी बंद रहने के बावजूद टीम ने ऑर्थोपेडिक वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया और मौजूदा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी जुटाई। निरीक्षण के दौरान जो तथ्य सामने आए हैं, उन्हें संकलित किया जा रहा है और जल्द ही सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाएगी ।वीडियो वायरल होने के बाद सरकार ने इसका कड़ा संज्ञान लिया और संबंधित वार्ड के पूरे स्टाफ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया था और निर्देश दिया था कि ओपीडी सेवाओं को जल्द से जल्द नव-निर्मित बहुमंजिला इमारत में स्थानांतरित किया जाए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी.एन. सिंह ने कहा कि 19 जनवरी से लगभग सभी ओपीडी सेवाएं नई इमारत से संचालित की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज भर्ती मरीजों के लिए एक मरीज, एक तीमारदार प्रणाली लागू करेगा। इस बीच, चूहों वाली घटना की जांच पूरी होने से पहले ही सोशल मीडिया पर कथित तौर पर मेडिकल कॉलेज का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें एक मरीज के बगल में बिस्तर पर तीन कुत्ते बैठे नजर आ रहे हैं। हालांकि दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो उसी मेडिकल कॉलेज का है, लेकिन घटना के समय और वार्ड की पुष्टि नहीं हो सकी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि बिस्तरों पर कुत्तों के बैठने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत

शाहजहांपुर । जिले के रौजा थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से सड़क किनारे रूके मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि मृतकों की पहचान महावीर (40) तथा हेमनाथ (30) के रूप में हुई है जो रिश्ते में साले-बहनोई बताए गए हैं। थाना रौजा अंतर्गत चकभितारा गांव के पास महावीर तथा हेमनाथ रोड के किनारे खड़े थे, तभी सामने से आए एक ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। ट्रक ने एक ऑटो को टक्कर मार दी और इसके बाद इन दोनों को कुचलते हुए खाई में पलट गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लेकर लखनऊ रवाना हुईं दो बसें




रायबरेली जनपद के महाराजगंज नगर पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लेकर दो बसें लखनऊ के लिए रवाना की गईं। बसों को चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सभी लाभार्थी लखनऊ में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने जा रहे हैं, जहां प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं बटन दबाकर लाभार्थियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त स्थानांतरित करेंगे। बताया गया कि नगर पंचायत महराजगंज क्षेत्र में कुल 249 लाभार्थी पात्र हैं, जिनमें से दो बसों द्वारा लगभग 80 लाभार्थियों को लखनऊ भेजा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना और उन्हें योजना के प्रति जागरूक करना है। बसों के रवाना होने के दौरान लाभार्थियों में काफी उत्साह और खुशी देखने को मिली। लोगों ने सरकार द्वारा मिल रहे पक्के मकान की सौगात को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। तो वही मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए हमेशा आगे रहा हूं तथा नगर पंचायत हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है जिसके तहत आज पात्र लाभार्थी लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री द्वारा पहली किस्त का आगाज किया जाएगा। नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान साबित हो रही है और आने वाले समय में सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ दिलाया जाएगा।

# सुबह गायब हुए बच्चे बछरावां से बरामद




रायबरेली। जिले के मिलएरिया थाना क्षेत्र के मलिक मऊ कालोनी उस समय हडकम्प मच गया जब अपने घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चे अचानक लापता हो गए। जब काफी देर तक बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आसपास के इलाकों में खोजबीन के बाद भी बच्चों का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस बच्चों की तलाश में जुट गई। पुलिस को इलाके से एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें दोनों बच्चे साइकिल चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसी जगह पर बच्चों को आखिरी बार देखा गया था। पुलिस इस फुटेज के आधार पर बच्चों की दिशा और संभावित रास्तों की जांच कर रही है. सबसे राहत की बात यह है कि परिवार को अब तक किसी तरह की फिरौती का फोन भी नहीं आया है. पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर एंगल से जांच कर रही है। लापता बच्चों की पहचान नित्या (3 साल) और निखिल (8 साल) के रूप में हुई है. दोनों ही बच्चे भाई-बहन है। दिन भर जहां मिलएरिया पुलिस तेजी तो दिखाई परन्तु अन्ततः पत्रकारों की मुहिम काम आई और शाम चार बजे बछरावां में एक व्यापारी ने बच्चें को देखा और पुलिस को सूचना दी। साइकिल समेत बच्चे बरामद होने पर जान में जान आई।

### छानबीन में पुलिस की लापरवाही आई सामने

बच्चों के गायब होने की सूचना के बाद मिलएरिया पुलिस सक्रिय तो हुई लेकिन औपचारिकता करते हुए खोजबीन करती रही। करीब छः घण्टे बच्चे साइकिल द्वारा हाइवे पर चलते रहे बछरावां तक में दो चैकी और दो थाने हैं परन्तु किसी पुलिस वाले को बच्चे नजर नहीं आये। अगर इन बच्चों के साथ अपहरण जैसी घटना हुई होती तो सुरक्षित बरामदगी सम्भव न हो पाता। पुलिस अधीक्षक को इस घटना का संज्ञान लेना चाहिए और लापरवाहों पर कार्यवाही करनी चाहिए।

# सदरपुर में मनरेगा समाप्ति के विरोध में चौपाल



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। विकासखंड के न्याय पंचायत महमूदपुर सेमरी अंतर्गत ग्राम सदरपुर में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना समाप्त किए जाने के विरोध में ग्रामीणों और मजदूरों की चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल के माध्यम से मजदूर वर्ग को मनरेगा के अधिकारों, इसके सामाजिक-आर्थिक महत्व और योजना समाप्त होने से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए आजीविका का मजबूत सहारा है। इसे समाप्त करना गांव, रोजगार और मजदूरों के हितों के खिलाफ है। वक्ताओं ने मजदूरों से संगठित रहने और अपने हक की लड़ाई शांतिपूर्ण तरीके से लड़ने का आह्वान किया। चैपाल को कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जयसिंहपुर राम भवन पाण्डेय, जिला महासचिव अतहर नवाब, शिव नारायण पाण्डेय और न्याय पंचायत अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिसे कमजोर करने से पलायन बढ़ेगा और गरीब तबके की स्थिति और खराब होगी। इस अवसर पर अजय सिंह, एडवोकेट शिव नारायण पांडेय, विकास पाण्डेय, संतोष तिवारी, जगराम प्रजापति, सोमई, अनुप पाण्डेय, सुनू, रामलाल, वंशराज प्रजापति, अभय कुमार, हरिराम प्रजापति, राम बहल प्रजापति, सुभाष कुमार, सुरजीत, श्याम सुंदर, रत्नेश, रामेश कुमार, सचिन और किशोर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिला सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में प्रमिला, उर्मिला, कुशमता, लीलावती, नीलम, ज्ञानमती, सुमरी, कलावती, सरिता, आरती, लालमती, अनीता, माया, उर्मिला और प्रभावती समेत कई महिलाओं ने भाग लेकर मनरेगा को जारी रखने की मांग उठाई।

# बूथों पर मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया

अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 18 जनवरी रविवार को जनपद अमेठी के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जा रहा है। इस क्रम में जिलाधिकारी ,जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान द्वारा मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय कासिमपुर के बूथ संख्या 318 व 319 का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने फार्म 6 भरने आई छात्राओं से वार्ता की और बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक भरे गए फार्मों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज जनपद अमेठी की चारों विधानसभाओं के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जा रही है, उनके पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6, 7, 8 उपलब्ध है इसके साथ ही उनके पास एएसडी लिस्ट व जिनकी अब तक मैपिंग नहीं हो सकी उनकी भी लिस्ट उपलब्ध है। उद्देश्य यह है कि जहां एसआईआर अभियान के द्वारा वोटर लिस्ट को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं वह लोग जो किसी कारण से मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं या एएसडी लिस्ट में किसी तरह से उनका नाम आ गया है और वह पात्र है और ऐसे नए वोटर जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उन सभी को मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। इस कार्य की निगरानी करने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बूथों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने छात्राओं को कुचला, दो की मौत

### सलारपुर के पास शारदा सहायक खण्ड- 16 नहर की पटरी पर हुआ हादसा





गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा सहायक खंड 16 नहर की पटरी पर सलारपुर दारू ठेका के करीब बाइक से बाजार जा रही छात्राओं को मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचल दिया। जिससे दो छात्राओं की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद से दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी अनुसार थानाक्षेत्र वैदहा निवासी आनवी तिवारी उर्फ विट्ठू (16) पुत्री दीपक तिवारी, प्रियदर्शिनी उर्फ शुभी तिवारी (14) और प्रशाली उर्फ रिया तिवारी (16) पुत्रीगण विजय तिवारी घर से रविवार दोपहर बाइक से मोतीगंज बाजार जा रही थी। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह सब थानाक्षेत्र के शारदा सहायक खंड 16 नहर की पटरी सलारपुर दारू ठेका के करीब पहुँची थी कि पीछे से आ रहे मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक के पीछे टक्कर मार दी। जिससे तीनों छात्राएं अनियंत्रित होकर ट्राली के पहिए के नीचे आ गई। ट्राली के पहिए के नीचे कुचलने से आनवी की घटना स्थल पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुँचे परिजन सभी को प्राइवेट वाहन से सुलतानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां प्रियदर्शिनी की मौत हो गई। जबकि गम्भीर रूप से घायल प्रशाली उर्फ रिया का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतका आनवी कक्षा 11 और प्रियदर्शिनी कक्षा आठ सुलतानपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल की छात्रा थी। आनवी दो भाई बहनों में बड़ी थी। वहीं मृतक छात्रा प्रियदर्शनी चार भाई बहनों में दूसरे नंबर पर थी। छात्रा प्रियदर्शिनी अपने पीछे बहन रिया, मिष्ठी, भाई युग, माँ रीना तिवारी को और आनवी अपने पीछे माँ वंदना, भाई अथर्व को छोड़ गई है। आनवी के पिता दीपक तिवारी सुल्तानपुर में दुकान करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वहीं प्रियदर्शनी के पिता विजय तिवारी बैंक में नौकरी करते हैं। छात्राओं की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वैदहा गांव में शौक का माहौल है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। संबंधित ट्रैक्टर-ट्राली की तलाश की जा रही है।

## स्वयंसेवक संघ ने आयोजित किया वनविहार कार्यक्रम

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के बाबा अनुरागदास की कुटी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से वनविहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए जिला प्रचारक बृजेश ने कहा कि जिस राष्ट्र की मातृशक्ति संस्कारित और जागरूक होती है, वही राष्ट्र विश्व में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करता है। भारत की संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की जड़ें युवाशक्ति से ही पुष्ट होती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सह विभाग सघचालक डॉ. हृदयराम ने भी संबोधित किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, मैहरकुवर, मयंक मिश्रा, पिंटू श्रीवास्तव सहित अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# उच्च अधिकारियों ने बूथों का किया औचक निरीक्षण

### युवा मतदाताओं से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की एसडीएम ने की अपील

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के चिन्हित मतदेय स्थलों (बूथों) पर रविवार को आयोजित विशेष कैंप का उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान लगभग सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहकर अपने ड्यूटी करते नजर आए।

निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के लगभग सभी चिन्हित मतदेय स्थलों (बूथों) पर बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहकर मतदाता सूची में किसी प्रकार की अशुद्धि, मतदाताओं को नोटिस दिए जाने, प्राप्त नोटिस के बाद मतदाताओं के अन्य कार्यों के लिए जारी निर्देशों को पूरा करने के लिए सभी बूथ लेवल ऑफिसर अपने-अपने बूथों पर तैनात रहे। जिसकी



हकीकत परखने के लिए एडिशनल कमिश्नर अजयकांत सैनी, ने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/जयसिंहपुर उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह के साथ विशेष दिवस के अवसर पर क्षेत्र के मुसहर नचना, निदूरा, जोगीवीर, देवपरापार समेत अन्य बूथों का भ्रमण कर बूथों की हकीकत जांची। जिसके तहत प्रत्येक बूथ पर 50-50 फॉर्म संख्या 7, तथा 100 फार्म संख्या 8 उपलब्ध पाए गए। अधिकारियों ने बीएलओ को अधिक से अधिक फॉर्म 6 प्राप्त करने और मतदाता सूची मे फोटो या किसी प्रकार की अशुद्धि होने पर फॉर्म 8 भरने हेतु निर्देशित किया। जिन मतदाताओं को नोटिस भेजा जाना है उनको समय पर नोटिस प्राप्त हो जाए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिक से अधिक फॉर्म 6 मतदाताओं से प्राप्त करने के दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिला अधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ अपनी ड्यूटी पर तैनात पाए गए। उन्हें नए मतदाताओं के नाम बढ़ाने के साथ साथ निर्वाचन संबंधी अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है।

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से युवक हुआ घायल, झांसी रेफर

ललितपुर। रिपोर्टिंग पुलिस चैकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीपुरा में रहने वाली मीना पत्नी कैलाश यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र ग्राम चमरौआ से दूध खरीदकर अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.सी. 4743 से घर आ रहा था। तभी पीछे से धनुषराम बैठा था, जिससे रास्ते में राजघाट से तेज गति व लापरवाही से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 9548 पर सवार तीन लोगों में ग्राम ननौरा निवासी अर्जुन पुत्र हरगोविन्द लोधी, अनिल पुत्र जयदेव व प्रशान्त पुत्र कालूराम झां ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे धनुषराम को गंभीर चोटें आयीं और मनमोहन को अंदरूनी चोटें आयीं व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना चैकी राजघाट पुलिस को दी गयी, तब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बुरी तरह से घायलों को मेडीकल कालेज भेजा, जहां धनुषराम की हालत नाजुक होने पर उसे मेडीकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (ए), 125 (बी), 281, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# डीएम ने किया मेगा कैम्प-विशेष बूथ दिवस का निरीक्षण




मथुरा। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा तथा प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद प्रथम मथुरा पर स्थित मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बीएलओ से जानकारी ली कि उनके क्षेत्र में कितने-कितने नाम कटे है, कितने फॉर्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त हुए है तथा कितने लोगों को नोटिस दिया गया है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को जनपद के अन्तर्गत 81 छाता, 82 मांट, 83 गोवर्धन, 84 मथुरा एवं 85 बल्देव (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों / पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर कराते हुए दावे / आपत्तियाँ दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जा रही हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के सभी 2266 मतदेय स्थलों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज दिनांक 18 जनवरी 2026 को विशेष बूथ दिवस आयोजित किया गया। उक्त विशेष बूथ दिवस में समस्त बीएलओ एवं पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर तैनात पदाभिहित अधिकारी द्वारा उपस्थित रहकर अर्ह नागरिकों से दावे / आपत्तियाँ प्राप्त किए गए। बी०एल०ओ० द्वारा अनुपस्थित / शिफ्टेड / मृतक / डुप्लीकेट आदि सूची को भी पढ़कर सुनाया गया। जिलाधिकारी ने जन साधारण से अपील की है कि जनपद के अर्ह नागरिक, जो दिनांक 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम बढ़ाने हेतु प्ररूप 6, मतदाता सूची से नाम अपमार्जित करने हेतु प्ररूप 7, विद्यमान निर्वाचक नामावली / ईपीआईसी प्रतिस्थापन / दिव्यांगजन चिह्नांकित करने संबंधी प्रविष्टियों का सुधार / निवास स्थानान्तरण हेतु प्ररूप 8 पर अपना आवेदन भरकर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारियों को जमा करा सकते हैं तथा उक्त कार्य ऑनलाइन भी किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक छूटना नहीं चाहिए तथा कोई अयोग्य व्यक्ति सम्मिलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम निर्वाचक नामावली को पूर्ण रूप से शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। 6 मार्च 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन होगा। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ० पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- जनपद की सभी 2266 मतदेय स्थलों पर आयोजित हुआ विशेष बूथ दिवस/मेगा कैंप
- सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा फॉर्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त किए गये

## परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

ललितपुर। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में एवं मुख्य सचिव शासन के पत्र द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी तक कियान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा पन्द्रहवे दिन 18 स्कूली वाहनों के फिटनेस की जाँच एवं मोटर वाहन नियमावली में स्कूली वाहनों के दिये गये मानको के अनुसार वाहनों की जांच की गयी जिसमें सभी स्कूली वाहनें नियमानुसार सही पायी। सोलहवें दिन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विपिन चौधरी के निर्देशन में जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही में बसों की जाँच की गयी। जिसमें 01 बस के विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही अमल में लायी गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान कोई भी बस ओवरलोड सवारी ढोते नही पायी गयी। आज सत्रहवें दिन माल वाहनों में ओवरलोडिंग तथा सवारी ढोने के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी माल वाहन सवारी ढोते नही पाया गया। तथा 04 माल वाहने ओवरलोड पायी गयी जिनके विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही की गयी। एआरटीओ ने प्रवर्तन कार्य के दौरान समस्त चालको को यातायात नियमों का पालन किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क



टूंडला। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहित एवं कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने टूंडला नगर में जन जागरण अभियान चलाकर नगर निवासियों से संपर्क किया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी जी एवं योगी जी की डबल इंजन की सरकार ने युवा महिला गरीब मजदूर, किसानों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को लाभान्वित करने के साथ-साथ कानूनी व्यवस्था का रोल मॉडल स्थापित किया है, भारतीयता व राष्ट्रीयता व सांस्कृतिक विरासत को सहजने का कार्य किया सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास नारे को सार्थक करने का कार्य किया है इस अवसर पर शिव शंकर शर्मा तेजवीर सिंह दिनेश गुप्ता शैलेंद्र चौहान राघवेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह अनिल बाबूजी अनंत प्रताप सिंह रघुवीर सिंह दिनेश पाल सिंह, नागेंद्र सिंह, भोला मास्टर सहित आदि उपस्थित रहे।

## जनपद पुलिस ने अभियान चलाकर 79 वांछित वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसआर,एन बीडब्लू वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीती रात्रि में अभियान चलाकर 79 वारंटी वांछित अभियुक्तों जिसमें 75 एनबीडब्लू वारण्टी व चार अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें थाना उत्तर 06 थाना दक्षिण 08थाना रामगढ़ 03 थाना रसूलपुर 03थाना टूण्डला 01 थाना पचोखरा 01थाना नारखी 02 थाना रजावली 01थाना नगला सिंघी 01 थाना सिरसागंज- 08 थाना नसीरपुर 03 थाना नगला खंगर 02 थाना अरांव- 02 थाना शिकोहाबाद- 10 थाना खैरगढ़- 01 मक्खनपुर- 04 थाना जसराना- 09 थाना फरिहा- 06थाना लाइनपार- 03 थाना मटसेना- 03 थाना बसई मौहम्मदपुर- 02 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 05 घण्टे में 79 एनबीडब्लू वारंटी एसआर वांछित अन्य वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपाइयों ने एसआईआर विशेष अभियान के अंतर्गत बूथों पर भरवाये वोटरों के फार्म

टूंडला। रविवार को एसआईआर विशेष अभियान के अंतर्गत बूथों पर बैठकर वोटरों के फार्म भरवाए गए, इसी क्रम में टूंडला विधानसभा के टूंडला मंडल के बूथ 162 पर जाकर प्रवासी के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष दिलीप गौड़ ओर बीएलए 1 सरदार प्रीतपाल सिंह,जिला मंत्री मनमोहन सिंह के साथ घर घर जाकर 6 नंबर फॉर्म भरवाकर नए वोट बनवाये गए, पचोखरा मण्डल के बूथ संख्या 60 नगला जाट व 61 मोती गढ़ी, गढ़ी जादौ में पचोखरा मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बूथ पर घर घर जाकर एसआईआर में जो मतदाता फॉर्म भरने से वंचित रह गए व जनवरी फरवरी 2026 में 18 वर्ष के हो रहे नव मतदाताओं का फॉर्म 6 भरवाया। बूथ पर घर घर जाकर एसआईआर मसौदा सूची, 2003 की मतदाता सूची, एसआईडी मतदाता सूची व 2025 की मतदाता सूची साथ लेकर सभी मतदाताओं के नई मतदाता सूची में नाम है अथवा नहीं हैं जांच करवाया। बूथ पर प्रशासनिक बीएलओ के साथ बैठकर सहयोग किया। अभियान में मंडल महामंत्री अजीत जुरैल, बीएलओ नरेंद्र सिंह लता कुमारी अंजना यादव, महेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह समुद्र सिंह, महेश सिंह गिरेंद्र सिंह पूरन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे व सहभागिता की। इसी श्रृंखला में जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह बघेल शिव शंकर शर्मा सचिन जैन, आकाश शर्मा, सतीश बघेल मण्डल अध्यक्ष महावीर सिंह मण्डल महामंत्री ब्रजवीर सिंह राजीव गंगवार रिंकू उपाध्याय आदि लोगों ने आवंटित बूथों पर जाकर अभियान में सहभागिता की। इसी क्रम में भाजपा जिला मंत्री संजय सिंह परमार द्वारा पचोखरा मंडल की बूथ संख्या 88,89,90, और पखरपुरा बूथ संख्या 102,103पर बीएलओ और बीएल ए 2 के साथ बूथ पर जाकर गावव वोट और नये वोट बनवाने हेतु फार्म 6 भरवाकर वोट बनवाने के लिए उनका सहयोग किया। उनके साथ उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रिंकू उपाध्याय महामंत्री अजीत जूरैल बूथ अध्यक्ष शशि सिंह पवन उपस्थित रहे।

# ठगी का पर्दाफाश, दो शातिर गिरफ्तार

जिला संवाददाता



मथुरा। थाना कोतवाली पुलिस ने ज्वैलर्स के साथ डिजिटल ठगी कर सोने-चांदी की खरीद करने वाले संगठित गिरोह के दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर माल गोदाम रोड के पास से लविश और मनी सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त पंजाब के लुधियाना में रह रहे थे जबकि उनका मूल निवास उत्तर प्रदेश का है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त गूगल-पे, फोन-पे व पेटीएम जैसे यूपीआई माध्यमों से फर्जी ट्रांजेक्शन कर ज्वैलर्स से लाखों रुपये के सोने के सिक्के और आभूषण खरीदे, जिसके बाद संबंधित ज्वैलर्स के बैंक खाते सीज हो गए। जांच के दौरान अभियुक्तों के पास से फर्जी आधार कार्ड मिलने पर मामले में धारा 111(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। चोरी करते थे और चोरी किए गए फोन से सिम निकालकर दूसरे फोन में डालते थे। इसके बाद ओटीपी

**दिन में मोबाइल चोरी, रात में डिजिटल ठगी ओटीपी से यूपीआई एक्टिव कर ज्वैलर्स से उड़ाते थे लाखों**

पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में डिजिटल ठगी का चैंकाने वाला तरीका उजागर किया है। पुलिस के अनुसार यह दोनों एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं जो दिन में मोबाइल मंगवाकर पेटीएम, फोन-पे और गूगल-पे जैसे यूपीआई एप सक्रिय कर दिए जाते थे। फिर गिरोह का एक सदस्य सक्रिय फोन लेकर बाजार निकलता और ज्वैलर्स की दुकानों से सोने-चांदी की खरीदारी कर ट्रांजेक्शन कर देता था। पहचान छुपाने के लिए अभियुक्त फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल करते थे। 24 दिसं 2025 को अभियुक्त वृंदावन-मथुरा क्षेत्र में आए थे और अलग-अलग ज्वैलर्स से लाखों रुपये के सोने के सिक्के और आभूषण खरीदे गए। ठगी का खुलासा तब हुआ जब ज्वैलर्स के बैंक खाते अचानक सीज हो गए। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह प्रदेश के अन्य जिलों में भी सक्रिय हो सकता है। मामले की गहन जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## रैली निकालकर यातायात सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर चयनित गांव देव खेड़ा में तीसरे दिन सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष पचोखरा अमित तोमर एवं सब इंस्पेक्टर निशा बंसल अमित उपाध्याय कार्यक्रम प्रभारी सुनील जैन ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया एवं स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। थानाध्यक्ष पचोखरा अमित तोमर एवं सब इंस्पेक्टर निशा बंसल सहित पचोखरा थाना स्टाफ ने स्वयं सेवकों के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया जिसमें दो पहिया वाहन, लोगों को हेलमेट पहनने व निर्धारित गति में चलने और शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने तथा चार पहिया वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत एवं सड़क सुरक्षा पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी एवं अतिथियों का बेज एवं पट्टा डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अर्पित पाठक ने किया। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने सड़क सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। तथा यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले खतरों से भी अवगत कराया। तथा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कांस्टेबल अंकित मलिक एवं पार्थिव गौतम एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बार के एसोसिएशन के राघवेन्द्र अध्यक्ष और मनोज बने सचिव, समर्थकों में भारी उत्साह, बांटी मिठाईयां

जिला संवाददाता



मथुरा। बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राघवेन्द्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी त्रिलोक चंद शर्मा को 111 मतों से पराजित करदिया। राघवेन्द्र को 1171 वोट मिले जबकि त्रिलोक चंद शर्मा को 1060 मत मिले। इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से वकीलों में भारी गहमा-गहमी थी। सचिव पद पर मनोज शर्मा को जीत मिली है। मनोज शर्मा ने 1013 वोट हासिल किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अटल बिहारी को 708 वोट मिले इस प्रकार मनोज शर्मा 305 वोटों से सचिव पद पर विजयी हुए हैं। बार के चुनाव में देर रात अध्यक्ष और सचिव पद पर जीते प्रत्याशियों के अलावा उपाध्यक्ष व अन्य पदों पर विजयी प्रत्याशियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके समर्थकों ने पटुका पहनाकर और मालाएं डालकर अपने पदाधिकारियों का जोशीला स्वागत किया। ढोल नगाड़े बजाये गए और मिठाइयां बांटी गईं। पूरा कचहरी परिसर चुनाव की गहमा-गहमी में विजयी प्रत्याशियों के स्वागत में लगा रहा गौरतलब हो कि शनिवार मतगणना का क्रम सुबह से शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। लगभग 15 घंटे मतों की गिनती में लग गए। विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में हर्ष की लहर है। बार के चुनाव के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद के राघवेन्द्र सिंह पहले राउंड से ही आगे चलते रहे। अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले राजकुमार उपाध्याय को 785 प्रहलाद सिंह तरकर को 241, कृष्ण कुमार चैधरी को 44 मत मिले हैं। उपाध्यक्ष पद पर 1409 मत पाने वाले राजकुमार उपाध्याय जीते हैं। बल्लभ शर्मा को 854 वोट मिले। देवेन्द्र सिंह ईसान को 824, संयुक्त सचिव पद पर सुरेन्द्र शर्मा को 920 वोट मिले उन्होंने सुनील सागर को 404 वोटों से हराया है। ऑडीटर पद पर देवकी नंदन शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर विनोद शर्मा विजयी हुए हैं। सचिव पद पर 12 प्रत्याशी मैदान में थे।

## प्रियाकान्तजु मंदिर पर सनातनी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हुए सम्मानित



मथुरा। वृन्दावन प्रियाकान्तजु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध 100 इंफ्लुअंसर को द्वाभारतीय सनातनी इंफ्लुअंसर अवार्ड 2026द्ध से सम्मानित किया गया। आयोजन से पूर्व देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने मथुरा के शहीद परिवारों को आर्थिक सहयोग देकर शहीदों के बलिदान को नमन किया। प्रसिद्ध रेसलर द ग्रेट खली ने सनातन धर्म के लिये युवाओं को एकजुट होने की अपील की।

रविवार को छटीकरा मार्ग स्थित ठा0 श्री प्रियाकान्तजु मंदिर पर सनातन धर्म, अध्यात्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, मीडिया, स्टार्टअप आदि विभिन्न क्षेत्रों में वीडियो बनाकर जागरूकता फैला रहे युवा शोसल मीडिया इंफ्लुअंसर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ देवकीनंदन महाराज, अभिरामाचार्य, पंडित देवरथ महेश रेखे, द ग्रेट खली, गौरव सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन के प्रारम्भ में मथुरा के शहीद हेमराज सिंह की वीरनारी धर्मवती एवं उनकी पुत्री तथा शहीद बबलू सिंह की धर्मपत्नी वीरनारी रविता एवं परिवार को सम्मानित किया गया। देवकीनंदन महाराज ने सनातन न्यास फाउन्डेशन की ओर से प्रत्येक को इक्यावन हजार रुपए धनराशि का चैक सम्मान स्वरूप दिया।

पहलगाम में आतंकवादियों की गोली का शिकार हुये कानपुर के शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या द्विवेदी का सम्मान करते हुये आतंकवादी हमलों की भर्त्सना की गयी। देवकीनंदन महाराज ने सनातन बोर्ड की मांग उठाते हुये सभी को इसके लिये कार्य करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है दूसरे मजहबों के कई देश हैं, और सब एक हैं लेकिन हिंदुओं का एक देश है, उसमें भी हिंदु बटे हुये हैं। हमें समय रहते सचेत होना होगा जिससे हिंदुस्तान में बांग्लादेश जैसे हालात न बनें। कहा कि सैनिकों की वीरता से हमारी सीमा और हम सुरक्षित हैं। प्रसिद्ध रेसलर प्रसिद्ध रेसलर द्यद ग्रेट खली ने युवाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिये भीड़ की नहीं दृढ संकल्पित युवाओं की आवश्यकता है। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने धर्म-संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूकता फैला कर लवजिहाद जैसे कृत्यों को रोक सकते हैं। सनातन का सबसे बडा विक्रम रचने वाले विक्रमआदित्य पंडित देवरथ महेश रेखे, अयोध्या के युवा लव-कुश, गायक आर्यन बाबू ने अपनी विद्या का प्रदर्शन किया। आयोजन में पार्थ गौतम, मयंक कुशवाह, एस्ट्रो अरूण पंडित, पंकज जोशी, दिव्या उपाध्याय, राहुल पाटीदार, सौरभ ब्रजवासी (मेरो वृन्दावन), ऐश्वर्या कोशिक, गोल्डमैन, रवि चैधरी, राजा यादव बिहारी टार्जन आदि इंफ्लुअंसर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयोजक संस्था सनातन पथ, नेकी की राह, दिव्य वरदान, भारत दर्शन ऐप, सकंट मोचन आदि के पदाधिकारी गौरव शर्मा, योगेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, संदीप शर्मा, विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सचिव विजय शर्मा, गजेन्द्र सिंह, जगदीश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## महापुरुषों की प्रतिमाओं का सुंदरीकरण कराने की मांग



टूंडला। नगर में चौराहा पर आजादी के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस व भारत रत्न किसान मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा बदहाल अवस्था में खड़ी है लेकिन किसी भी राजनैतिक दल के जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराधर मुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी ने नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर भारत के स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा और किसाना नेता एवं पूर्व प्रधान मंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा दोनों वर्षों से अधूरी प्रतिमाओं के सौंदर्यकरण कराने की मांग की है। बीएस बेदी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी प्रतिमाओं को नजर अंदाज किया जा रहा है, सालों से नेताजी की प्रतिमा ध्वस्त पड़ी है। प्रतिमाओं का जल्द से जल्द सौन्दीयकरण कराया जाये। मांग करने वाले में बीएस बेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सुरेन्द्र पाल सिंह सरदार मनमिंदर सिंह राष्ट्रीय संरक्षक, दीपक सलूजा पश्चिम प्रदेश प्रभारी बंगाली बाबू प्रदेश संरक्षक राजू गांधी प्रदेश महासचिव पवन कक्कड़ प्रदेश संगठन मंत्री वीरेंद्र कुमार जिला संरक्षक उदयवीर सिंह तेजिंदर कौर बेदी रिया शर्मा सरदार इंदर पाल सिंह बहादुर सिंह अरोड़ा, ठा.विक्रम सिंह नेकराम आदि प्रमुख है।

# जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र बांटे

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। रविवार को प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2 हजार करोड़ रुपए की राशि का अंतरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों किया गया, इसी के अनुक्रम पर जनपद में कुल 1839 लाभार्थियों के खातों में एक लाख रुपए का सीधे अंतरण किया गया, सबका साथ- सबका विकास के मूल भाव पर सरकार नित्य प्रति हर वर्ग के नागरिकों को छत मुहैया करा रही है, विकास भवन सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत सीमा देवी, हेमलता रेखा देवी शाजिया बेगम अनीता, सुदामा कमलेश सुमन देवी पिंकी श्यामा देवी और केश कांति को सदर विधायक मनीष असीजा भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह मेयर कामिनी राठौर के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार सभी वर्गों के हितार्थ कार्य किया जा रहा है, और इस बात का प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर छत हो, कोई भी व्यक्ति आश्रय विहीन न रहे। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि हर सर पर छत हो, निश्चित रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 मध्यम वर्ग और शहरी गरीबों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि आज योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहा है, वास्तव में यह पक्का मकान केवल ईंट पत्थर का ढांचा नहीं है, बल्कि गरीब परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है, इस अवसर पर मुख्यमंत्री के लखनऊ से प्रमाण पत्र वितरण का लाइव प्रसारण देखा गया, कार्यक्रम का संचालन अश्विनी जैन ने किया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त गुंजन द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, पीओ डूडा उपस्थित रहे।

- जनपद के 1839 शहरी आवास लाभार्थियों के खातों में एक लाख रुपए का सीधे अंतरण किया गया

## मौनी अमावस्या पर बिहारी जी के दर्शन को उमड़े भक्त



मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। मौनी अमावस्या पर मथुरा-वृंदावन में रविवार सुबह से ही बांके बिहारी मंदिर में आराध्य के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भीड़ के दबाव के बीच मंदिर पहुंचे और आराध्य के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने श्रद्धालुओं को रोक-रोककर मंदिर की ओर भेजा। मंदिर के द्वार से संकरी गलियों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। वीकेंड दूसरे दिन रविवार सुबह श्रीबांकेबिहारी मंदिर में आराध्य बांकेबिहारी की एक झलक पाने के लिए भक्त सुबह से ही आतुर दिखे। ठंड और कोहरा बावजूद भक्तों की भीड़ पट खुलने से पहले ही मंदिर के बाहर जमा हो गई। आस्था लेकर आ रहे श्रद्धालुओं भीड़ के दबाव के बीच हाथों में प्रसाद और माला लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। भीड़ के दबाव और धक्कों के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन किए भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा बनाए गए। होल्डिंग एरिया पर रोका गया। कुछ समय के बाद उन्हें मंदिर की ओर बढ़ाया गया। इसके बावजूद भीड़ के बीच में सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग, महिला एवं छोटे बच्चों को हुई। श्रद्धालुओं ने बच्चों को दबाव से बचाव के लिए अपने कंधों बैठाकर मंदिर की ओर ले जा रहे थे।

संक्षेप

## पराग पारिख लार्ज कैप फंड लॉन्च

नयी दिल्ली। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने आज पराग पारिख लार्ज कैप फंड के न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की शुरूआत की। यह एनएफओ 30 जनवरी 2026 को बंद होगा, जबकि योजना 6 फरवरी 2026 से दोबारा निवेश के लिए खुलेगी। यह फंड हाउस की स्थापना के बाद पेश की गई सातवीं योजना है।यह योजना निवेशकों को कम लागत में, व्यापक लार्ज-कैप एक्सपोजर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। इसके तहत ऐसी निवेश रणनीति अपनाई जाएगी जिससे ट्रेडिंग और इम्पैक्ट लागत को नियंत्रित किया जा सके और समय के साथ पोर्टफोलियो को इसके बेंचमार्क के करीब रखा जा सके। योजना में कुशल निवेश साधनों का उपयोग करते हुए एक्टिव शेयर को सीमित रखा जाएगा।इस योजना में न्यूनतम निवेश राशि 1,000 रुपए होगी और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में निवेश किया जा सकेगा। योजना में कोई एंट्री या एग्ज़िट लोड नहीं होगा। डायरेक्ट और रेगुलर–दोनों योजनाओं में ग्रोथ तथा इनकम डिस्ट्रीब्यूशन कम कैपिटल विदड्रॉल विकल्प उपलब्ध होंगे। इस योजना का प्रबंधन राजीव ठक्कर, रौनक ओंकार, राज मेहता, रुकुन ताराचंदानी, तेजस सोमन और ऐश्वर्या धर द्वारा किया जाएगा।

## एलएंडटी फाइनेंस का लाभ पीएटी 760 करोड़ रहा

नयी दिल्ली। एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही (वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही) में अपना अब तक का सबसे अधिक कोर कर पश्चात लाभ (पीएटी) 760 करोड़ रुपये (नए लेबर कोड प्रावधान के एक बार के प्रभाव से पहले) दर्ज किया है, जिसमें साल-दर-साल 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नए लेबर कोड के एक बार के प्रभाव के बाद पीएटी 739 करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में 18 प्रतिशत अधिक है। तिमाही के दौरान, रिटेल बुक साइज 1,11,990 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, और इसमें साल दर साल 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंसोलिडेटेड लोन बुक सालाना 20 प्रतिशत बढ़कर 1,14,285 करोड़ रुपये हो गया।

## सिगरेट की तस्करी बढ़ने पर चेतावनी दी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच ने चेतावनी दी कि विदेशी सिगरेटों की बढ़ती तस्करी सरकारी राजस्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य, दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्वनी महाजन ने बताया कि हानिकारक वस्तुओं पर उच्च करों का ऐतिहासिक नतीजा कालाबाजारी बढ़ने के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि वैध उत्पादों की कीमतें बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण पैदा हुए अंतर को तस्करी के उत्पादों से भरा जा रहा है। उन्होंने एक संतुलित नजरिया अपनाने की जरूरत पर जोर देते हुए तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ सख्त प्रवर्तन की वकालत की। ये चिंताएं इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि देश में एक फरवरी सिगरेट पर करों में भारी वृद्धि होने वाली है। महाजन ने कहा कि जैसे-जैसे अधिकारी इन वस्तुओं पर अधिक कर लगाते हैं, इनके अवैध व्यापार में तेजी आती है और बाजार में घटिया उत्पादों की डंपिंग होती है। यह न केवल आम लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

## जी 5 पर शुरू होगी मस्ती 4 की स्ट्रीमिंग

नयी दिल्ली। सिनेमाघरों में धूम मचाने के बाद, मस्ती फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म, 'मस्ती 4' दर्शकों को फिर से दीवाना बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब अपने घर पर आराम से बैठकर, एक बार फिर से उस पागलपन का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि 23 जनवरी को हिंदी जी5 पर इस फिल्म का ग्लोबल प्रीमियर होने वाला है। वेवबैंड प्रोडक्शन और जी स्टूडियोज द्वारा मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से प्रस्तुत की गई, मस्ती 4 को ए झुनझुनवाला और शिखा करण अहुलवालिया ने इंद्र कुमार, अशोक ठकेरिया, शोभा कपूर, एकता कपूर और उमेश बंसल के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। मिलाप जवेरी के डायरेक्शन में बनी मस्ती 4 में कॉमेडी तिकड़ी रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी एक और मजेदार सफर के लिए वापस आ रहे हैं। इसमें अरशद वारसी, तुषार कपूर, नरगिस फाखरी, श्रेया शर्मा, रूही सिंह, एल्नाज नोरौजी और कई बेहतरीन कलाकारों ने भी अहम किरदार निभाए हैं। 'मस्ती 4' में भी दर्शकों को जबरदस्त कॉमेडी, शरारती अंदाज और एडल्ट ह्यूमर का शानदार मेल देखने को मिलेगा, जो इस फ्रैंचाइजी की पहचान बन चुकी है।

# शीर्ष 10 में शामिल तीन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 75855 करोड़ बढ़ा




नयी दिल्ली। छुट्टियों के कारण छोटे रहे बीते सप्ताह के दौरान देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 75,855.43 करोड़ रुपये बढ़ गया।

शेयर बाजार में सुस्त रुझान के बावजूद भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 5.89 अंक गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 11.05 अंक ऊपर गया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंफोसिस लाभ में रहे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के मूल्यांकन में कुल 75,549.89 करोड़ रुपये की गिरावट आई। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंफोसिस का कुल मूल्यांकन 75,855.43 करोड़ रुपये बढ़ा। इस दौरान एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 39,045.51 करोड़ रुपये बढ़कर 9,62,107.27 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 31,014.59 करोड़ रुपये बढ़कर 7,01,889.59 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 23,952.48 करोड़ रुपये घटकर 19,72,493.21 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 23,501.8 करोड़ रुपये घटकर 5,30,410.23 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

# एफपीआई की बिकवाली का सिलसिला जारी जनवरी में शेयरों से 22530 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं।

यह निकासी 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली के बाद हुई। ऐसा मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका तथा बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई के लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 16 जनवरी के बीच भारतीय इक्विटी से 22,530 करोड़ रुपये निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी के लिए वैश्विक और घरेलू कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और मजबूत डॉलर ने विकसित बाजारों में जोखिम समायोजित प्रतिफल में सुधार किया है। ऐसे में उभरते बाजारों से पूंजी निकलकर दूसरे बाजारों की ओर जा रही है। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रधान प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़े हुए अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर की मजबूती ने अमेरिकी संपत्तियों को तुलनात्मक रूप से अधिक आकर्षक बना दिया है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक और व्यापार संबंधी अनिश्चितताएं उभरते बाजारों के प्रति निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं।

## डिसकॉम ने कई वर्षों के घाटे के बाद 2024 व 25 में 2,701 करोड़ का लाभ दर्ज किया

नयी दिल्ली। देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने कई वर्षों तक लगातार घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य बिजली बोर्डों के पुनर्गठन और निगमीकरण के बाद से ही वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में इन कंपनियों को 25,553 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपये का भारी घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2024-25 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का परिणाम है। मंत्री ने कहा, भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति को गति दे रहा है और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और विकसित भारत की यात्रा में अपना योगदान दे सके।

# तेल-तिलहन की कीमतें मजबूत



नयी दिल्ली। विदेशों में बाजार मजबूत रहने, रुपये के दाम में आई गिरावट तथा जाड़े के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे।

इस साप्ताहिक दाम में मजबूती के बावजूद सूरजमुखी, मूंगफली जैसे तिलहन के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे ही बने हुए हैं। महाराष्ट्र में मांग बढ़ने और कम दाम पर किसानों की ओर से बिकवाली घटाने की स्थिति को देखते हुए सोयाबीन प्लांट वालों ने सोयाबीन तिलहन का दाम 100 रुपये क्विंटल बढ़ाया है। सोयाबीन का दाम कुछ समय पूर्व एमएसपी से काफी नीचे हुआ करता था लेकिन मांग बढ़ने के बीच प्लांट वालों द्वारा खरीद का दाम बढ़ाये जाने के कारण अब इसका हाजिर भाव लगभग 5,300 रुपये क्विंटल हो गया है जबकि सोयाबीन का एमएसपी 5,328 रुपये क्विंटल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बीते सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्य घटने से आयातित तेलों की लागत बढ़ गई है और यह भी खाद्यतेल-तिलहनों में मजबूती आने का एक कारण है। पिछले हफ्ते सरकार ने आयातित खाद्यतेलों के आयात शुल्क मूल्य में भी बदलाव किये हैं। इस बदलाव के तहत कच्चा पामतेल (सीपीओ) का आयात शुल्क मूल्य 41 रुपये क्विंटल और सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क मूल्य 24 रुपये क्विंटल बढ़ाया गया है। सूत्रों ने कहा कि इस बार सरसों की पैदावार अच्छी है। विदेशों में मजबूती और जाड़े की मांग बढ़ने से अन्य तेल-तिलहनों की तरह सरसों में भी सुधार आया। हालांकि, ऊंचा दाम होने तथा आगामी खड़ी फसल को देखते हुए इसका उठाव कम है। तेल मिलें और खुदरा कारोबारी सरसों में संभल-संभल के कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोयाबीन की मांग ज्यादा है जबकि इसका आयात घटा है। विदेशों में भी दाम सुधरा है और रुपया भी कमजोर हुआ है।

## ट्रंप से लेकर जेलेंस्की तक वैश्विक दिग्गजों की प्रतीक्षा में दावोस की किलेबंदी

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सोमवार से शुरू हो रही वार्षिक बैठक के पांच दिवसीय आयोजन के लिए दुनिया भर के दिग्गज यहां जुटना शुरू हो रहे हैं।

इसके साथ ही 5,000 से अधिक सशस्त्र बल के जवान, रणनीतिक स्थानों पर तैनात स्नाइपर, एआई संचालित ड्रोन और विशेष उपकरण इस शहर की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अति विशिष्ट लोगों को देखते हुए सभी प्रवेश द्वारों पर और अचानक जांच आम है। इसमें दुनिया भर के 400 से अधिक राजनेता भाग ले रहे हैं, जिनमें कम से कम 64 राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष हैं। इसके अलावा एक हजार से अधिक सीईओ, नागरिक समाज के सदस्य, श्रम प्रतिनिधि, धार्मिक संगठन, सांस्कृतिक दिग्गज, सामाजिक उद्यमी, शिक्षाविद, विशेषज्ञ और थिंक टैंक भी यहां रहेंगे। प्रमुख नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग, स्विस राष्ट्रपति गाइ पारमेलिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण के प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा, इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की शामिल हैं।

# वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल काफी हद तक कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की आवाजाही पर निर्भर करेगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और व्यापार वार्ताओं से जुड़ी किसी भी खबर पर कड़ी नजर रखेंगे। प्रतिभागी शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद ध्यान विभिन्न क्षेत्रों की कई बड़ी और मझोली कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर टिक जाएगा। वैश्विक मोर्चे पर जीडीपी वृद्धि दर, बेरोजगारी के दावों और पीएमआई आंकड़ों सहित अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़े जोखिम की भावना और मुद्रा की चाल को प्रभावित करेंगे। भू-राजनीतिक घटनाक्रम और व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। नतीजों के अलावा बाजार प्रतिभागी भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संबंध में किसी भी महत्वपूर्ण सूचना पर कड़ी नजर रखेंगे। आम बजट करीब आने के साथ, बजट-पूर्व उम्मीदों के आधार पर क्षेत्र-विशिष्ट हलचल भी बढ़ने की संभावना है। भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क लेकिन शेयर विशिष्ट रुख के साथ प्रवेश कर रहे हैं। बैंकिंग शेयर सुर्खियों में रह सकते हैं, क्योंकि बाजार आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों के साथ ही कई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के तिमाही परिणामों का आकलन करेंगे। इस सप्ताह बीएचईएल, एलटीआईमाइंडट्री, पीएनबी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), डीएलएफ, बीपीसीएल और अदाणी ग्रीन एनर्जी सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आएंगे।

# 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा



नयी दिल्ली। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा।

पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था। इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया। सियाम ने कहा कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अधिकांश बाजारों में मांग स्थिर रही है। मारुति सुजुकी 2025 में 3.95 लाख इकाइयों का निर्यात करके इस क्षेत्र में सबसे आगे रही। दुपहिया वाहनों का निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 49,39,706 इकाई रहा, जो 2024 में 39,77,162 इकाई था। इस दौरान मोटरसाइकिल का निर्यात 27 प्रतिशत और स्कूटर का निर्यात आठ प्रतिशत बढ़ा। इसी तरह तिपहिया वाहनों का निर्यात 43 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़ा।

## पेज एक का शेष

### बंगाल से

राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल में घुसपैठियों को बसाने में मदद करने वाले समूहों का समर्थन करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार राज्य से अवैध प्रवासियों को बाहर करेगी। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा को आपका वोट बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने में मदद करेगा। मोदी ने राज्य में डबलइंजन वाली सरकार बनाने का आह्वान किया। सत्ता परिवर्तन की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के महाजंगलराज को समाप्त करना और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा, बंगाल में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार होनी चाहिए, क्योंकि इससे विकास को गति मिलेगी। पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य में टीएमसी का सिंडिकेट राज बेखौफ चल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार इसे खत्म करेगी। उद्योग और निवेश बंगाल में तभी आएंगे जब कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधरेगी। मोदी ने कहा कि लोगों को भाजपा को वोट देना चाहिए, ताकि संदेशखलि में भूमि हड़पने और बलात्कार की घटनाएं दोबारा न हों और भ्रष्टाचार के कारण शिक्षकों को अपनी नौकरी न गंवानी पड़े।

### स्वास्थ्य क्षेत्र

प्राप्त की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को बेहतर करने का प्रयास किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल 40 मेडिकल कालेज थे और आज उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कालेज पूरी तरह क्रियाशील हैं, दो एम्स हैं, लगभग जिला स्तर के 100 से अधिक अस्पताल हैं, जो सरकार द्वारा संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) और वेलनेस सेंटर की लंबी श्रृंखला है जो दूर दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में व्यापक परिवर्तन और सुविधा मजबूत होने के साथ ही अकेले उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए गए और उनके लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस परिवर्तन का परिणाम है कि मृत्यु दर को नियंत्रित करने और संस्थागत प्रसव को राष्ट्रीय मानक के अनुरूप लाने में सफलता प्राप्त कर ली गयी है।

### सीएम ने भेजी

सामग्री समय पर और उचित दर पर मिले तथा किस्तें समयबद्ध जारी हों।सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक क्रांति लेकर आया है। लोग अब स्वच्छता से रहने लगे हैं। सरकार ने माफिया को दूर किया और आपने गंदगी को, इससे उत्तर प्रदेश आगे बढ़ गया। आज 2,094 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई है। प्रथम किस्त के रूप में प्रत्येक लाभार्थी को एक लाख रुपये मिलेंगे। 75 प्रतिशत निर्माण पूरा होने पर दूसरी किस्त एक लाख रुपये और अंतिम किस्त 50 हजार रुपये की दी जाएगी। इस तरह प्रत्येक परिवार को कुल ढाई लाख रुपये की सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में अब तक चार करोड़ लोग मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की पावन त्रिवेणी में स्नान कर चुके होंगे। इसके साथ अयोध्या, काशी और गढ़मुक्तेश्वर जैसे तीर्थों पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया है। ऐसे पावन अवसर पर आवास योजना की पहली किस्त मिलना लाभार्थियों के लिए विशेष सौगात है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि समयबद्ध तरीके से आवास निर्माण पूरा कर प्रदेश को अधिक सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वाधिक लाभार्थी वाले जनपदों में गाजियाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, प्रतापगढ़, अलीगढ़, बिजनौर, कुशीनगर, प्रयागराज, अयोध्या और महाराजगंज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 60 लाख से अधिक परिवारों को आवास का लाभ दिया गया था और आज 2 लाख से अधिक परिवारों के जुड़ने के साथ यह संख्या 62 लाख पहुंच गई है। आजादी के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और नेतृत्व का परिणाम है। वर्ष 2017 से 2025 के बीच 17 लाख 66 हजार शहरी परिवारों को आवास दिया गया और आज यह संख्या बढ़कर 19 लाख 75 हजार हो चुकी है। आवास केवल छत नहीं, बल्कि स्वावलंबन की नींव है। आवास के साथ शौचालय, बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं मिल रही हैं।

### खाली घर में

दबिश दे रही है। वर्मा ने कहा कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की नई धार्मिक गतिविधि या आयोजन करना कानून का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर सख्ती से कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आमजन से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि उक्त खाली मकान हनीफ नामक व्यक्ति का है, जिसे अस्थायी मदरसे के रूप में उपयोग किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने लिखित अनुमति या वैध दस्तावेज मांगे, तो कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित मकान में लगातार जुमे की नमाज पढ़ी जा रही थी, जबकि इसके लिए किसी तरह की प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची और मकान के अंदर चल रही सामूहिक नमाज को रुकवाया। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें लोग खाली मकान के भीतर सामूहिक नमाज अदा करते दिखायी दे रहे हैं। पुलिस ने वीडियो को जांच में शामिल कर लिया है।

### बांग्लादेश में

मासूम मियां (28) को हत्या में संलिप्त होने के आरोपा में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मासूम केले के बागान का मालिक है और उसमें से केले का एक गुच्छा गायब हो गया था। पुलिस ने बताया कि तलाश के दौरान उसने केले लिटन के होटल में देखे और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस ने बताया, आरोपी ने लिटन को घूंसे और लात मारकर गिरा दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लिटन के परिवार ने बताया कि मासूम पूर्वाह्न करीब 11 बजे होटल आया था और उस समय उसका होटल के एक कर्मचारी से मामूली बात पर झगड़ा हो गया। परिवार ने बताया कि बाद में मासूम के माता-पिता भी वहां आ गए और झगड़े में शामिल हो गए। खबर के अनुसार, पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### गायत्री परिवार

से सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान की दिशा तय करती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान और मूल स्वरूप को संरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में समान नागरिक संहिता लागू की गई है, दंगारोधी एवं धर्मांतरण विरोधी कानूनों को सख्ती से लागू किया गया है तथा 10 हजार एकड़ से अधिक अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार का यह संगम आने वाले नवयुग के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी महान सभ्यता की नींव सामूहिक चरित्र निर्माण पर टिकी होती है। जब समाज नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सेवा भावना को अपनाता है, तभी सशक्त संस्कृति और स्थायी राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। यह शताब्दी समारोह उसी सामूहिक चेतना को जाग्रत करने का प्रभावी प्रयास है। शताब्दी समारोह के दलनायक एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह आयोजन केवल आध्यात्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि युगऋषि पूज्य आचार्यश्री की विचारधारा के अनुरूप आत्मबोध और दायित्वबोध का मंच है। उन्होंने कहा कि आत्मपरिवर्तन ही सामाजिक परिवर्तन की पहली सीढ़ी है और जब व्यक्ति स्वयं को बदलने का संकल्प लेता है, तभी समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। शताब्दी समारोह का उद्देश्य इसी चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, राज्य मंत्री विनय रुहेला, सुदर्शन न्यूज के प्रबंध निदेशक सुरेश चव्हाण, ईडी के पूर्व निदेशक राजेश्वर सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने न्यायाधीश परविन्दर सिंह, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक हरिद्वार मदन कौशिक की प्रमुख उपस्थिति रही, साथ ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, साधक एवं श्रद्धालु समारोह के साक्षी बने।

### इंडिगो की

बाद विमान को एक अलग स्थान पर खड़ा किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान, एक टीशू पेपर पर हाथ से लिखा एक नोट मिला, जिस परै प्लेन में बमै लिखा था। पुलिस ने बताया कि विमान में आठ शिशुओं सहित 222 यात्री, दो पायलट और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते, सुरक्षा एजेंसियां और हवाई अड्डा अधिकारी विमान की गहन सुरक्षा जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियां स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। बयान के अनुसार आगे की जांच और आवश्यक कानूनी कार्वाई जारी है और विस्तृत जानकारी जुटायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि कानून व्यवस्था सामान्य और नियंत्रण में है।

### जरूरतमंदों को

दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग रविवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते नजर आए। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक जाड़ा पड़ेगा, राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने का हमारा अभियान चलता रहेगा। जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, अपनी इस कोशिश को हम बरकरार रखेंगे। इसमें कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।




# न्यूजीलैंड ने जीती श्रृंखला

## इंदौर में कोहली का शतक, न्यूजीलैंड ने इंडिया में पहली बार वनडे सीरीज जीती, डेरिल मिचेल का शतक

एजेंसी



इंदौर। न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में मेजबानों को 41 रन से हराया। इतना ही नहीं, भारतीय टीम होलकर स्टेडियम में पहला मैच हारी है। 338 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट कोहली ने 108 बॉल पर 124 रन की शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड की ओर से क्रिस्टियन क्लार्क और जैक फॉल्क्स 3-3 विकेट झटके। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रनों की शतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने 219 रन की साझेदारी भी की। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड ने 8 विकेट खोकर 337 रन बनाए थे।

भारत के तेज गेंदबाजों के शुरुआती झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन) के लगातार दूसरे शतक और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के तूफानी सैकड़े से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। मिचेल (131 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) ने संयम और नियंत्रण के साथ पारी को संभाला जबकि फिलिप्स (88 गेंद, नौ चौके, तीन छक्के) ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई जिससे सतर्क शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड की पारी का रूख ही बदल गया। भारत एक समय पूरी तरह हावी था और उसने मेहमान टीम के 58 रन पर तीन विकेट झटक लिए थे। लेकिन मिचेल और फिलिप्स ने संभलकर खेलते हुए पारी को संभाला।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले दो ओवर में पांच रन पर पहले दो विकेट गंवा दिए थे जिसमें से हेनरी निकोल्स खाता भी नहीं खोल सके। प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में शामिल हुए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पहले ही ओवर में खूबसूरत गेंद पर निकोल्स (0) को बोल्ड किया। अर्शदीप (63 रन देकर तीन विकेट) ने ऑफ स्टंप के करीब से गेंद डाली जिससे असमंजस में पड़े निकोल्स ने देर से बल्ला हटाया और गेंद अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्टंप से जा टकराई। अर्शदीप और उनके साथी तेज गेंदबाज हर्षित राणा (84 रन देकर तीन विकेट) ने सटीक लेंथ पर गेंद डालते हुए शुरुआती ओवरों में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को रोके रखा। हर्षित ने फिर डेवोन कॉनवे (05) को लगातार तीसरी बार आउट किया। उनकी बैक ऑफ लेंथ गेंद पर कॉनवे बल्ला छूआकर स्लिप में खड़े रोहित शर्मा को कैच दे बैठे। इससे 10 ओवर में न्यूजीलैंड की टीम महज 47 रन ही बना सकी। विल यंग (30) ने 13वें ओवर में हर्षित की गेंद पर डीप बैकवर्ड प्वाइंट के ऊपर से छक्का लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। यंग ने कट शॉट खेला और बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े रविंद्र जडेजा को आसान कैच दे दिया। इस तरह हर्षित ने यंग और मिचेल के बीच 53 रन की साझेदारी तोड़ी। मिचेल ने बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव पर शानदार छक्का जड़कर न्यूजीलैंड की वापसी की नींव रखी।

कुलदीप ने फिर अपनी लेंथ में बदलाव कर रन गति पर लगाम लगाई। मिचेल ने इस गेंदबाज पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। 34वें ओवर के बाद गेंद नरम होने से शॉट खेलना मुश्किल हो गया लेकिन होलकर स्टेडियम की छोटी बाउंड्री पर बल्लेबाजों ने जोखिम लेना जारी रखा। मिचेल ने नीतिश कुमार रेड्डी पर सपाट छक्का जड़कर तेज खेलना जारी रखा जबकि फिलिप्स ने भी आक्रामक खेलने की कोशिश की। इस दौरान वह आउट होने से बच गए, जब हर्षित कैच लेने के लिए करीब नहीं पहुंच सके। फिलिप्स ने मोहम्मद सिराज (43 रन देकर एक विकेट) को पुल शॉट पर चौका लगाया और अर्शदीप को सीधा छक्का जड़ दिया। मिचेल ने जडेजा की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया जो इस श्रृंखला में उनका लगातार दूसरा शतक था। फिलिप्स ने भी जडेजा पर छक्का जड़ा और इसी 40वें ओवर में मिचेल ने चौका लगाया जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 237 रन हो गया।

# टाटा स्टील मास्टर्स : एरिगैसी ने प्रज्ञानंदा को हराया, गुकेश ने सिंदारोव से ड्रॉ खेला



विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया। पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी जिससे उनका राजा बीच में फंस गया जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया। गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके। यह दिन का सबसे लंबा मुकाबला था जो 78 चाल में ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने भी जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमस ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव के साथ जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के साथ ड्रॉ खेला।

## माउटेट ने अंडर आर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान खींचा

मेलबर्न। कोरेंटिन माउटेट ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को यहां मैच प्वाइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। किआ एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टिन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6 (1), 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया। उन्होंने कहा कि सर्विस करने का उनका यह तरीका योजनाबद्ध होने के बजाय सहज प्रवृत्ति पर आधारित था। माउटेट ने कहा, मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अंक हासिल कर सकता हूं और आखिर में मैं अंक हासिल करने में भी सफल रहा। निश्चित तौर पर मेरा किसी का अपमान करने का कोई इरादा नहीं है।

## संक्षेप

### श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराया

भुवनेश्वर। श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को यहां पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पूल चरण के अपने आखिरी मैच में एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराकर खुद को शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। एसजी पाइपर्स ने दिलराज सिंह के चौथे मिनट में और टॉमस डोमेन के 31वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बनाई हुई थी। लेकिन श्राची बंगाल टाइगर्स के लिए जुगराज सिंह ने 45वें मिनट, अभिषेक ने 45वें मिनट और अफ्फान यूसुफ ने 48वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को वापसी कराकर जीत दिलाई।

### आईएसपीएल ने श्रीनगर फ्रेंचाइजी के सह स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की

मुंबई। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी श्रीनगर के वीर के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी का टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह पहले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि दूसरे सत्र में उपविजेता रही थी। इस लीग का संचालन एक कोर कमेटी करती है जिसमें सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज सामत आदि शामिल हैं। इस लीग में अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सलमान खान (दिल्ली सुपरहीरोज), अजय देवगन (अहमदाबाद लायंस), सौरव गांगुली, सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), ऋतिक रोशन (बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), सूर्या (चेन्नई सिंगम्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) सहित कई मशहूर हस्तियां भी फ्रेंचाइजी के सह-मालिक हैं।

### वानखेड़े स्टेडियम से भावनात्मक रूप से जुड़ने का इंतजार

नयी दिल्ली। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब वह सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ अपनी टीम के टी20 विश्व कप के पहले मैच में मैदान पर उतरेंगे। यह वही मैदान है जहां से एक क्रिकेटर के रूप में उनके करियर की शुरुआत हुई थी। इसके बाद वह अपना करियर बनाने के लिए अमेरिका चले गए और वहां की नागरिकता हासिल करने के बाद उसकी राष्ट्रीय टीम के सदस्य बन गए। इस 34 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 में सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ियों के साथ मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट भी खेला था, लेकिन 2010 में अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद वह सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाए।

# अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए उतरेगा आरसीबी



वडोदरा। अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।

कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात जायंट्स ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई। आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट से मिली शानदार जीत में 96 रन की मैच विजेता पारी खेली। सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने भी अच्छी शुरुआत की है लेकिन वह उन्हें बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहीं हैं। पिछले मैच में जॉर्जिया वोल ने भी नाबाद 54 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी के पास ऋचा घोष, नादिन डी क्लर्क, गौतमी नायक और राधा यादव जैसी आक्रामक बल्लेबाज भी हैं जिससे बल्लेबाजी उसका सबसे मजबूत पक्ष बन गया है। आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी काफी मजबूत है, जिसमें लॉरेन बेल और सायली सतघरे जैसी गेंदबाज शुरुआती ओवरों में जिम्मेदारी संभालती हैं जबकि श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत और राधा यादव जैसे स्पिनरों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

आरसीबी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुवाई वाली गुजरात जायंट्स की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

# लिन चुन यी व आन से यंग बने इंडिया ओपन चैंपियन

एजेंसी





नयी दिल्ली। चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार को यहां 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया।

महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झीयी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेइकिंग और वांग चांग की जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पुरुष युगल फाइनल में जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और क्योहेई यामाशिता की दुनिया की 22वें नंबर की जोड़ी को 17-21 25-23 21-16 से हरा दिया।

मिश्रित युगल का ताज थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान को मिला, जिन्होंने डेनमार्क के माथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे को 19-21, 25-23, 21-18 से हराया। वहीं दूसरी ओर विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अगले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकेंड की टाइम क्लॉक का परीक्षण करेगा। उसकी यह पहल चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंट में जारी रहेगी जिसका उद्देश्य रणनीतिक देरी पर अंकुश लगाना और मैच की लय को मानकीकृत करना है। हालांकि इस कदम पर खिलाड़ियों और कोच की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस प्रणाली के तहत जैसे ही अंपायर स्कोर अपडेट करता है, टाइम क्लॉक शुरू हो जाती है। सर्व करने वाला खिलाड़ी और रिसीवर, दोनों को 25 सेकेंड के भीतर सर्व और रिसीव के लिए तैयार होना अनिवार्य होता है। चीन की दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी वांग जी यी ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अगर नियम को समान रूप से लागू किया गया तो खिलाड़ी इसके अनुकूल हो जाएंगे। वांग ने कहा, अगर यह नियम लागू होने वाला है तो खिलाड़ी इसके हिसाब से सांमजसय बिठा लेंगे। यह खिलाड़ियों द्वारा देरी की समस्या को हल करेगा।

# इंग्लैंड के पाक के मूल खिलाड़ियों को मिला वीजा

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है।

इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है।

संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तानी राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। इन टीमों के लिए वीजा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी कार्यवाही के लिए अगले सप्ताह की तिथि नियत कर दी गई है जिससे संकेत मिलता है कि प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रतिभागियों के लिए वीज़ा जारी करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। सहयोगी और पूर्ण सदस्य देशों में पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को देखते हुए इस प्रक्रिया में तेजी को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी की इस प्रक्रिया में कई टीमों के क्रिकेटर, अधिकारी और स्टैंडबाय खिलाड़ी शामिल हैं, जिससे पता चलता है कि विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था अंतिम समय में होने वाली किसी तरह की जटिलता से बचना चाहती है। आईसीसी इसके लिए विभिन्न देशों के कई शहरों में स्थित भारतीय उच्चायोगों के साथ लगातार संपर्क में है।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों के वीजा आवेदनों को बिना किसी अड़चन के निपटाया जाए। आईसीसी को आश्वासन मिला है कि लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सुचारू रूप से निपटाया जाएगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा और आईसीसी को विश्वास है कि तब तक सभी तरह की प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। पाकिस्तान मूल के भारतीय वीजा आवेदकों की गहन जांच की जा रही है और इसलिए प्रक्रिया में सामान्य से अधिक समय लग रहा है।

# मुंबई मैराथन में इथियोपियाई धावकों का दबदबा

एजेंसी




मुंबई। मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता।

मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष और महिला एलीट वर्ग के शीर्ष तीन धावकों को क्रमशः 50000 अमेरिकी डॉलर, 25000 अमेरिकी डॉलर और 15000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई। भारतीय पुरुष वर्ग में कार्तिक करकेरा ने 2:19:55 के समय के साथ जीत दर्ज की। गत चैंपियन अनिश थापा (2:20:08) दूसरे और प्रदीप चौधरी (2:20:49) तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय महिला एलीट वर्ग में संजीवनी जाधव ने 2:49:02 के समय के साथ खिताब जीता। निर्माबेन ठाकोर (2:49:13) दूसरे और सोनम (2:49:24) तीसरे स्थान पर रहीं।

भारतीय एलीट पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष तीन धावकों को क्रमशः पांच लाख रुपये, चार लाख रुपये और तीन लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। विश्व एथलेटिक्स रोड रेस गोल्ड लेबल प्रतियोगिता मुंबई मैराथन इस साल नए रूट पर आयोजित की गई। पहली बार धावकों को नव-निर्मित मुंबई कोस्टल रोड और प्रतिष्ठित बांद्रा-वर्ली सी लिंक से होकर दौड़ने का अनुभव मिला। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान तथा डिनो मोरिया समेत कई हस्तियां मैराथन में मौजूद रहीं।

रेस के बाद येशी ने कहा, मैं कोर्स रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद लेकर आई थी, लेकिन मौसम के कारण थोड़ी परेशानी हुई। फिर भी, चढ़ाई और ढलान, दोनों हिस्सों में मैंने खुद को मजबूत और सकारात्मक महसूस किया। अबाते ने कहा, पहाड़ीनुमा हिस्से चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन हाफवे के बाद लय में आने पर मैंने ऊर्जा बचाने पर ध्यान दिया। मुंबई में जीत हासिल करके बेहद खुश हूं। भारतीय महिलाओं में संजीवनी ने पदार्पण में शानदार प्रदर्शन किया और कुल मिलाकर 10वां स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा, 35 किलोमीटर के बाद मुझे यकीन हो गया था कि मैं पदक जीतूंगी। कार्तिक करकेरा के लिए यह उनके करियर की दूसरी मैराथन थी। रूस में प्रशिक्षण लेने वाले करकेरा पर शुरुआत में ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि पिछले साल मॉस्को मैराथन में वह 2:30:30 के समय के साथ 15वें स्थान पर रहे थे। हालांकि करकेरा ने अनुभवी भारतीय धावकों को चौंकाते हुए 2:19:55 का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और शीर्ष भारतीय पुरुष धावक का खिताब जीता।

# अल्काराज व सबालेंका की शानदार शुरुआत

एजेंसी






मेलबर्न। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकार्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को जीत के करीब पहुंचने

**रिकॉर्ड बनाकर हारी वीनस विलियम्स**

के बावजूद पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न पार्क में पहले दिन 100,763 दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे जो नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन ने दूसरे सेट में अल्काराज को चुनौती दी।

यह सेट टाईब्रेकर तक खिंचा लेकिन स्पेन का दिग्गज खिलाड़ी जल्द ही संभल गया। अल्काराज ने आखिर में यह मैच 6-3, 7-6 (2), 6-2 से अपने नाम किया। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-। से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे। वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस तीसरे सेट में एक समय 4-0 से आगे चल रही थी लेकिन इसके बाद डैनलोविच ने शानदार वापसी की।

वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। वीनस ने कहा, मुझे आज के अपने प्रदर्शन पर वास्तव में गर्व है क्योंकि मैं हर अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन कर रही हूं। अभी मैं केवल अपने खेल को और बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हूं। पिछले साल के उपविजेता और पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-।, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं। ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, सच कहूं तो जब मैंने ड्रॉ देखा तो मैं बिल्कुल भी खुश नहीं था। पहले सेट में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

मैं सोच रहा था कि इससे बुरा तो कुछ भी नहीं हो सकता। इसके बाद मैंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। डियालो युवा है, बहुत प्रतिभाशाली है और अविश्वसनीय रूप से आक्रामक है। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-।, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-। से हराया।

इसके अलावा 18वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने झांग झिझेन को 6-3, 7-6 (0), 6-3 से और अंडर आर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान खींचने वाले 32वीं वरीयता प्राप्त कोरेंटिन माउटेट ने ट्रिस्टिन स्कूलकेट को 6-4, 7-6 (1), 6-3 से पराजित किया। पुरुषों के वर्ग में ही नंबर 29 फ्रांसेस टियाफो ने जेसन कुबलर को 7-6 (4), 6-3, 6-2 से और माइकल झेंग ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-4, 3-6, 6-7 (0), 6-3 से हराया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-। से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया।

# असम में कांग्रेस पर बरसे मोदी

## वोट के लिए असम की जमीन घुसपैठियों को सौंपने का लगाया आरोप

एजेंसी

कलियाबोर (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने पूर्वोत्तर राज्य असम में अपने शासनकाल के दौरान वोट के लिए घुसपैठियों को जमीन सौंप दी। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि असम में कांग्रेस शासन के दौरान दशकों तक घुसपैठ बढ़ती रही तथा अवैध प्रवासी वनों, जानवरों के गलियारों और पारंपरिक संस्थानों पर अतिक्रमण करते रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अतिक्रमण करने वाले घुसपैठियों को निष्कासित करके असम की पहचान और संस्कृति की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, घुसपैठिए जनसांख्यिकी संतुलन को बिगाड़ रहे हैं, संस्कृति पर हमला कर रहे हैं, गरीबों और युवाओं से रोजगार छीन रहे हैं, और आदिवासी क्षेत्रों में भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, जो असम और देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहने की चेतावनी दी और कहा कि उसकी केवल एक नीति है - घुसपैठियों की रक्षा करना और सत्ता हासिल करना। कांग्रेस और उसके सहयोगी इस दृष्टिकोण का पालन देश भर में कर रहे हैं, और बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए मार्च व रैलियां आयोजित की थीं, लेकिन वहां की जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। मोदी ने कहा कि असम की जनता भी उन्हें करारा जवाब देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों का भरोसा खो दिया है क्योंकि वह नकारात्मक राजनीति का संदेश देती है और अब देश में मतदाताओं की पहली पसंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है। उन्होंने कहा, मतदाता सुशासन और विकास के लिए भाजपा पर भरोसा करते हैं। बिहार चुनाव में लोगों ने 20 साल सत्ता में रहने के बाद भी पार्टी को रिकॉर्ड संख्या में वोट और सीट दीं। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनाव में भी लोगों ने भाजपा को वोट दिया और केरल में भी अब हमारे पास पार्टी का एक महापौर है। उन्होंने कहा, दो दिन पहले ही, महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों में महापौर और पार्षद चुनावों के परिणाम घोषित किए गए थे। दुनिया की सबसे बड़ी महानगरपालिकाओं से एक मुंबई ने पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश दिया, जबकि राज्य के अधिकांश शहरों के लोगों ने हमें सेवा का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, देश भर में हालिया चुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि मतदाता सुशासन और विकास चाहते हैं, जिसमें प्रगति और धरोहर दोनों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने कहा, ये चुनाव यह संदेश भी देते हैं कि देश लगातार विपक्षी दल की नकारात्मक राजनीति को नकार रहा है।



उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश का विश्वास खो दिया है क्योंकि उसके पास विकास के लिए कोई एजेंडा नहीं है, और ऐसी पार्टी असम या काजीरंगा के हितों को कभी पूरा नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि काजीरंगा केवल एक राष्ट्रीय उद्यान नहीं है, बल्कि असम की आत्मा और भारत की जैव विविधता का एक अमूल्य रत्न है, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी है। प्रधानमंत्री नगांव जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान 6,957 करोड़ रुपये की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत ट्रेन को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। काजीरंगा में एक सींग वाले गैंडे रहते हैं यह बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाढ़ आती है।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति व प्रधानमंत्री की राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण : अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की निर्णायक मारक क्षमता से बल मिला। गृह मंत्री ने शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले के दौरान ये टिप्पणियां कीं।



शाह ने वंदे मातरम पवेलियन व ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया और देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित साहित्यिक कृति आनंद मठ में वर्णित वंदे मातरम् गीत ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। शाह ने जनता से मेले में आने का आग्रह किया और बच्चों को आनंद मठ की प्रतियां वितरित कीं। शाह ने एक्स पर कहा नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में अपने जैसे पुस्तक प्रेमियों के साथ शामिल हुआ। पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं और व्यक्ति को उम्र की परवाह किए बिना पढ़ना जारी रखना चाहिए। पढ़ने की आदत तेजी से लुप्त हो रही है और मेरा मानना है कि पुस्तकें, चाहे डिजिटल हों या मुद्रित, ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम तरीका हैं।

गृह मंत्री ने सात नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में पहली बार प्रकाशित राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान व्यक्त किया। सरकार द्वारा जारी एक बयान में शाह के हवाले से कहा गया, ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, सशस्त्र बलों की निर्णायक मारक क्षमता और सटीक खुफिया जानकारी से संचालित भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण था। मैंने नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया। यह पवेलियन युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित करता है। गृह मंत्री ने मेले में सरदार पटेल पर विशेष प्रदर्शनी का भी दौरा किया।

## संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री देउबा ने पार्टी के नये गुट की मान्यता के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया

काठमांडू। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने रविवार को उच्चतम न्यायालय में निर्वाचन आयोग के खिलाफ एक रिट याचिका दायर करके गगन थापा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस को आधिकारिक मान्यता देने के आयोग के फैसले को चुनौती दी। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश मान सिंह के अनुसार, कार्यवाहक अध्यक्ष पूर्ण खड़का सहित देउबा गुट के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की ओर से उच्चतम न्यायालय पहुंचकर याचिका दायर की। नेपाली कांग्रेस नेताओं ने दायर याचिका में निर्वाचन आयोग (ईसी), नेपाली कांग्रेस के नये निर्वाचित अध्यक्ष गगन थापा और उपाध्यक्ष विश्वप्रकाश शर्मा को प्रतिवादी बनाया है। नेपाली कांग्रेस ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा गगन थापा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस को दी गई आधिकारिक मान्यता पार्टी के दर्जे के खिलाफ है। थापा को 11 से 14 जनवरी तक काठमांडू में हुए विशेष महासभा सम्मेलन के माध्यम से नेपाली कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था, जिसे अब देउबा गुट ने चुनौती दी है।

# मुवक्किलों के हित में आरटीआई के तहत सूचनाएं नहीं मांग सकते वकील : सीआईसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने व्यवस्था दी है कि अधिवक्ता अपने मुवक्किलों के लिए मामले से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम का उपयोग नहीं कर सकते हैं। सीआईसी ने टिप्पणी की कि यह परिपाटी पारदर्शिता कानून के मूल उद्देश्यों को विफल कर देगा। आयोग ने इसी के साथ हरियाणा के जवाहर नवोदय विद्यालय में फलों और सब्जियों की आपूर्ति के अनुबंध को समाप्त करने संबंधित विवाद में एक अधिवक्ता द्वारा दायर दूसरी अपील खारिज कर दी। सूचना आयुक्त सुधा रानी रेलंगी ने कहा कि अपीलकर्ता ने अपने भाई की ओर से जानकारी मांगी थी, जो प्रतिवादी सार्वजनिक प्राधिकरण को सब्जियोंफलों का आपूर्तिकर्ता हुआ करता था। आयोग ने कहा कि इस बात का कोई स्पष्टीकरण न होने के कारण कि आपूर्तिकर्ता स्वयं जानकारी क्यों नहीं मांग सकता, ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलकर्ता ने अपने मुवक्किल की ओर से जानकारी मांगी है, जो कि अनुमेय नहीं है।

# वांगचुक की साथी उनकी किताबें : गीतांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने जोधपुर की जेल में बंद अपने पति की दिनचर्या साझा करते हुए बताया कि दुनिया से कटे एकांत कोठरी में कैद हैं, लेकिन आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरे हुए हैं। वांगचुक 110 दिनों से अधिक समय से जेल में बंद हैं। उन्हें 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान हिंसा और चार लोगों की मौत के दो दिन बाद की गई थी। लद्दाख में हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स (एचआईएएल) की सह-संस्थापक अंगमो के साथ साक्षात्कार में कहा कि वांगचुक आशावादी और उत्साह से भरे हुए हैं, कारागार में बंद होने के बावजूद उनके हौसले पस्त नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि वांगचुक जेल में अपने अनुभवों पर एक किताब लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, सकारात्मक और आशावादी लोगों की एक अच्छी बात यह होती है कि वे हर चीज को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन वह जिन परिस्थितियों में रहते हैं, वे बहुत ही दयनीय और कठिन हैं। अंगमो ने बताया कि वांगचुक एक कोठरी में फर्श पर कंबल बिछाकर सोते हैं और वहां पर कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने बताया कि वह किताबें पढ़ते हैं, क्योंकि परिवार और वकीलों के अलावा उनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं है।



❍ वांगचुक एकांत कोठरी में कंबल पर सोते हैं

# पुस्तक मेले के थीम मंडप में सशस्त्र बलों की विरासत का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में थीम मंडप के तहत सशस्त्र बलों की विरासत को प्रदर्शित किया गया है,

जिसमें देहरादून स्थित प्रतिष्ठित आईएमए भवन को समर्पित एक सुसज्जित प्रवेश द्वार, परम वीर चक्र प्राप्तकर्ताओं के बारे में जानकारी देता एक गलियारा और वीआर तकनीक की मदद से एक स्वदेशी विमानवाहक पोत की आभासी सैर शामिल है। यह मंडप मेले के मुख्य विषय भारतीय सैन्य इतिहास : 75 साल का शौर्य और ज्ञान को दर्शाता है। इसकी एक दीवार पर लगा विशाल पैनल आजादी के बाद से भारत की प्रमुख सैन्य घटनाओं को चित्रित करता है, जिसमें 1947 के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 2025 में ऑपरेशन सिंदूर तक की अवधि शामिल है।

नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2026 दस से 18 जनवरी तक भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें वंदे मातरम के 150 वर्ष और स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का जश्न मनाया गया।

# भाजपा की रणनीति अन्य दलों के साथ गठबंधन

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में नहीं है या बहुमत में नहीं है, वहां उसकी रणनीति अन्य दलों के साथ गठबंधन करना, सत्ता में आना और फिर उन्हें हाशिये पर धकेल देना है।

सिब्बल ने कहा कि यह रणनीति बिहार में सफल रही और अब महाराष्ट्र में भी इसे अपनाया जा रहा है। सिब्बल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा की राजनीतिक रणनीतिः जिन राज्यों में वे सत्ता में नहीं हैं या बहुमत में नहीं हैं, वहां अन्य राजनीतिक दलों से गठबंधन करो, सत्ता में आओ और फिर उन्हें हाशिये पर डाल दो। निर्दलीय राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने लिखा, यह रणनीति बिहार में सफल रही। अब महाराष्ट्र में इसे लागू किया जा रहा है। महाराष्ट्र निकाय चुनाव में भाजपा ने 2,869 सीट में से 1,425 सीट जीतकर बड़ी सफलता हासिल की और मुंबई एवं पुणे सहित एक दर्जन से अधिक नगर निगमों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। इसके साथ ही पार्टी ने ठाकरे और पवार परिवारों के गढ़ में भी सेंध लगा दी। भाजपा ने 227-सदस्यीय बृहन्मुंबई महानगरपालिका में 89 सीट जीतीं, जिससे इस नगर निकाय पर ठाकरे परिवार का तीन दशक पुराना दबदबा खत्म हो गया। भाजपा की सहयोगी शिवसेना ने 29 सीट जीतीं, जबकि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) को 65 सीट मिलीं और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को छह सीट से संतोष करना पड़ा।



❍ भाजपा की रणनीति उन राज्यों में सहयोगियों को हाशिये पर डालने की है, जहां उसका बहुमत नहीं : सिब्बल

# लाल किला विस्फोट की साजिश से पीछे हटा आत्मघाती हमलावर

एजेंसी

नयी दिल्ली/श्रीनगर। लाल किले के पास हाल में हुए कार बम धमाके के बाद पकड़े गए सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच में सामने आया है कि इस साजिश का मास्टरमाइंड डॉ. उमर-उन-नबी एक दूसरे आत्मघाती हमलावर की भर्ती करने की कोशिश कर रहा था। हालांकि वह इसमें सफल नहीं हो सका, क्योंकि संबंधित व्यक्ति ने सेब की पैदावार के मौसम में अपने परिवार की मदद करने की जरूरत का हवाला देते हुए इस आतंकी साजिश से पीछे हटने का फैसला कर लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर पुलिस और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने नबी द्वारा संचालित एक समानांतर आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। नबी वही व्यक्ति था जो 10 नवंबर को ऐतिहासिक लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी गाड़ी चला रहा था। इस विस्फोट में 12 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों से पूछताछ के दौरान डॉक्टर से आतंकी बने व्यक्ति द्वारा अपनाई गई भर्ती की रणनीतियों का खुलासा हुआ है। इन्हीं जानकारियों के आधार पर एनआईए ने शोपियां निवासी यासिर अहमद डार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि नबी ने डार को एक संभावित आत्मघाती हमलावर के रूप में सफलतापूर्वक कट्टरपंथी बना दिया था, लेकिन पिछले साल अगस्त में हुई एक मुलाकात के दौरान उसने आखिरी समय में इस साजिश से पीछे हटने का फैसला किया। उसने इसके लिए सेब की पैदावार का मौसम और घर में मरम्मत का काम होने को कारण बताया। अधिकारियों के अनुसार, डार 2023 से नबी के संपर्क में था। उसने यह भी स्वीकार किया कि नबी का एक पेशेवर डॉक्टर होना उसके प्रभाव में आने का एक बड़ा कारण बना। डॉक्टर होने के कारण उसकी कट्टरपंथी बातें भर्ती किए गए लोगों को अधिक प्रभावशाली और विश्वसनीय लगती थीं। अधिकारियों ने बताया कि जांच से संकेत मिला है कि नबी केवल आतंकी ही नहीं था, बल्कि रणनीतिक रूप से भर्ती भी करता था।



## इंटरटेनमेंट...

# डिजाइनर मसाबा पर कंगना के संगीन आरोप

**मुंबई।** कंगना रनोट ने हाल ही में फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता पर संगीन आरोप लगाए हैं। कंगना ने कहा है कि मसाबा गुप्ता ने राम जन्मभूमि दर्शन में पहुंचने से ठीक अपने लेबल की साड़ी देने से इनकार कर दिया था।

जबकि एक्ट्रेस वो साड़ी पहनकर इवेंट के लिए रवाना हो चुकी थीं। कंगना को इससे काफी अपमानित महसूस हुआ, जिसके बाद वो काफी रोई थीं। कंगना ने हाल ही में ऑफिशियल अकाउंट (पहले ट्विटर) पर इस वाकये का जिक्र करते हुए लिखा है, 'डिजाइनर तब बहुत खुश होते हैं जब उनके कपड़े किसी सेलिब्रिटी पर दिखते हैं। क्या आपने कभी देखा कि मसाबा गुप्ता या उनके ब्रांड ने इन (मेरी) तस्वीरों को इस्तेमाल किया हो? ये तस्वीरें इंटरनेट पर हर जगह थीं। तो फिर उन्होंने इन्हें इस्तेमाल क्यों नहीं किया? या फिर स्टाइलिस्ट ने उन्हें टैग क्यों नहीं किया?' आगे कंगना ने कहा, 'उन दिनों मेरी फिल्म तेजस रिलीज होने वाली थी, इसलिए मैं राम जन्मभूमि के दर्शन के लिए जाना चाहती थी। मैंने उसी स्टाइलिस्ट से अनुरोध किया, जो मुझे तेजस के इवेंट्स के लिए स्टाइल कर रही थीं कि वे दर्शन यात्रा में भी मेरी मदद कर दें। (डिजाइनर को प्रोडक्शन हाउस ने हायर किया था)।

मुझे इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कई स्टाइलिस्ट और डिजाइनर मुझे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स से बैन कर चुके हैं, लेकिन यह घटना मुझे सबसे ज्यादा दुख पहुंचा गई।' आखिरी में कंगना ने कहा, 'मसाबा ने प्रमोशन्स के लिए कपड़े स्टाइलिस्ट को भेजे थे, लेकिन जैसे ही उन्हें बताया गया कि यह राम जन्मभूमि के लिए है, उन्होंने स्टाइलिस्ट से कह दिया कि उनके कपड़े इस्तेमाल न किए जाएं। स्टाइलिस्ट एक बहुत ही अच्छी और सच्ची महिला हैं। उन्हें बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई और उन्होंने चुपचाप मुझसे कहा कि मैं मसाबा या उनके ब्रांड को टैग न करूं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने वह साड़ी अपनी पैसों से खरीद ली है, ताकि मुझे बुरा न लगे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।



❍ राम जन्मभूमि दर्शन में साड़ी देने से इनकार किया

# जियो स्टूडियोज ने जारी किया पब्लिक नोटिस

मुंबई। जियो स्टूडियोज ने फिल्म, मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए एक पब्लिक नोटिस जारी किया है। इसमें अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और फिल्ममेकर अली अब्बास जफर से जुड़े अपने कॉन्ट्रैक्ट अधिकारों को लेकर सावधानी बरतने को कहा गया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस 17 जनवरी 2026 को अतुल मोहन की कम्प्लीट सिनेमा मैगजीन में किंग स्टब्ब एंड कसिवा, एडवोकेट्स एंड अटॉर्नीज के जरिए प्रकाशित किया गया। नोटिस के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 से जियो स्टूडियोज, अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और अली अब्बास जफर के बीच हुए बाइंडिंग अरेंजमेंट के तहत जियो स्टूडियोज सभी तरह की मौजूदा और भविष्य की कमाई पर पहला और सर्वोच्च अधिकार रखता है। यह कमाई किसी भी रूप में हो सकती है और उन सभी कॉमर्शियल इंगेजमेंट से जुड़ी है, जिनका जिक्र नोटिस में किया गया है। खास बात यह है कि यह अधिकार सिर्फ जियो स्टूडियोज के साथ बने प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं है। यह अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और व्यक्तिगत रूप से अली अब्बास जफर से जुड़े सभी मीडिया और एंटरटेनमेंट कामों से होने वाली कमाई पर लागू होता है।

❍ अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी की कमाई पर सबसे पहले उनका अधिकार होगा

# पिता को याद कर छलक पड़े रानी मुखर्जी के आंसू

मुंबई। रानी मुखर्जी की फिल्म 'मदार्नी 3' थिएटर्स में 30 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। जब भी रानी मुखर्जी की कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है तो अपने पिता को याद कर वह भावुक हो जाती हैं। दैनिक भास्कर के बातचीत के दौरान अपने पिता राम मुखर्जी को याद कर उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। रानी कहती है कि कब भी कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है तो पिता की बहुत याद आती है। उन्हें इस बाद का बहुत ही मलाल है कि उनके पिता 'मदार्नी 3' नहीं देख पाएंगे। 30 साल के फिल्मी करियर में रानी मुखर्जी को पहली बार फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला था।

# सांप्रदायिक वजहों से नहीं मिला मिला : रहमान

एजेंसी

कंपोजर-सिंगर एआर रहमान ने अपने पहले दिए गए बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी इरादे को समझने में गलती हो जाती है। कॉन्ट्रोवर्सी के बाद रहमान का यह पहला बयान है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें सांप्रदायिक वजहों से पिछले 8 सालों से बॉलीवुड में काम नहीं दिया जा रहा है। वहीं, जावेद अख्तर के बाद अब कंगना रनोट भी एआर रहमान के बयान पर भड़क गई। एक्ट्रेस ने बताया- 'मैं चाहती थी कि एआर रहमान मेरी फिल्म इमरजेंसी का नरेशन करें, लेकिन उन्होंने ये कहते हुए इनकार कर दिया कि वो किसी प्रोपगेंडा फिल्म का हिस्सा नहीं बनना चाहते।' विवाद बढ़ने पर अब एआर रहमान ने सफाई देते हुए कहा है कि वो किसी को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। प्रिय एआर रहमान जी, फिल्म इंडस्ट्री में मुझे बहुत भेदभाव और पक्षपात का सामना करना पड़ता है, सिर्फ इसलिए क्योंकि मैं एक केसरिया पार्टी का समर्थन करती हूं। लेकिन मुझे यह कहना ही पड़ेगा कि आपसे ज्यादा पूर्वाग्रही और नफरत से भरा इंसान मैंने आज तक नहीं देखा। आगे कंगना ने लिखा, 'मैं बहुत चाहती थी कि आप मेरे डायरेक्शन की फिल्म इमरजेंसी के लिए नरेशन दें, लेकिन आपने मुझसे मिलने तक से मना कर दिया।

मुझे बताया गया कि आप किसी 'प्रोपेगेंडा फिल्म' का हिस्सा नहीं बनना चाहते। हैरानी की बात यह है कि इमरजेंसी को सभी आलोचकों ने एक बेहतरीन फिल्म बताया। यहां तक कि विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने भी मुझे चिट्ठियां भेजकर फिल्म की तारीफ की, खासतौर पर इसके संतुलित और संवेदनशील नजरिए के लिए। लेकिन आप अपनी नफरत में अंधे हो चुके हैं। मुझे आपके लिए अफसोस होता है।' इसके अलावा एक और पोस्ट कर कंगना रनोट ने लिखा है, 'एआर रहमान जी, हर किसी की जिंदगी में अपनी-अपनी लड़ाइयां होती हैं। फिल्मों की बात छोड़िए, बड़े-बड़े डिजाइनर, जो कभी मुझे अपना कलेक्शन लॉन्च करने के लिए 'फ्री फंड' जैसे कैंपेन में गिड़गिड़ाते थे।



❍ कंगना बोलीं–आप नफरत में अंधे हुए




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com